फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 147 प्रभात जयपुर, बुधवार 28 दिसम्बर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.






जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

Winter & Non State Actors | Father had two prized possessions. The first one was the Non Jar cricket bat & other one was the Slazenger tennis racquet. | Universal Language | Dark Therapy | Why is half the Universe missing? In addition to the ordinary form of matter, there exists antimatter



*ओरेगॉन की विलियमैट वैली में तितली की एक प्रजाति, ''फैन्डर्स ब्लू बटरफ्लाई'' का अध्ययन हुआ है। लम्बे समय पहले इस तितली को लुप्त मान लिया गया था। इसके संरक्षण की मुहिम इतनी सफल रही कि फैन्डर्स ब्लू बटरफ्लाई को अब एन्डेन्जर्ड स्पीशीज़ की लिस्ट से निकालकर थ्रैटन्ड वर्ग में रखने की तैयारी है। यह दूसरी बार है जब किसी कीट ने ऐसी रिकवरी की है। नॉर्थ वैस्ट ओरेगॉन के ऊँची भूमि (अपलैण्ड) के घास के मैदान और झाड़ीदार वनों वाले इकोसिस्टम में पाई जाने वाली यह तितली अन्य प्रजातियों की मदद पर निर्भर करती है, जिसमें इंसान के अलावा चीटियां और लूपिन पौधे की एक खास प्रजाति, किनकेड लूपिन भी शामिल है। संकटग्रस्त फैन्डर्स ब्लू बटरफ्लाई की नियति इस अकेले जंगली फूल से बंधी है। फैन्डर्स ब्लू की 1980 के दशक में दोबारा खोज हुई थी, उसके 50 साल पहले इसे लुप्त घोषित कर दिया गया था। वैज्ञानिकों को महसूस हुआ कि इसके निरंतर सरवाइवल के लिए बहुत कुछ करना होगा। इसी के तहत अब, इस अपलैंड प्रेयरी इकोसिस्टम को उसके मूल स्वरुप में लाने के लिए काम किया जा रहा है और पूरी वैली में किनकेड लूपिन पौधे उगाए जा रहे हैं। ये सदाबहार पुष्पी पादप भी बेहद दुर्लभ हैं। कभी इस घाटी में ये पौधे बड़ी तादाद में फलते-फूलते थे, क्योंकि स्थानीय कालापूया लोग अपनी संस्कृति के अनुरुप घास के मैदानों को जलाकर इन पौधों के विकास में योगदान देते थे। हालांकि, फूलों और तितलियों की संख्या बढ़ाने के लिए चरागाह जलाने की बात कुछ अजीब लग सकती है। लेकिन चरागाह नहीं जलाने से घास व झाड़ियां इतनी घनी हो जाती हैं कि लूपिन उगना कठिन हो जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार इन तितलियों का स्थानीय चींटियों से भी मजबूत रिश्ता होता है। तितली के लार्वा थोड़ी मात्रा में पराग पैदा करते हैं, जिसे चींटिया खाती हैं, बदले में चींटिया इन लार्वा की सुरक्षा करती हैं। संरक्षण कार्यक्रम के तहत अब यहाँ पर मूल निवासियों को भी लाकर बसाया जा रहा है, ताकि वे चारागाह जलाना पुनः शुरु करें, जिससे तितलियों को किनकेड लूपिन पौधा उपलब्ध हो और उनकी आबादी बढ़ सके। फैन्डर्स ब्लू बटरफ्लाई के बारे में सबसे पहले 1929 में पता लगा था, फिर कई दशकों के लिए यह लुप्त हो गई और जब दोबारा इनकी खोज हुई तब इनकी आबादी मात्र 3400 आंकी गई। क्योंकि इनके मुख्य आवास, विलियमैट वैली के अधिकांश भाग, खासकर लो लैण्ड प्रेयरी, में खेती होने लगी थी और ढलान पर मवेशी चरते थे। तथापि, संरक्षण कार्यक्रमों के बाद अब इन तितलियों की आबादी चार गुना हो गई है।*

# अधिकतर राज्यों में कांग्रेस के गठबंधन के साथी यात्रा से जुड़ रहे हैं

## पूर, उत्तर प्रदेश में ऐसा नहीं होगा, सभी गठबंधन के साथी कांग्रेस, राहुल व यात्रा से दूरी जता रहे हैं

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 27 दिसम्बर। राजनैतिक रूप से देश के सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण राज्य, जो लोकसभा में 80 सांसद भेजता है, को राहुल गांधी ने केवल प्रतीकात्मक महत्व ही दिया है। उनकी भारत जोड़ो यात्रा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में केवल दो रात गुजारेगी। और अब तक मिले स्पष्ट संकेत यह बताते हैं कि यात्रा में शामिल होने तथा उनके साथ चलने के लिये राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के जिन बड़े विपक्षी नेताओं को आमंत्रित किया है, वे संभवतः यात्रा में शामिल ही नहीं होंगे।

बसपा नेता मायावती ने यात्रा की सफलता के लिये अपनी शुभकामनाएं भेजी हैं लेकिन वे यात्रा में शामिल नहीं होंगी। आर.एल.डी. के जयंत चौधरी ने पत्रकारो से कहा है कि वे यात्रा में शामिल नहीं होंगे।

तथा समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी ऐसे संकेत दिये हैं कि वे यात्रा में शामिल नहीं होंगे। इसके बजाय, उन्होंने एक प्रतिप्रश्न दागा है: 2024 में भाजपा को हराने की स्थिति में है कौन?

- **मायावती ने यात्रा के लिये शुभकामनाएं भेजीं, पर, यात्रा से नहीं जुड़ेंगी।**
- **जयंत चौधरी ने साफ कहा, वे यात्रा में शामिल नहीं होंगे।**
- **अखिलेश यादव ने भी संकेत दिये कि, वे यात्रा में भाग नहीं लेंगे, साथ ही उन्होंने सवाल उठाया, ''यह जानने की जरूरत है कि, कौन 2024 में भाजपा को हराने की स्थिति में है।''**
- **भारत जोड़ो यात्रा दिल्ली में 3 जनवरी को कश्मीरी गेट तथा वैस्टर्न यू.पी. में दो रात बागपत व श्यामली से गुजारेगी।**
- **पांच जनवरी को यात्रा हरियाणा में प्रवेश करेगी, तथा ग्यारह जनवरी तक हरियाणा में रहेगी।**

उत्तर प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनावों में, कांग्रेस को मात्र 2.4 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि अखिलेश ने तो भी भाजपा का सामना गंभीरता से किया था, भले ही उनकी पार्टी चुनाव हार गई थी। जयन्त चौधरी, अखिलेश यादव के गठबंधन पार्टनर है। राहुल और उनकी कांग्रेस भी पूर्ववर्ती चुनाव में इस गठबंधन के पार्टनर रहे थे, लेकिन उसके बाद से ही, राहुल और अखिलेश के बीच में अनबन चल रही है।

प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश में ए.आई.सी.सी. की प्रभारी के रूप में उत्तर प्रदेश की यात्रा में राहुल गांधी का साथ देंगी।

भारत जोड़ो यात्रा 3 जनवरी को प्रातः 10 बजे दिल्ली के कश्मीरी गेट से रवाना होगी तथा दोपहर 12 बजे उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थिति ''लोनी'' नामक स्थान पर पहुँचेगी। यात्रा अपनी पहली रात बागपत में तथा दूसरी रात शामली में गुजारेगी। ये दोनों ही कस्बे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जाट-बैल्ट में स्थित है, जो चौधरी चरण सिंह एवं अजित सिंह का गढ़ रही है तथा अब अजित सिंह के पुत्र जयन्त चौधरी का गढ़ है।

5 जनवरी की रात को यात्रा हरियाणा बॉर्डर पर पहुँच जायेगी तथा 11 जनवरी की रात तक हरियाणा में रहेगी।

विभिन्न राज्यों में कांग्रेस के बहुत सारे मित्र दल एकता एवं समर्थन सहयोग का संदेश देने के लिए यात्रा में शामिल होते रहे हैं लेकिन उत्तर प्रदेश उन सब से हट कर है, क्योंकि यहाँ कांग्रेस के पूर्व मित्र दल की कांग्रेस और राहुल गांधी के साथ आने के लिये तैयार नहीं है।

# अमेरिका ने पिछले सौ साल में ऐसा ''स्नो स्टॉर्म'' नहीं देखा

## 1500 फ्लाइट्स रद्द की गई हैं, इस बर्फीले तूफान के कारण और साठ व्यक्तियों की इस ''स्नो स्टॉर्म'' के कारण मृत्यु हो चुकी है

**-सुकुमार-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 27 दिसम्बर । यह क्रिसमस का ऐसा सप्ताहांत था जिसे अमेरिका के लोग भूलना चाहेंगे। सदी के इस बर्फानी तूफान में 60 से अधिक लोग मर चुके हैं और हाड़ कंपाने वाली इस सर्दी में 1.7 मिलियन लोग बिजली से वंचित हैं। यात्राएं नहीं हो रही हैं क्योंकि 15 हजार फ्लाइट्स रद्द हो चुकी हैं। सबसे बुरी तरह प्रभावित पश्चिमी न्यूयॉर्क एक तरह से बर्फ में दब गया है।

सर्दी के इस तुफान में अब तक न्यूयॉर्क में ही 27 लोग मारे जा चुके हैं और पूरे अमेरिका में इससे कम से कम 60 लोगों की मौत हुई है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि बफलो के आसपास के क्षेत्र, जहां बर्फ गिरी है, मे से लोगों को निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं क्योंकि बचाव कार्य जारी है।

- **न्यूयॉर्क राज्य का बफलो शहर, इस तूफान का ''एपी सैन्टर'' हैं, तथा बफलो के एयरपोर्ट पर, सोमवार तक 1.25 मीटर बर्फ की चादर थी और शहर में सड़कें, कार, बसें, एम्बुलैंस, यहाँ तक कि, ''स्नो प्लाओ'' (बर्फ हटाने वाले विशेष वाहन) बर्फ से दबे पड़े हैं।**
- **रैस्क्यू टीमें, सड़क पर खड़े हजारों वाहनों के दरवाजे खोलकर देख रही हैं कि, कहीं कुछ और यात्री कारों में मृत दबे तो नहीं हैं।**
- **रोज़मर्रा की आवश्यकता का सामान बेचने वाली कुछ दुकानें कई दिनों बाद सोमवार को खुलीं तथा, लोग-बाग एक-एक मील तक बर्फ में पैदल चलकर सामान खरीदने आये।**
- **मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को इस क्षेत्र में नौ इंच और बर्फ गिरने की पूर्ण संभावना है।**

सड़क मार्ग कारों, बसों, एम्बूलैंसों और टी करने वाले ट्रकों से अटे हुए है। यहां तक बर्फ हटाने की गाड़ियां भी बर्फ में दब गई हैं जिसके कारण बर्फ को हटाकर फंसे हुए निवासियों तक मैडिकल केयर पहुंचाना जटिल हो रहा हैं।

न्यूयॉर्क में, खासतौर पर बफलो में प्रशासन ने बताया कि इमरजैंसी ऑफीशियल्स ने जैसे-जैसे एक-एक कार तक पहुंचना शुरू किया तो उन्हें वाहनों में और बर्फ में दबे लोगों के शव मिले।

कई दिनों से बन्द कुछ किराना स्टोर सोमवार को खुले और लोगों को इन दुकानों में आने के लिए एक मील से अधिक की दुर्गम यात्रा करनी पड़ी।

कड़ाके की ठण्ड के आदी इस क्षेत्र में तूफान की तीव्रता मौसमी कारकों के संयोजन से भी ऊपर रही।

नेशनल वैदर सर्विस ने कहा कि पश्चिमी न्यूयॉर्क के कुछ क्षेत्रों में मंगलवार को पूरे दिन 9 इंच से अधिक यानी कि करीब 23 सेन्टीमीटर्स बर्फ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नेज़ल करोना वैक्सीन की कीमत 325 रु.

नई दिल्ली, 27 दिसम्बर। करोना की पहली नेजल वैक्सीन को मंजूरी देने के चार दिन बाद केंद्र सरकार ने इसकी कीमत तय कर दी है। भारत बायोटेक की यह वैक्सीन सरकारी अस्पतालों में 325 रुपए में लगवाई जा सकेगी। वहीं प्राइवेट अस्पतालों में इसके लिए 800 रुपए चुकाने होंगे।

यह वैक्सीन जनवरी के आखिरी हफ्ते से उपलब्ध हो जाएगी।

केंद्र ने दुनिया की पहली नेजल करोना वैक्सीन को 23 दिसंबर को मंजूरी दी थी। कोवैक्सिन बनाने वाली हैदराबाद की भारत बायोटेक ने इसे वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के साथ मिलकर बनाया है। नाक से ली जाने वाली इस वैक्सीन को बूस्टर डोज के तौर पर लिया जा सकेगा। सरकार ने यह भी कहा है कि जिसने तीन डोज ले लिए हैं, उन्हें अतिरिक्त डोज की जरूरत नहीं है। सिर्फ 3 ही डोज पर्याप्त हैं।

- **लेकिन प्राइवेट अस्पतालों में नेज़ल वैक्सीन के लिए 800 रुपए चुकाने होंगे।**

# भाजपा का सिखों को लुभाने का प्रयास सफल नहीं हो रहा?

## शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने केन्द्रीय सरकार को पत्र लिखकर, प्र.मंत्री के 26 दिसम्बर के संबोधन पर नाराज़गी जताई है

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 27 दिसम्बर । क्या भाजपा और आर.एस.एस. सिख इतिहास को हिन्दुत्व का पुट देकर सिखों को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं?

सिखों की शीर्ष संस्था अकाल तख्त के साथ ही शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी (एस.जी.पी.सी.) तो कम से कम ऐसा ही सोचते प्रतीत होते हैं। इन दोनों ही संस्थाओं 26 दिसम्बर को ''वीर बाल दिवस'' कार्यक्रम पर दिए गए प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन पर नाराजगी जतायी है। यह कार्यक्रम गुरू गोविन्द सिंह के सात और नौ वर्षीय को पुत्रों क्रमशः साहिबजादा फतेह सिंह और साहिबजादा ज़ोरावर सिंह के बलिदान के स्मरण में आयोजित किया गया था। केन्द्र सरकार को लिखे एक पत्र में एस.जी.पी.सी. ने अनुरोध किया है कि ''साहिबजादा शहादत दिवस'' पारिभाषिक शब्दावली है, जिसका प्रयोग किया जाए। ''वीर बाल दिवस'' शब्दावली सिख इतिहास को विकृत करने के समान है और इतिहास के महानतम बलिदान की पवित्रता को नष्ट

- **शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एस.जी.पी.सी.) व अकाल तख्त की आपत्ति है कि, गुरु गोविन्द सिंह के पुत्रों की मृत्यु को सिख समुदाय ''साहिबज़ादा शहादत दिवस'' कहता है, पर, प्र.मंत्री ने अपने संबोधन में इसे ''वीर बाल दिवस'' बताया है।**
- **साहिबज़ादा फतेह सिंह व साहिबज़ादा जोरावर सिंह की शहादत सिखों के लिये ऐतिहासिक महत्व रखती है, अतः इस घटना को दो बच्चों का बलिदान कहना गैर वाज़िब है।**
- **अकाल तख्त व एस.जी.पी.सी. को शिकायत है कि, भाजपा, सिखों के इतिहास का भगवाकरण कर रही है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मैसुरु में प्र.मंत्री मोदी के भाई की कार का एक्सिडैंट

मैसुरु, 27 दिसम्बर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छोटे भाई प्रहलाद मोदी की कार का मंगलवार को मैसूर के पास एक्सीडेंट हो गया। यह हादसा कर्नाटक के मैसूर के पास हुआ। प्रहलाद मोदी अपनी पत्नी, बेटे, बहू और पोते के साथ मर्सिडीज बेंज कार में बांदीपुरा जा रहे थे तभी दोपहर करीब 2 बजे डिवाइडर से टकरा गई। बताया जा रहा है कि हादसे में उनके बेटे और बहू को गंभीर चोटें आई हैं और उनकी हालत गंभीर है। प्रह्लाद मोदी के पोते के पैर में फ्रैक्चर हुआ है। पुलिस ने जानकारी दी है कि उपचार के लिए सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- **प्रहलाद मोदी अपने परिवार के चार अन्य लोगों के साथ जा रहे थे, उनके पोते का पैर फ्रैक्चर हुआ।**

घटनास्थल से जो तस्वीरें सामने आई हैं उसमें कार के अगले हिस्से को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'राम नाम की लूट है, लूट सके तो लूट, नहीं तो प्यारे एक दिन प्राण जायेंगे छूट'

## सरकारी पैसे की लूट के लिये यह दोहा लागू नहीं होता, यहां तो जितना सब्र रखते हुए फाइल के पीछे लगे रहे कुछ दान दक्षिणा बांटते रहे तो, जरूर वारे न्यारे होंगे। उदाहरण के लिये तीन करोड़ रूपये की क्षर्तिपूर्ति की राशि दो साल में 103 करोड़ रू. हो गई

जयपुर, 27 दिसम्बर (का.सं.)। आशापुरा ट्रेड एंड ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा राजस्थान पथ परिवहन निगम के खिलाफ जयपुर के कॉमर्शियल कोर्ट में चल रहा मामला कुछ दिन पूर्व ही सुर्खियों में आया था क्योंकि उक्त मामले में इंटरेस्ट समेत 103 करोड़ रुपये का दावा प्रस्तुत किया गया था और यह दावा राशि नहीं देने की वजह से कॉमर्शियल कोर्ट ने बड़े ही विवादास्पद तरीके से राजस्थान पथ परिवहन निगम के ऑफिस और बिल्डिंग, परिवहन विभाग का लालकोठी स्थित ऑफिस और बिल्डिंग के साथ-साथ सिंधी कैम्प पर चल रहे केंद्रीय बस स्टैंड के कार्यालय और जमीन को अटैच किया था। उल्लेलखनीय है कि आशापुरा ट्रेड एंड ट्रांसपोर्ट कम्पनी ने केवल रोडवेज के खिलाफ दावा प्रस्तुत किया था, जो एक कॉर्पोरेशन है, और राज्य सरकार का विभाग नहीं है, परंतु कॉमर्शियल कोर्ट ने रोडवेज के साथ-साथ राज्य सरकार के परिवहन विभाग की संपत्ति को भी अटैच कर लिया। यहां पाठकों को यह भी बता दें कि सिंधी कैम्प राज्य सरकार से लीज पर ली गई संपत्ति है, यानी इस संपत्ति पर भी राज्य सरकार का ही मालिकाना हक है रोडवेज का नहीं। आशापुरा कम्पनी के रोडवेज के खिलाफ मामले में रोडवेज निगम के ही प्रबंध निदेशक ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होने वाली बैठक के मद्देनजर संयुक्त शासन सचिव परिवहन विभाग को उक्त मामले की तथ्यात्मक सूचना 7 नवम्बर 2022 को भिजवाई थी।

सूत्रों से प्राप्त इस तथ्यात्मक सूचना रिपोर्ट में कई चौकाने वाले तथ्य सामने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- **आशापुरा, ट्रेड एंड ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने राजस्थान पथ परिवहन निगम (रोड़वेज) से अक्टूबर 2014 में पार्सल सेवा चलाने का अनुबंध किया था।**
- **पर, मई 2016 में आशापुरा ट्रेड एंड ट्रांसपोर्ट कंपनी ने रोड़वेज को पत्र लिखकर कहा कि, इस अनुबंध से उसे तीन करोड़ रूपये का आर्थिक नुकसान हुआ है, जिसकी रोड़वेज भरपाई करे।**
- **यह मामला सुलझाने के लिये पूर्व निश्चित आर्बिट्रेटर के पास पहुंचा। रहस्यमय बात है, मार्च 2018 में आर्बिट्रेटर ने आशापुरा ट्रेड एंड ट्रांसपोर्ट के पक्ष में अवॉर्ड दिया कि, रोड़वेज क्षतिपूर्ति के रूप में आशापुरा ट्रांसपोर्ट को चौरासी करोड़ रूपये का भुगतान करे, और ब्याज समेत आशापुरा ट्रांसपोर्ट, 103 करोड़ रूपये पाने का हकदार हो गया।**

# वसंत विहार मार्केट पहुँचे राहुल गांधी

नई दिल्ली, 27 दिसम्बर। कांग्रेस नेता और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा ने दिल्ली आने के बाद ब्रेक ले लिया है। अब फिर से यह यात्रा कुछ दिनों के बाद शुरू होगी। यात्रा का अगला पड़ाव 3 जनवरी 2023 को लोनी बॉर्डर से शुरू होगा। इसके बाद भारत जोड़ो यात्रा उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी।

- **जैसे ही लोगों को इसका पता चला उनके चारों तरफ हजारों लोगों की भीड़ जमा हो गई।**

यात्रा पर ब्रेक लगने की वजह से इन दिनों राहुल गांधी दिल्ली में ही हैं। इस दौरान आज वो दिल्ली के बाजार में दिखें। दरअसल, राहुल गांधी आज मंगलवार को अचानक दिल्ली के वसंत विहार मार्केट पहुंच गए। राहुल गांधी को बाजार में अपने बीच पाकर लोग चौंक गए। जैसे-जैसे लोगों को पता लगा तो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**जैसे उल्लू को सूर्य नहीं दिखाई देता वैसे ही दुष्ट को सौजन्य दिखाई नहीं देता। –स्वामी भजनानंद**

# बड़ा सवाल कि क्या सोशल मीडिया से लोकतंत्र मजबूत होता है!

ऑनलाइन युग में लोकतंत्र के बारे में लोग सामान्यतः दो तरीकों से सोचते हैं। एक तो यह कि इंटरनेट तकनीक मुक्त करती है जिससे वैश्विक लोकतंत्र के नये युग की शुरूआत होती है। दूसरे ठीक इसके विपरीत सोचते हैं। उनका मानना है कि या तो आप सोशल मीडिया को अपना लो या लोकतंत्र को चुन लो। दोनों एक साथ नहीं हो सकते। दो तरह के सोच में कौन अधिक सही है यह सवाल बड़ा जटिल है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वर्तमान में दुनिया भर में लोकतंत्र कमजोर होता या सिकुड़ता नज़र आ रहा है। दुनिया के स्थिर माने जाने वाले लोकतंत्रों में भी अब उसकी मजबूती पर सवाल खड़े किए जाने लगे हैं। यह भी सच है कि मौजूदा दौर में सोशल मीडिया एक ताकतवर राजनैतिक औजार के रूप में स्थापित हो रहा है और राजनीतिक दल तथा राजनेता नये डिजिटल युग में सोशल मीडिया को अपनी सोच के समर्थकों को एकजुट करने तथा विरोधियों की छवि को नीचे गिराने के लिये धनघोर प्रचार का जरिया बना रहे हैं। अपने बढ़ते वर्चस्व के कारण सोशल मीडिया अकादमिक अध्ययन का विषय भी बन गया है। विश्वविद्यालयों में यह एक अलग विषय के रूप में स्थापित होने लगा है और छात्रों को इसके उपयोग के लिये शिक्षित और प्रशिक्षित भी किया जाने लगा है ताकि प्रचार तंत्र में छात्रों के लिये रोजगार के नये अवसर खुल सके। सोशल मीडिया ने बाज़ार के उत्पादों के ब्रांड लोकप्रिय बनाने और उनके लिये नये ग्राहक तैयार करने तथा कंपनियों के शेयर धारकों का विश्वास जीतने जरिया बनने के साथ ही अब राजनीति को भी बाज़ार के ब्रांड के रूप में तब्दील कर दिया है जिसमें विमर्श का स्थान आभासी युद्ध ने ले लिया है जिसके परिणाम भौतिक जगत में पाने की आशा बलवती हो रही है।

इन्हीं हालात और नये ज़माने में लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में उसकी भूमिका को समझने के लिए कुछ विशेषज्ञों ने हाल ही में सोशल मीडिया की एक महत्वपूर्ण एवं व्यवस्थित समीक्षा की है। इसके लिये उन्होंने जिन साक्ष्यों के संकेतकों को चुना वे थे:– जनता की राजनीतिक भागीदारी, उसका ज्ञान, विश्वास, समाचारों का एक्सपोज़र, राजनीतिक अभिव्यक्ति, नफरत, ध्रुवीकरण, लोकलुभावनवाद, नेटवर्क का ढांचा, और झूठी सूचनाएं। अध्यायनकर्ताओं ने दुनिया भर के देशों में विभिन्न डिजिटल सोशल प्लेटफार्मों पर हो चुके लगभग 500 अध्ययनों की समीक्षा की। इसमें उन्हें कुछ व्यापक पैटर्न उभरते हुए नज़र आये। उन्होंने पाया कि सोशल मीडिया के उपयोग से आम लोगों का राजनीतिक जुड़ाव तो बढ़ा है, लेकिन साथ ही उनमें ध्रुवीकरण और लोकतान्त्रिक संस्थानों में अविश्वास की प्रवत्ति में भी वृद्धि हुई है। इस अध्ययन में राजनैतिक लोकलुभावनवाद भी रेखांकित हुआ। विशेषज्ञों ने सोशल मीडिया और लोकतंत्र के बीच केवल सहसंबंधों को जानने की बजाय सोशल मीडिया और लोकतांत्रिक बेहतरी के संकेतकों के बीच कारणात्मक संबंधों का पता लगाने वाले अनुसंधान पर अधिक बल दिया। उनका मानना था कि सोशल मीडिया और लोकतंत्र के सहसंबंध दिलचस्प हो सकते हैं, लेकिन वे यह साबित नहीं कर सकते कि कोई परिणाम सोशल मीडिया के उपयोग के कारण ही निकला है। उदाहरण के लिए, मान लीजिए कि हम सोशल मीडिया के उपयोग और अभद्र भाषा के बीच एक संबंध पाते हैं तो वह इसलिये भी हो सकता है कि अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले लोग सोशल मीडिया का अधिक उपयोग करते हों, बजाय इसके कि सोशल मीडिया का उपयोग अभद्र भाषा को बढ़ावा देता है।

सोशल मीडिया और लोकतंत्र के बीच कारणात्मक संबंध कई तरीकों से स्थापित किये जा सकते हैं, जैसे बड़े पैमाने पर उनके उपयोगों से। एक सर्वे में प्रतिभागियों को फेसबुक के उपयोग को प्रति दिन 20 मिनट तक कम करने या एक महीने के लिए फेसबुक को पूरी तरह से बंद करने के लिए कहा गया तो पाया गया कि दोनों ही मामलों में लोकतंत्र की बेहतरी में वृद्धि हुई और फेसबुक से पूरी तरह दूरी होने से भी राजनीतिक ध्रुवीकरण में काफी कमी आई। हालांकि समीक्षकों ने जिन अध्ययन आलेखों पर विचार किया, उनमें इन दोनों में कारणात्मक की बजाय सह–संबंध जानने वाले अधिक थे, फिर भी उन्होंने उनमें सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों का मिश्रण पाया। जैसा कि अक्सर विज्ञान में होता है, पैटर्न जटिल होता है लेकिन फिर भी उसकी व्याख्या की जा सकती है। सकारात्मक पक्ष पर, उन्होंने पाया कि डिजिटल मीडिया का उपयोग राजनीतिक जुड़ाव को बढ़ाने और सूचनाओं के प्रसार में अधिक विविधता ला सकता है। उदाहरण के लिए, ताइवान में एक अध्ययन में पाया गया कि सूचना–उन्मुख सोशल मीडिया का उपयोग राजनीतिक भागीदारी में वृद्धि करता है। हालांकि, यह तभी सच था जब उपयोगकर्ता का मानना हो कि कोई व्यक्ति ऑनलाइन माध्यम से राजनीति को प्रभावित कर सकता है। दूसरी तरफ नकारात्मक पक्ष में समीक्षकों को ध्रुवीकरण और लोकलुभावनवाद को बढ़ावा देने और संस्थानों में विश्वास कम करने वाले जैसे प्रभावों के लिए काफी सबूत मिले। लोकतान्त्रिक संस्थानों और मीडिया पर लोगों के भरोसे पर पड़े प्रभाव विशेष रूप से स्पष्ट थे। महामारी के दौरान, डिजिटल मीडिया के उपयोग का कोविड से बचाव के टीके लगवाने में संकोच का संबंध भी नज़र आया।

**जन संचार की उच्च शिक्षा के संस्थान जो सोशल मीडिया को नये विषय के रूप में पढ़ाने लगे हैं उनके पीछे लोकतंत्र की बेहतरी की बजाय बाज़ार की ताकतों के हाथों में खेलने वाले वैतनिक डिजिटल मजदूर तैयार करने का ही ध्येय नज़र आता है।**

अध्ययन में राजनीतिक संदर्भों की श्रृंखला में सोशल मीडिया के उपयोग का एक और नकारात्मक परिणाम यह पाया गया कि विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों पर, राजनीतिक ध्रुवीकरण में बढ़ावा लाने वाला रुख प्रतीत होता है। पाया गया कि बढ़ा हुआ ध्रुवीकरण किसी के सोशल मीडिया में विरोधी दृष्टिकोण के संपर्क में आने से भी जुड़ा था। दूसरे शब्दों में, राजनीतिक विरोधियों के तर्क के संपर्क में आने से राजनीतिक विभाजन को पाटने में मदद नहीं मिली। बल्कि वह इसे बढ़ावा देता ही लगा। उन्हें सोशल मीडिया के उपयोग और लोकलुभावनवाद के बीच एक मजबूत और व्यापक संबंध भी मिला। अधिक सोशल मीडिया का उपयोग लोकलुभावन पार्टियों के लिए अधिक वोट दिलाता हुआ पाया गया। ऑस्ट्रिया, स्वीडन और ऑस्ट्रेलिया में किए गए अध्ययनों में सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग और ऑनलाइन दक्षिणपंथी कट्टरता के बीच संबंध के प्रमाण मिले। जर्मनी और रूस में किए गए अध्ययनों में कारणात्मक साक्ष्य मिले कि डिजिटल मीडिया जातीय घृणा वाले अपराधों की घटनाओं को बढ़ा सकता है। उदाहरण के लिए, जर्मनी के एक अध्ययन में पाया गया कि फेसबुक के स्थानीय तौर पर बाधित होने, जैसे तकनीकी दोषों या इंटरनेट रुकावटों, के कारणों ने उन स्थानों पर हिंसा को कम किया। अध्ययनकर्ताओं का अनुमान है कि सोशल मीडिया पर यदि शरणार्थी विरोधी भावना 50 प्रतिशत कम होती है तो उससे हिंसक घटनाएं 12.6 प्रतिशत घट जाती है। दुनिया भर में सोशल मीडिया के प्रभावों का वितरण रेखांकित करने लायक था। दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका और एशिया में उभरते लोकतंत्रों में राजनीतिक भागीदारी और सूचना खपत पर सकारात्मक प्रभाव सबसे अधिक स्पष्ट थे जबकि स्थापित लोकतंत्रों जैसे यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका में नकारात्मक प्रभाव अधिक स्पष्ट थे।

इसलिए, जहां से हमने शुरुआत की थी, वहां लौटें: क्या इंटरनेट एक मुक्तिदाता तकनीक है? या सोशल मीडिया लोकतंत्र के साथ असंगत हैं? अब तक इसका कोई सरल हां या ना में उत्तर नहीं हैं। हालांकि, इस बात के प्रमाण हैं कि डिजिटल मीडिया विश्व स्तर पर राजनीतिक व्यवहार को प्रभावित करता है। यह साक्ष्य लोकतंत्र पर सोशल मीडिया के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में चिंता का विषय जरूर है। फेसबुक, ट्विटर और अन्य सोशल मीडिया अपने आप में लोकतंत्र के साथ असंगत नहीं हैं। हालांकि, लोकतांत्रिक बेहतरी के लिए आवश्यक है कि वैज्ञानिक सोशल मीडिया के सामाजिक प्रभावों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें। उन प्रभावों का मूल्यांकन और नियमन मतदाताओं और निर्वाचित नीति निर्माताओं द्वारा किया जाना समीचीन है। मगर ऐसा नहीं हो रहा है। ऐसे अध्ययनों का उपयोग अधिकतर बाज़ार की शक्तियों द्वारा किया जाता है। कुछ देशों में इस दिशा में छोटे लेकिन महत्वपूर्ण कदम जरूर दिख रहे हैं। यूरोपीय संघ का डिजिटल सेवा अधिनियम इनमें से एक है। दूसरा अमेरिका में प्रस्तावित प्लेटफ़ॉर्म जवाबदेही और पारदर्शिता अधिनियम है, हालांकि इसका भाग्य अभी अनिश्चित है। भारत में हमारे उच्च शिक्षा के तथा अन्य अकादमिक संस्थानों में भी ऐसे अध्ययन होते हैं मगर वे गंभीर अध्ययन नहीं कहे जा सकते। वे अधिकतर शोधकर्ता की नियोजन में योग्यता के लिये जरूरी दस्तावेजों की संख्या बढ़ाने वाले ही अधिक होते हैं। जन संचार की उच्च शिक्षा के संस्थान जो सोशल मीडिया को नये विषय के रूप में पढ़ाने लगे हैं उनके पीछे लोकतंत्र की बेहतरी की बजाय बाज़ार की ताकतों के हाथों में खेलने वाले वैतनिक डिजिटल मजदूर तैयार करने का ही ध्येय नज़र आता है। वैसे लोकतंत्र में जन–भागीदारी का महत्व व्यापक रूप से जाना जाता है और और सर्वत्र इसे स्वीकार भी किया जाता है। इसके बावजूद हमें लोकतान्त्रिक व्यवस्था में नागरिकों की समुचित भागीदारी देखने को नहीं मिलती। हमारे देश में, सरकार के कई स्तरों पर नागरिकों की भागीदारी की व्यवस्थाएं हैं। फिर भी हम पाते हैं कि एक तरफ भागीदारी तो सभी चाहते हैं परंतु दूसरी तरफ वास्तविक भागीदारी राजनीति के धुरंधर कुछ चतुर सुजान ही कर पाते हैं। उनकी यह भागीदारी सर्वजनहिताय न होकर उनकी अपनी और उनके अपनों की हो कर रह जाती है। वे नई डिजिटल तकनीक के सर्वव्यापी हो रहे माध्यम सोशल मीडिया का उपयोग अपना प्रभाव जमाने के लिये करते हैं। और रोजगार पाने के लिये डिजिटल तकनीक के उपयोग का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवा उनके प्रयासों को परवान चढ़ने के लिये अपनी सेवाएं देने को तत्पर रहते हों तो क्या आश्चर्य है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# सर्दी और बुखार होने पर सता रहा है करोना का डर

चीन में एक बार फिर कोरोना ने कोहराम मचा दिया है। इससे समूचा विश्व चिंतित हो उठा है। चीन में कोरोना से मरने वालों की तादाद बढ़ती जा रही है। भारत ने भी सुरक्षात्मक कदम उठाने शुरू कर दिए है।

सरकार ने एडवाइजरी जारी कर मास्क के साथ दो गज की दूरी की सलाह दे दी है। हालाँकि भारत में बड़ी संख्या में वैक्सीन लगने के बाद खतरा कम हो गया है फिर भी सावधानी जरूरी है। मौसम में बदलाव के कारण सर्दी, खांसी, जुकाम व बुखार जैसी बीमारियां लोगों को परेशान कर रही हैं। वायरल बुखार की समस्या होने पर कुछ सावधानियों को बरता जाए तो यह चार से छह दिन में अपने आप ठीक हो जाएगा, लेकिन इन–दिनों कोरोना का भी लोगों को डर सताने लगा है। मौसम में हो रहे बदलाव के कारण कफ, कोल्ड, फीवर, गले में खराश, खांसी, सिर में दर्द आदि समस्याएं होना एक आम बात है, लेकिन यह वायरल समस्याएं कोरोना वायरस संक्रमण के लक्षण नहीं हैं।

देश इस समय सर्दी और शीत लहर की चपेट में है। घर–घर में सर्दी और जुकाम का प्रकोप देखा जा सकता है। ऐसे में लोगों के समक्ष यह दुविधा उत्पन्न हो जाती है की आखिर करोना को कैसे पहचाने। कुछ लोग सर्दी के साथ बुखार की चपेट में आने से घबराये हुए है।

कोरोना वायरस की सबसे खतरनाक बात ये है कि इसके लक्षण आम सर्दी–जुकाम या कॉमन एलर्जी से इतने मिलते–जुलते है। विशेषज्ञों के अनुसार कॉमन एलर्जी में इंसान को खांसी जुकाम जरूर होते हैं, लेकिन उसे बुखार नहीं चढ़ता जबकि कोरोना पीड़ित में तेज बुखार की शिकायत देखी गई है। दूसरा, कोरोना वायरस के रोगियों में बदन दर्द और जोड़ों में दर्द की समस्या देखी गई है। जबकि आम सर्दी–जुकाम में बदन टूटा–टूटा रहता है, लेकिन उसमें तेज दर्द की शिकायत नहीं होती है।

कोरोना संकट में प्रकृति और ऋषि मुनियों द्वारा अपनायी जाने वाली देशी चिकित्सा ने हमारा ध्यान खिंचा है। कोरोना में सर्दी, जुकाम, खांसी, गले में खराश आम बात है। दादी नानी



बाल मुकुन्द ओझा

के नुस्खों ने इनका उपचार भी हमें बताया है। ये नुस्खे इतने ज्यादा कारगर हैं कि डॉक्टर और मेडिकल साइंस भी उन्हें मानने से मना नहीं करते हैं। हल्दी वाला दूध हो या नमक मिले गरम पानी के गरारे कोरोना के जुकाम और गले दर्द में दोनों ही कारगर इलाज है। अदरक को पानी में उबालकर और फिर शहद के साथ खाया जाए तो यह कफ, गले में खराश और गला खराब

- **हल्दी वाला दूध हो या नमक मिले गरम पानी के गरारे करोना के जुकाम और गले दर्द में दोनों ही कारगर इलाज है**

होने की दिक्कत से छुटकारा दिला सकती है।

अदरक को शहद के साथ खाने से गले में होने वाली सूजन और जलन में भी राहत मिलती है। इसी भांति अजवायन, लौंग, काली मिर्च, तुलसी, गिलोय, मुलेठीयुक्त पान, शहद, दालचीनी आदि के नुस्खे भी संजीवनी साबित हुए है। उल्टा लेटकर ऑक्सीजन प्राप्त करने के नुस्खे को एलोपेथी की मान्यता मिली है। इन नुस्खों से लाखो लोग कोरोना के प्रारंभिक लक्षणों से बाहर निकलने में कामयाब हुए है, इनमें से ज्यादातर नुस्खों का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। सचमुच प्रकृति, पर्यावरण और आयुर्वेद का अद्भुत संगम है। मानव जीवन के लिए तीनों कारकों के एकाकार होने की आज के समय महती जरूरत है। इससे प्रकृति को जहाँ साफ–सुथरा रखा जा सकता है वहां पर्यावरण भी हमारे अनुकूल होगा जिससे आयुर्वेद को भी संरक्षित रखा जा सकेगा। जो मनुष्य प्रकृति के जितना अधिक अनुकूल है। स्वास्थ्य की दृष्टि से वह व्यक्ति उतना ही अधिक निरापद एवं व्याधियों के आक्रमण से दूर होगा। मौजूदा वक्त में विभिन्न देशों के छात्र आयुर्वेद और पारंपरिक दवाओं का अध्ययन करने के लिए भारत आ रहे हैं। यह दुनिया भर में लोक कल्याण के बारे में सोचने का सबसे माकूल वक्त है।

आयुर्वेद पूरे शरीर को सुरक्षित रखता है। आयुर्वेद भारत की संस्कृति और प्रकृति से जुड़ा हुआ है। आयुर्वेद और योग भारत द्वारा पूरे मानव समाज और पृथ्वी को दिया अनमोल उपहार है।

**–बाल मुकुन्द ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

# देश में सरसों उत्पादन में राजस्थान अग्रणी प्रदेश

**वैर,** (निसं) । राजस्थान किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेन्द्र चौधरी जटवलाई ने राजस्थान को सरसों प्रदेश घोषित करने की मांग की है तथा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि भारत देश में एक तरफ गेहूं व चावल से गोदाम भरे हुए हैं तो दूसरी ओर

- **गत वर्ष अकेले राजस्थान में लगभग 50 लाख टन सरसों का उत्पादन हुआ**
- **भारत में करीब 70 प्रतिशत खाद्य तेल दूसरे देशों से आयात किया जाता है**

तिलहन के मामले में हम दूसरे देशों पर निर्भर हैं। भारत देश में करीब 70 प्रतिशत खाद्य तेल दूसरे देशों से आयात किया जाता है। जिसमें पाम ऑयल सबसे अधिक होता है। पाम ऑयल के सबसे बड़े उत्पादक इंडोनेशिया और मलेशिया हैं। खाद्य तेलों पर भारत देश



**किसान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेन्द्र चौधरी**

का सालाना करीब 70,000 करोड़ रुपये खर्च हो रहा है। यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। इसलिए सरकार सरसों की खेती को बढ़ ावा देवे। खाद्य तेलों में सरसों का करीब 28 प्रतिशत का योगदान है। यह सोयाबीन के बाद दूसरी सबसे महत्वपूर्ण तिलहनी फसल है। पिछले साल भारत में लगभग 111 लाख टन और अकेले राजस्थान में लगभग 50 लाख टन सरसों का उत्पादन हुआ था। देश में राजस्थान सरसों उत्पादन में अग्रणी राज्य है। राजस्थान को सरसों प्रदेश घोषित करने से सरसों उत्पादन में बढ़ ोतरी होगी, किसानों की आय बढ़ े गी, लोगों को रोजगार मिलेंगे और खाद्य तेलों पर जो भारत सरकार का खर्चा होता है उसमें कमी आएगी ।

# अब सैलानी ले सकेंगे हेलीकॉप्टर जॉयराइड का आनंद

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। देशी–विदेशी सैलानी अब जैसलमेर में हेलीकॉप्टर जॉयराइड का लुत्फ उठा सकेंगे। राजस्थान पर्यटन विकास निगम के तत्वावधान में एवन कम्पनी के माध्यम से सम ढाणी, जैसलमेर से प्रायोगिक तौर पर इस सेवा की शुरुआत की गई है।

अल्पसंख्यक मंत्री सालेह मोहम्मद,विधायक रुपाराम धनदे ने हरी झण्डी दिखाकर एवं फीता

- **सम से अल्पसंख्यक मंत्री सालेह मोहम्मद, विधायक रुपाराम धनदे ने की सेवा की शुरूआत**

काटकर इस अभिनव पहल का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भंवरसिंह नाथावत, उपखंड अधिकारी जगदीश आशिया, पुलिस उपअधीक्षक प्रियंका कुमावत, नगरपरिषद सभापति हरिवल्लभ कल्ला, पूर्व प्रधान अमरदीन फकीर जैसलमेर में



**जैसलमेर से हेलीकॉप्टर जॉयराइड की शुरुआत के समय हेलीकॉप्टर में सवार मंत्री सालेह मोहम्मद, जैसलमेर विधायक रुपाराम धनदे, नगर परिषद् सभापति हरिवल्लभ कल्ला, पूर्व प्रधान अमरदीन फकीर।**


आयोजित समारोह में मौजूद रहे। जबकि पर्यटन राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा एवं आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेन्द्र राठौड़ जयपुर में मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में जुड़े। पर्यटन विभाग के अधिकारियों समेत जैसलमेर जिले के अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

मंत्री सालेह मोहम्मद ने इस अवसर पर कहा कि जैसलमेर की पर्यटन क्षेत्र में अलग पहचान है एवं पर्यटकों में जैसलमेर को लेकर अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। उन्होंने जैसलमेर से इस सेवा को शुरु किए जाने पर राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

# शिल्पग्राम उत्सव: मुक्ताकाशी रंगमंच पर नृत्यांगना वनश्री राव ने प्रस्तुति दी

**उदयपुर,** (कासं)। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की ओर से आयोजित दस दिवसीय शिल्पग्राम उत्सव में मंगलवार का दिन हाट बाजार में खरीददारी के नाम रहा तथा शहर के लोगों ने जमकर कलात्मक उत्पाद खरीदे। शाम को मुक्ताकाशी रंगमंच पर देश की जानी मानी नृत्यांगना वनश्री राव व उनके साथियों ने तीन क्लासिकल डांस फॉर्म्स के मिश्रण से पौराणिक ग्रंथों के प्रसंगों को मनोरम अंदाज में दर्शाया। बुधवार को आठवें दिन 'स्वरांजलि' में पद्मभूषण पं. विश्व मोहन भट्ट तथा पद्मश्री अनवर खां लोक और शास्त्रीय सगीत का फ्यूज़न प्रस्तुत करेंगे।

मेला प्रारम्भ होने से देर शाम तक लोग हाट बाजार में खरीददारी करने में मशगूल रहे। शिल्पग्राम परिसर के सभी क्राफ्ट सैगमेन्ट्स लोगों की भीड़ से अटे रहे। शिल्पग्राम में प्रवेश करते ही लोगों ने सीधे हाट बाजार का रूख किया। हाट बाजार में बहुरूपिया कलाकारों ने आगंतुकों का मनोरंजन किया वहीं बंजारा रंगमंच पर कलाकारों की प्रस्तुतियों को लोगों ने निहारा। दिन में बन्नी झोंपड़ी के समीप लंगा कलाकारों के गीतों को सुनने के लिये लोगों की खासी भीड़ रही।



**शिल्पग्राम महोत्सव में मुक्ताकाशी रंगमंच पर नृत्यांगना वनश्री राव व उनके साथियों ने मनोरम अंदाज में प्रस्तुति दी ।**

शाम को मुक्ताकाशी रंगमंच पर शास्त्रीय नृत्य क्षेत्र में चार दशक से कार्य करने वाली वनश्री राव की प्रस्तुति की शुरूआत 'त्रयंभकम' से हुई जो त्रयंभकम भगवान शिव की त्रिगुणात्मक प्रकृति का एक गीत है। यह प्रस्तुति शिव को इन तीन अवस्थाओं में भक्ति में परिणत होने का वर्णन करती नजर आई। जिसमें शिव और पार्वती अर्जुन को परखने के लिए शिकारी और शिकारी के रूप में आते हैं, इससे पहले कि उन्हें पाशुपत अस्त्र–परम हथियार दिया जाए।

अर्जुन और प्रच्छन्न शिव ने एक ही सूअर को गोली मार दी, और एक

- **शिल्पग्राम उत्सव में मंगलवार का दिन हाट बाजार में खरीददारी के नाम रहा**
- **हाट बाजार में बहुरूपिया कलाकारों ने आगंतुकों का मनोरंजन किया**

भयानक लड़ाई में शामिल हो गए कि कौन खेल जीतता है, जिसके दौरान अर्जुन को पता चलता है कि वह स्वयं भगवान के साथ युद्ध में है।

इसके बाद 'अभिमन्यु वध' में जहां अभिनय पक्ष प्रबल बन सका वहीं नर्तकों ने संगीत व लयकारी के साथ बेहतरीन तारतम्य बनाते हुए प्रस्तुति को सशक्त बनाया। प्रस्तुति में कौरवों और पांडवों के बीच कुरुक्षेत्र युद्ध के समापन में चक्रव्यूह में पकडे जाने पर अर्जुन के पुत्र अभिमन्यु कौरवों द्वारा एक कुटिल साजिश में मारे जाते हैं तथा द्रोणाचार्य द्वारा एक योद्धा की नैतिकता के विरुद्ध युद्ध में ऐसी चालों में उनके गिरने पर विलाप करते करते हैं।

# वरिष्ठ अध्यापक ग्रुप-सी परीक्षा आयोजित

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2022 की ग्रुप–सी

- **राजस्थान लोक सेवा आयोग ने पंजाबी विषय की परीक्षा मंगलवार को आयोजित की**

पंजाबी विषय की परीक्षा जोधपुर शहर के 1 परीक्षा केन्द्र पर मंगलवार प्रात: 9 बजे से 11.30 बजे तकआयोजित की गई।

परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर(शहर–प्रथम) डॉ. भास्कर विश्नोई ने बताया कि इसमें जोधपुर जिला मुख्यालय पर ग्रुप – सी में पंजाबी विषय परीक्षा में कुल 100 अभ्यर्थियों में से 21 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 79 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस परीक्षा के निष्पक्ष एवं सफल सम्पादन के लिए एक सतर्कता दल का गठन किया गया, जिसमें वरिष्ठ आरएएस अधिकारी को सतर्कता दल का प्रभारी एवं आरपीएस अधिकारी, राजस्थान शिक्षा सेवा अधिकारी को सतर्कता दल का सदस्य बनाया गया। पेपर वितरण के लिए एक उप समन्वयक नियुक्त किया गया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 28 दिसम्बर, 2022**

पौष मास, शुक्ल पक्ष, षष्ठि तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, शतभिक्षा नक्षत्र दिन 12:26 तक, सिद्धि योग दिन 2:20 तक, कौलव करण प्रात: 9:49 तक, चन्द्रमा गुरूवार प्रात: 5:53 से मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–धनु, चन्द्रमा–कुम्भ, मंगल–वृष, बुध–मकर, गुरू–मीन, शुक्र–धनु, शनि–मकर, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज रवियोग दिन 12:46 तक है। कुमार योग दिन 12:46 से रात्रि 8:45 तक है। आज अनुरूपा छठ, पंचक है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:56 तक, शुभ 11:11 से 12:28 तक, चर 3:03 से 4:20 तक, लाभ 4:20 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:19, सूर्यास्त 5:37

### मेष




घर–परिवार के खर्चों पर नियंत्रण रखने का प्रयास करें। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

### वृष



आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। सम्भावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### मिथुन



व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव–प्रभुत्व बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

### कर्क



नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

### सिंह



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### कन्या



व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सोच–विचार होगा। स्वास्थ्य परामर्श मिलेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### तुला



व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### वृश्चिक




व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

### धनु




घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मकर




व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

### कुंभ



व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### मीन



अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

# राशन डीलर्स ने 30 हजार रु. प्रतिमाह मानदेय व दुकानों के लिए सरकारी जमीन मांगी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में राशन की दुकानों पर गेहूं वितरण करने वाले 27 हजार राशन डीलरों का महासम्मेलन मंगलवार को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पारस जैन व संरक्षक सत्यनारायण रिणवा ने की। खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास भी इस सम्मेलन में पहुंचे, जहां उन्होंने 20 सदस्यीय कमेटी बनाकर तमाम जायज मांगों का समाधान करने का आश्वासन मंच से दिया। साथ ही मुख्यमंत्री से बात करके राशन डीलरों का मानदेय तय करवाने का वादा भी किया।

- **मुख्यमंत्री से बात कर तय कराएंगे राशन डीलरों का मानदेय : खाचरियावास**



प्रदेशभर से जयपुर पहुंचे राशन डीलरों ने विद्याधर नगर स्टेडियम में महासम्मेलन के जरिये शक्ति-प्रदर्शन किया।

पारस जैन ने बताया कि विद्याधर नगर स्टेडियम में जुटे हजारों राशन डीलर्स ने राज्य सरकार से 30 हजार रुपये प्रतिमाह का मानदेय मांगा। इसके अलावा संविदाकर्मियों के नियमितिकरण, पोस मशीन के नाम पर 15.21 रुपए की कटौती बन्द करने, खाद्य सामग्री पर 2 प्रतिशत छीजत देने, राशन डीलरों से गैर पीडीएसए कार्य नहीं करवाने, राशन की दुकानों के लिए सरकारी जमीन व निर्माण सुविधा देने की मांग उठाई। इसके साथ ही सरकार ने जो 5 हजार नई दुकान खोलने की घोषणा पिछले बजट में की थी, उस पर भी रोक लगाने का मुद्दा उठाया।

सम्मेलन में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने प्रदेशभर से आए हजारों राशन डीलरों को कहा कि कोई भी राशन डीलर ऑनलाइन होने के बाद 1 किलो राशन भी इधर-उधर नहीं कर सकता, अब आपकी जिम्मेदारी बनती है किसी भी इंस्पेक्टर या कर्मचारी के दबाव में आए बिना काम करें, यदि कोई आपको तंग करता है तो सीधे मुझे शिकायत करें। खाचरियावास ने कहा कि तमिलनाडु की तर्ज पर प्रदेश के राशन डीलरों का मानदेय तय करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से बात की जाएगी। खाचरियावास ने कहा कि राशन डीलर समाज की अहम कड़ी है, ऐसे में इनकी समस्याओं का समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है।

खाचरियावास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 80 करोड़ लोगों का प्रधानमंत्री की ओर से दिया जाने वाला गेहूं बंद कर दिया है, खाचरियावास ने कहा 1 व 2 रुपये किलो में जो गेहूं मिलता था, अब केंद्र ने यह कह दिया कि फ्री में देंगे और जो प्रति व्यक्ति 10 किलो गेहूं मिल पहले मिल रहा था उसे अब केंद्र द्वारा सिर्फ 5 किलो कर दिया है, यह सीधे-सीधे देश की 80 करोड़ जनता के साथ धोखा है। खाचरियावास ने कहा कि राशन डीलर की सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

# अस्पतालों में मॉक ड्रिल कर करोना की तैयारियां परखीं

## कई स्थानों पर मॉक ड्रिल के नाम पर हुई खानापूर्ति



सवाई मानसिंह अस्पताल में मॉकड्रिल को लेकर पहले से तैयारियां दिखी। अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ( सफेद कोट ) ने मंगलवार को ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया।

**जयपुर,**(कासं)। चीन सहित अन्य देशों में कोविड के नए वेरिएन्ट को देखते हुए चिकित्सा विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। इसके तहत भविष्य में कोविड केस बढने की आशंका को देखते हुए मंगलवार को राज्य के सभी निजी और सरकारी अस्पतालों में करोना से निपटने की तैयारियों की मॉक ड्रिल की गई। इस दौरान अधिकांश स्थानों पर यह मॉक ड्रिल खानापूर्ति ही नजर आई। कई जगह तो बिना चिकित्सकों के ही उपकरणों की जांच कर कार्रवाई पूरी कर ली गई।

- **जयपुर जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने आरयूएचएस अस्पताल पहुंचकर वार्डों का दौरा किया।**

राजधानी जयपुर में कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित दोपहर में आरयूएचएस अस्पताल पहुंचे और वार्डों का दौरा किया। उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट को देखा और दवाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान आरयूएचएस में एक मरीज को व्हील चेयर पर लाया गया। मरीज को सांस लेने में परेशानी हो रही थी। जिसे वार्ड में भर्ती होने व आक्सीजन मिलने में देरी होने से परेशानी का सामना करना पड़ा। आरयूएचएस में 1200 बेड्स है और ये सभी ऑक्सीजन सपोर्ट के है। इसमें से 301 आईसीयू-वेंटिलेटर है। आरयूएचएस में 1200 बैड्स की कैपेसिटी को 1800 तक ले जा सकते है। इसके लिए अस्पताल प्रशासन के पास पर्याप्त संसाधन है। यहां 5 ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट और 2 लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन कंटेनर है। इसके अलावा हर आईसीयू वार्ड में तमाम दवाईयां और इंजेक्शन उपलब्ध है, जिससे मरीज के परिजन को दवाई के लिए कहीं आना-जाना न पड़े। इसके अलावा 35 से ज्यादा डॉक्टर्स कोविड मरीजों को ट्रीटमेंट देने के लिए हर समय तैयार है।

वहीं सवाई मानसिंह अस्पताल में भी मॉकड्रिल को लेकर पहले से तैयारियां दिखी। अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने दोपहर करीब तीन बजे अस्पताल का राउंड लेकर व्यवस्थाओं की जांच की। इस दौरान उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट में सिलेंडरों के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा वार्डों का दौरा कर व्यवस्थाएं जांची गई। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी रविकांत ने बताया कि एसएमएस मेडिकल कॉलेज एवं सम्बद्ध अस्पतालों सहित प्रदेश के सभी चिकित्सा संस्थानों में आयोजित मॉकड्रिल में ओपीडी एवं आईपीडी की व्यवस्थाओं, ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट्स व स्टोरेज टैंक, वेंटीलेटर्स एवं ऑक्सीजन कंसनट्रेटर्स की क्रियाशीलता, आईसीयू और साधारण बैड्स की उपलब्धता, दवा वितरण केन्द्रों में उपलब्ध दवा स्टॉक, चिकित्सकीय एवं नर्सिंग स्टाफ की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का चिकित्सा और प्रशासनिक अधिकारियों ने जायजा लिया। चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग के शासन सचिव डॉ. पृथ्वी ने बताया कि मॉकड्रिल के दौरान सभी उपकरणों को सुचारू रखवाने, आवश्यकता पड़ने पर आईसोलेशन वार्डों की व्यवस्था रखने, कोविड सैम्पल सेन्टर्स को सक्रिय रखने सहित विभिन्न आवश्यक सेवाओं का निरीक्षण किया गया।

# प्रदेश में केवल एक ही नया करोना संक्रमित मिला मंगलवार को

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में मंगलवार को करोना संक्रमण को लेकर काफी राहत की खबर है। इस दौरान राज्य में केवल एक ही नया संक्रमित मिला है। वहीं इस बीच करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में मंगलवार को उदयपुर में एक नया संक्रमित मिला है। इससे पहले सोमवार को 3 रोगी पाए गए थे। इधर आज राजधानी जयपुर सहित 32 जिलों में संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है। उधर राज्य में करोना को लेकर चिकित्सा विभाग सतर्क हो गया है। इसके चलते प्रदेश भर में जांचे बढ़ा दी गई है। मंगलवार को राज्य में 7210 जांचे की गई है।

- **जयपुर सहित 32 जिलों में कोई भी नया मामला सामने नहीं आया।**

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 1 मरीज ही ठीक हुआ है। इसके साथ ही एक्टिव केस की संख्या 83 पर ही बनी हुई है। इनमें जयपुर में 70 लोगों का इलाज चल रहा हैं। प्रदेश में मंगलवार को भी करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9653 लोगों की मौत हो चुकी है।

# डोडा-पोस्त तस्कर को दस साल का कारावास

**जयपुर।** एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत ने डोडा-पोस्त की तस्करी करने वाले अभियुक्त सम्मा सिंह को दस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने पंजाब निवासी इस अभियुक्त पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि ऐसे कृत्यों से समाज व युवा पीढ़ी पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है और युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक उमाशंकर खंडेलवाल ने अदालत को बताया कि 27 जून 2019 को जीआरपी और आरपीएफ ने जयपुर रेलवे स्टेशन पर संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया था। इस दौरान अभियुक्त चार प्लास्टिक के कट्टों के साथ मिला। उसका आचरण संदिग्ध होने पर पुलिस ने उससे पूछताछ की। इस पर अभियुक्त ने कट्टों में घरेलू सामान होना बताया। जब पुलिस ने कट्टों को खोलकर देखा तो उसमें कुल 64 किलोग्राम डोडा-पोस्त का चूरा छिपाया हुआ मिला। पुलिस ने जब इसके लाइसेंस के बारे में पूछा तो अभियुक्त ने लाइसेंस होने से इनकार कर दिया।

# अधिकरण के एकपक्षीय आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने स्कूल व्याख्याता के तबादले के मामले में सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने प्रमुख शिक्षा सचिव और माध्यमिक शिक्षा निदेशक सहित अन्य से जवाब तलब किया है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश डॉ. महिपाल सिंह की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने स्कूल व्याख्याता याचिकाकर्ता का भीलवाड़ा के झाडोल से सीकर के पलसाना में गत दस अक्टूबर को तबादला कर दिया। वहीं पलसाना की स्कूल में कार्यरत अन्य व्याख्याता अरविन्द कुमार को झाडोल में ट्रांसफर कर दिया। आदेश की पालना में याचिकाकर्ता ने 13 अक्टूबर को पलसाना स्कूल में कार्यग्रहण कर लिया। याचिका में कहा गया कि कार्यग्रहण करने के करीब डेढ़ माह बाद अरविन्द कुमार ने अपने तबादला आदेश को राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण में चुनौती दी। इसका प्रारंभिक स्तर पर ही निस्तारण करते हुए अधिकरण ने उसके तबादले पर रोक लगा दी और उसे विभाग में अभ्यावेदन पेश करने को कहा। याचिका में कहा गया कि दूसरे व्याख्याता ने याचिकाकर्ता के पद ग्रहण करने के डेढ़ माह बाद अधिकरण में अपील पेश की थी। इस अपील में याचिकाकर्ता को भी पक्षकार बनाया गया था, लेकिन अधिकरण ने याचिकाकर्ता का पक्ष नहीं सुना और प्रारंभिक स्तर पर ही उसकी अपील का निस्तारण कर दिया। इस पर सुनवाई कर एकलपीठ ने अधिकरण के आदेश पर रोक लगाते हुए अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# फॉल्ट के कारण बंद सूरतगढ़ थर्मल की दो इकाईयों में उत्पादन शुरू

**जयपुर।** राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के तकनीकी फाल्ट के कारण बन्द इकाइयों में से 660 मेगावाट क्षमता की सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल की इकाई सं. 8 से 27 दिसम्बर को पूर्वान्ह 4.14 बजे से तथा 250 मेगावाट क्षमता की सूरतगढ़ थर्मल की इकाई सं. 4 से 26 दिसम्बर को अपरान्ह 2.57 बजे से विद्युत उत्पादन प्रारम्भ हो गया है।

राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक आर. के. शर्मा ने बताया कि श्रीगंगानगर जिले में स्थित सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल थर्मल विद्युत गृह की 660 मेगावाट क्षमता की इकाई संख्या 8 बॉयलर ट्यूब लीकेज के कारण दिनांक 21 दिसम्बर को 11 बजे से बन्द हो गई थी। तत्पश्चात् इकाई के बॉयलर को लाइटअप कर सभी पैरामीटर सही पाये जाने पर 27 दिसम्बर को पूर्वान्ह 4.14 बजे सिंक्रोनाइज कर बिजली उत्पादन शुरू कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि सूरतगढ़ थर्मल की 250 मेगावाट क्षमता की इकाई संख्या 4 तकनीकी फाल्ट के कारण 22 दिसम्बर को बन्द हो गई थी जिसे दुरूस्त कर 26 दिसम्बर को विद्युत उत्पादन शुरू कर दिया गया है।

# जयपुर व जोधपुर स्थाई पीठ के क्षेत्राधिकार निर्धारित

**जयपुर।** मुख्यमंत्री ने राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण की जयपुर और जोधपुर स्थाई पीठ के क्षेत्राधिकार निर्धारण के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। उन्होंने राजस्थान सिविल सेवा नियम, 1976 के नियम 6 में संशोधन के प्रारूप पर सहमति दी है। गहलोत के अनुमोदन से दोनों पीठ के क्षेत्राधिकार निर्णय से प्रकरणों के निस्तारण और न्यायिक कार्यों में सुगमता आएगी।

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2023 में ग्लोबल जियोपॉलिटिक्स पर होगी चर्चा

**जयपुर।** अपने 16वें संस्करण में, आइकोनिक जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 19 से 23 जनवरी को होटल क्लार्क्स आमेर, जयपुर में,वैश्विक साहित्य को मंच पर प्रस्तुत करेगा। फेस्टिवल के प्रोग्राम का स्तर हमेशा की तरह इस बार भी शानदार रहने वाला है। धरती के 'महानतम' साहित्य शो में वर्तमान समय के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी, जिनमें जिओपॉलिटिक्स प्रमुख है।



लक्ष्मी पुरी



नवदीप सूरी



विजय गोखले

बेहतरीन वक्ताओं की सूची के साथ, फेस्टिवल में एक सत्र भारत-चीन के सम्बन्धों पर आधारित रहेगा। भारत-चीन के आपसी रिश्तों ने बहुत से उतार-चढ़ाव देखे हैं, इस विषय पर बातचीत करने के लिए मौजूद रहेंगे, पत्रकार और कमेंटेटर, मनोज जोशी; भूतपूर्व विदेश सचिव व चीन के राजदूत विजय गोखले; और भूतपूर्व विदेश सचिव श्याम सरन। इनके साथ संवाद करेंगी पत्रकार और विदेश नीति की एक्सपर्ट सुहासिनी हैदर। सत्र के दौरान, जोशी एलएसी से जुड़े अनसुलझे तनाव पर बात करेंगे।

एक अन्य सत्र में, सरन यूएन रेजिडेंट कोआर्डिनेटर फॉर इंडिया शोम्बी शार्प; लेखक त्शेरिंग ताशी; भारत और भूटान में यूरोपियन यूनियन के एम्बेसडर उगो अस्तुतो; भूतपूर्व आईएफएस ऑफिसर और एम्बेसडर लक्ष्मी पुरी; और लेखक अवय शुक्ल से जलवायु संकट पर बात करेंगे। सत्र के दौरान, एक्सपर्ट पैनल 27 के बाद के हालात और सस्टेनेबल विकास, क्लाइमेट प्रोग्रेस, क्लाइमेट जस्टिस और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।

फेस्टिवल में, सरन भूतपूर्व आईएफएस ऑफिसर और एम्बेसडर लक्ष्मी पुरी; अकादमिक और पर्यावरणविद जैसन स्कोर्स; और भूतपूर्व राजनयिक नवदीप सूरी से संवाद करेंगे। एक सत्र 'गवर्निंग द डेप्थ: द पॉलिटिक्स ऑफ़ द ओसियन', में जिओपॉलिटिकल एक्सपर्ट्स का एक ग्रुप मौजूदा समुद्रीय शासन व्यवस्था, चुनौतियों, संसाधन और सुरक्षा के उपायों पर चर्चा करेगा।




# साइबर फ्रॉड करने वाले अब पुलिस को ही बना रहे निशाना!

## महिला पुलिस अधिकारी की फोटो लगाकार की पैसों की डिमांड

**अजमेर,** (कासं)। डिजिटलाइजेशन जहां आम लोगों के लिए फायदा पहुंचा रहा है तो वहीं दूसरी ओर शातिर बदमाश भी पीछे नहीं है। साइबर शातिर बदमाशों के हौंसले इस कदर बुलंद है कि अब वह पुलिस को भी अपना निशाना बना वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को अजमेर की महिला थाना अधिकारी मंजू मुलेवा की फोटो लगाकर अज्ञात बदमाशों द्वारा पैसे की डिमांड करने का सामने आया है। मामले में अलवर गेट थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

अलवर गेट स्थित महिला थाने में तैनात थानाधिकारी मंजू मुलेवा की फोटो लगाकर अज्ञात बदमाशों ने उनके परिजनों और जानकारों से इलाज के नाम पर पैसों की डिमांड करना शुरू किया, जिसे लेकर थानाधिकारी मंजू ने अलवर गेट थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए अपने परिचितों और आम जनता से अपील की कि वह गलत नंबरों से होने वाले किसी के झांसे में नहीं आए। उनकी फोटो लगाकर पैसों की डिमांड की जा रही है, जबकि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। वहीं मामले को लेकर अलवर गेट थाना पुलिस अपनी जांच में जुटी है लेकिन बदमाशों के हौसले इतने बुलंद है कि वह पुलिस

- **अलवर गेट थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट**

कर्मियों को भी अपने इस जाल में फंसाना चाहते हैं।

महिला थानाधिकारी मुलेवा ने बताया कि साइबर शातिर बदमाश अब ठगी के लिए नए नए हथकंडे अपना रहे हैं। शातिर द्वारा उनका फोटो अपने व्हाट्सएप पर लगाकर उनके जानकारों से पैसे की मांग की जा रही है। अज्ञात युवक जानकारों को यह मैसेज भेज रहा है कि मैं अस्पताल में हूं और अर्जेंट पैसों की आवश्यकता है। परिचितों ने जब उनसे संपर्क कर उन्हें हकीकत बताई तब उन्हें जानकारी हुई कि इस तरह का कोई व्यक्ति उनके फोटो लगाकर लोगों से पैसे की मांग कर रहा है। उन्होंने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर जानकारी शेयर करते हुए लिखा है कि मेरी आईडी हैक हो गई है किसी तरह के पैसे नहीं भेजे, अज्ञात युवक के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात नंबरों से आए मैसेज पर पैसे नहीं देने की अपील की है वहीं मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस अधिकारी के साथ हुई घटना को लेकर एडिशनल एसपी विकास सांगवान ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी अज्ञात नंबर से पुलिस की फोटो लगाकर पैसों की डिमांड की जा रही है तो वह उस व्यक्ति से संपर्क करें न कि बिना कुछ जानकारी लिए उसके अकाउंट में पैसे डाल दें। इसके साथ ही ठगी का शिकार होने वाले पीड़ित लोगों से भी संबंधित थाने में शिकायत दर्ज करवाने की अपील की है।

# सड़क किनारे बेहोश मिले युवक और किशोरी, किशोरी की मौत

## किशोरी के परिजनों ने 13 दिसंबर को नादौती थाने में अपहरण का नामजद मामला दर्ज कराया था

**बौंली,** (निसं)। क्षेत्र के लालसोट-बौंली सड़क मार्ग के पीपल्दा व कोडियाई गांव के मध्य एक युवक व एक नाबालिग किशोरी मंगलवार को संदिग्ध अवस्था में सड़क किनारे बेहोशी हालत में मिले।

सूचना पाकर बौंली चिकित्सालय से एंबुलेंस मौके पर पहुंची एवं दोनों को बौंली चिकित्सालय लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने 15 वर्षीय किशोरी को मृत घोषित कर दिया एवं घायल युवक को गंभीर अवस्था में सवाई माधोपुर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया लेकिन उसकी हालत नाजुक होने पर उसे जयपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

किशोरी के परिजनों ने 13

- **दोनों ने विषाक्त खाकर आत्महत्या का प्रयास किया था, युवक जयपुर रैफर**

दिसंबर को नादौती थाने में 15 वर्षीय किशोरी के अपहरण का मामला घायल युवक खुशी राम मीणा निवासी नादौती जिला करौली के खिलाफ नामजद दर्ज कराया गया था। किशोरी 11 दिसंबर से घर से लापता थी। बौंली पुलिस ने इसकी सूचना नादोती व जिला करौली पुलिस को दी।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को पीपल्दा कोडियाई के मध्य एक युवक खुशी राम मीणा निवासी नादौती जिला करौली व एक 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी सड़क के किनारे मिली। सूचना पाकर बौंली पुलिस के चिकित्सालय में जाकर जानकारी की जिस पर चिकित्सकों ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। एवं युवक को सवाई माधोपुर के बाद जयपुर रेफर कर दिया गया। शायद मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत होता है एवं दोनों ने विषाक्त खाकर आत्महत्या का प्रयास किया थी। सूचना पाकर नादौती थाने के एएसआई चंद्रसेन मौके पर पहुंचे एवं मेडिकल बोर्ड से किशोरी का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# तंत्र-मंत्र के नाम से 4.51 लाख रुपए की ठगी

**हिण्डौन सिटी,** (का.सं.)। तांत्रिक द्वारा तंत्र-मंत्र से धन बढ़ाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का नई मंडी पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जो करौली, बीकानेर, राजसमंद, जोधपुर और दौसा जिले में ठगी की कई संगीन वारदात कर चुके है।

थाना प्रभारी बृजेन्द्र सिंह बताया कि वजीरपुर थाना क्षेत्र के खरेड़ा निवासी तेजराम मीना व दौसा जिले के खेड़ली का पुरा निवासी कमलदास उर्फ कमल जाटव को गिरफ्तार किया है। 15 नवंबर को अग्रसेन विहार कॉलोनी निवासी मंजू गर्ग ने कोर्ट के जरिए आरोपियों के खिलाफ नई मंडी थाने में मामला दर्ज कराया था। महिला ने रिपोर्ट में बताया कि आरोपियों ने महिला को बातों में फंसा पैसा दोगुना करने के नाम पर 2.51 लाख रुपए ले लिए। इसके बाद घर में तंत्र-मंत्र विद्या शुरू कर दी। श्मशान पूजा का नाम कर पैसों को कपड़े में लपेटकर गायब हो गए। पुलिस ने बताया कि इसके कुछ दिन बाद तांत्रिक गिरोह ने महिला से और रुपए मांगे। कहा कि तंत्र-मंत्र विधा की पूजा अधूरी छोड़ने से घर के किसी एक सदस्य की मौत हो सकती है। महिला ने डरकर

- **आरोपी करौली, बीकानेर, राजसमंद, जोधपुर व दौसा जिले में कर चुके हैं ठगी**
- **स्कूल वैन ड्राइवर ने टीचर को दिया पैसे दोगुने करने का झांसा, दो गिरफ्तार**

आरोपियों को 2 लाख रुपए और दे दिए। ठगी करने के बाद आरोपी फरार हो गए थे। महिला जिस प्राइवेट स्कूल में पढ़ाती है, आरोपी मुकेश स्कूल में वैन ड्राइवर की ड्यूटी करता है। दोनों में जान पहचान होने पर महिला को मुकेश नेही तांत्रिक द्वारा पैसे बढ़ाने की बात बताई व तांत्रिक को महिला घर लेकर पहुंचा था। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपियों की तलाश में कई जगह दबिश दिए जाने के बाद तांत्रिक गिरोह के ठगी का कई मामला पुलिस के सामने आया।

# राजे के हाथों में कमान रही तो प्रचण्ड बहुमत के साथ सत्ता में लौटेगी भाजपा: डॉ. रोहिताश्व शर्मा

**कोटपूतली,** (निसं)। जैसे-जैसे वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं वैसे-वैसे राजनैतिक सरगर्मियां भी तेज होती जा रही हैं। इसी क्रम में मंगलवार को कस्बा स्थित मोरीजावाला धर्मशाला में आयोजित वसुंधरा राजे समर्थक राजस्थान मंच युवा मोर्चा के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए भाजपा से निष्कासित चल रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. रोहिताश्व शर्मा ने प्रदेश की गहलोत नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के साथ-साथ विपक्ष में बैठे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया पर भी जमकर निशाने साधे।

डॉ. शर्मा ने कहा कि राजस्थान में जंगल राज की स्थिति है, हर तरफ अपराध, गुण्डागर्दी व भ्रष्टाचार से प्रदेश की आम जनता त्रस्त है। भारी मात्रा में महिलाओं, दलितों सहित हर वर्ग के लोगों पर अत्याचार हो रहे हैं। लेकिन डॉ. सतीश पूनिया के नेतृत्व में विपक्ष में बैठी भाजपा इतनी कमजोर हो चली है कि गहलोत सरकार के मंत्री, विधायकों को जनता को लूटकर अपनी तिजोरियां भरने की




पूर्व मंत्री डॉ. रोहिताश्व शर्मा ने वसुंधरा राजे समर्थक मंच के कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित किया।

खुली छूट मिली हुई है।

हाल ही में आयोजित भाजपा की जन आक्रोश यात्रा बुरी तरह विफल रही है। जनता इस कदर निराश हो चुकी है कि तमाम अत्याचार सहने के बावजूद भी राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भारी भीड़ उमड़ी। जबकि राजस्थान में इस यात्रा का आयोजन पूरे सरकारी तंत्र के साथ-साथ जनता के खर्च से हुआ है। डॉ. शर्मा ने भाजपा के प्रदेश नेतृत्व को कार्यकर्ताओं से लूट का अड्डा करार देते हुए कहा कि अगर ऐसे ही चलता रहा तो आलाकमान को राजस्थान से बड़ी निराशा हाथ लगेगी।

वहीं उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को राजस्थान की कमान सौंप दी जाती है तो वे तीसरी बार भारी बहुमत से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने में कामयाब होंगी। उन्होंने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. पूनिया

- **गहलोत सरकार के साथ-साथ भाजपा के प्रदेश नेतृत्व पर भी साधे निशाने**
- **कहा, राजस्थान में जंगल राज, पर विपक्ष भी कमजोर**

को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि उपचुनाव में भाजपा 8 में से 6 विधानसभा चुनाव हार चुकी है। हाल ही में सरदार शहर में हुई हार डॉ. पूनियां के नेतृत्व पर करारा तमाचा है, क्योंकि भाजपा 35 हजार से अधिक वोटों से विधानसभा चुनाव हारी। डॉ. पूनिया अपना गांव होने के बावजूद भी सरदार शहर में अपने समाज का एक भी वोट भाजपा को नहीं दिला पाये।

अपने निष्कासन पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि वे पं. दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों को मानने वाले एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के पद चिन्हों पर चलने वाले कार्यकर्ता हैं, भाजपा उनके मन में बसती है। अध्यक्षता करते हुए मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष व सेवानिवृत कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष पं. बृजमोहन शर्मा ने युवा कार्यकर्ताओं से अनुशासित ढंग से कार्य करते हुए तीसरी बार राजे सरकार बनाने का आह्वान किया।

इस मौके पर मंच के नवनियुक्त युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष एड. अभिषेक मोरीजावाला ने कार्यभार ग्रहण करते हुए आभार व्यक्त किया। संचालन करते हुए युवा मोर्चा के प्रदेश संगठन मंत्री विकास डोई ने कार्यकारिणी के विस्तार की जानकारी दी। इस दौरान कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष रघुवीर गोयल, दीपक रावत, मोहन भारद्वाज, भूपसिंह, हँसराज सैनी, योगेश गुर्जर, नरेन्द्र कुमावत, सुमित शर्मा, अजय मीणा, प्रदीप सरपंच, घमन स्वामी, राकेश गुर्जर, कुलदीप शेखावत, सुमित जांगिड़, विक्रम शर्मा, सुभाष समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लेकसिटी में तापमान छह डिग्री दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। सोमवार की रात सीजन की सबसे सर्द रात बितने के बाद मंगलवार को भी ठंड से राहत नहीं मिली है। हालांकि दिन व रात के तापमान में एक-एक डिग्री की बढोतरी हुई है

- **सोमवार की रात सीजन की सबसे सर्द रात रही, लोगों को धूप, हीटर व अलाव का सहारा लेना पड़ा**

लेकिन सर्द हवाओं के बीच धूप में तल्खी नहीं होने से दिन में भी तेज ठंड रही। इधर, मौसम विज्ञानियों के अनुसार नए साल के पहले सप्ताह 'सीवीयर कोल्ड' का असर रहेगा और मौसम में कोहरा व धुंध छाई रहेगी।

मौसम विभाग डबोक से मिली जानकारी के अनुसार उदयपुर शहर का अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री व



हिरणमगरी सेक्टर-4 स्थित दातापति हनुमान मंदिर में अलाव का सहारा लेते श्रद्धालु।

न्यूनतम तापमान 6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। पिछले दिनों जहां ठंड गायब सी थी वहीं पांच दिनों से ऐसी ठंड पड़ रही है कि लोगों को धूप, हीटर व अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। नश्तर सी चुभती सर्द हवाएं कड़ाके की ठंड का अहसास करा रही है वहीं रात 9 बजे ही तेज सर्दी के कारण सड़के विरान नजर आ रही है।

# पटवारी को किया सेवा से टर्मिनेट

**श्रीगंगानगर,** (निसं) । श्रीगंगानगर जिले के तहसील पदमपुर के पटवार मंडल घुड्डूवाला के तत्कालीन पटवारी हनुमान प्रसाद सुथार पुत्र मनीराम को धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम

- **कलक्टर ने सिविल सेवा नियमों के तहत की कार्यवाही**

1988 के आरोप में दोष सिद्ध पाये जाने पर उसे चार वर्ष के साधारण कारावास एवं 50 हजार रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित करने के कारण राजस्थान सिविल सेवाओं के अनुसरण में पटवारी हनुमान प्रसाद को लोक सेवा में रखा जाना अवांछनीय होगा। जिला कलक्टर सौरभ स्वामी ने बताया कि राजस्थान सिविल सेवाएं के अनुसरण में हनुमान प्रसाद सुथार पटवारी मुख्यालय सूरतगढ़ को मंगलवार को टर्मिनेट किया।

# खेडी मानपुर के ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पानी

**निवाई,** (निसं)। ग्राम पंचायत बस्सी से खेडी मानपुर गांव जाने वाली बीसलपुर पेयजल लाइन में अवैध कनेक्शनों की विभागीय अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से खेडी मानपुर के ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है।

खेडीमानपुर निवासी जगराम मीणा ने बताया कि बिसलपुर विभाग द्वारा खेडी मानपुर गांव को पेयजल सप्लाई मुहैया करवाने के लिए गांव बस्सी में टंकी का निर्माण करवा कर गांव तक लाइन बिछाकर पीने के पानी के कनेक्शन दिए गए थे। परंतु उसके बाद से ही बस्सी से लेकर खेडी मानपुर के बीच करीब 25 जगह अवैध रूप से रोडो की कटिंग करके लोगों ने लाइनें डाल रखी है और तो और लोग मोटरे लगाकर पानी को चुरा रहे हैं। जिससे

- **अवैध कनेक्शनों की विभागीय अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई**

लास्ट में रहने वाले लोगों तक पानी नहीं पहुंच पाने के कारण पेयजल समस्या बनी हुई है।

ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जब बिसलपुर विभाग के एईएन से की तो एईएन यह कहकर पल्ला झाड लिया की उक्त योजना की संपूर्ण जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की है। जिससे समस्या जस की तस बनी हुई है।

# मॉक ड्रिल में परखी व्यवस्थाएं

**राजगढ़,** (निसं)। अलवर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोरोना के बढ़ते प्रभाव को लेकर ब्लाक राजगढ़ में मॉक ड्रिल में व्यवस्था परखी गई। कस्बे के सीएचसी सहित ब्लॉक में साझा अभियान चलाकर मॉक ड्रिल की गई। इसके तहत अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट सहित आपूर्ति की स्थिति, अस्पतालों में बेड एवं दवाओं की सुलभता कोविड केयर सेंटर, आइसोलेशन वार्ड, आईसीयू वार्ड, की स्थिति को जांचा गया। बीसीएमओ डॉ आर एस मीणा ने बताया कि राजगढ़ चिकित्सालय सहित महिला चिकित्सालय में कोविड केयर के पर्याप्त प्रबंध है । ब्लॉक के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर व्यवस्थाओं को लेकर मॉक ड्रिल की गई। राजगढ़ सीएचसी में बीसीएमओ डॉ आर एस मीणा , चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ रमेश चंद मीणा सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# थर्मल पावर प्लांट में बंद तीन नम्बर ईकाई से बिजली उत्पादन शुरू

**सूरतगढ़,** (निसं)। प्रदेश में चल रहे बिजली संकट के बीच राहत भरी खबर सामने आई है। दो दिन पूर्व राजस्थान उत्पादन निगम के सीएमडी आर के शर्मा के सूरतगढ़ दौरे के बाद सुपर थर्मल पावर प्लांट की सब-क्रिटिकल पावर स्टेशन की बंद पड़ी 250 मेगावाट क्षमता की तीन नंबर इकाई से देर शाम को बिजली का उत्पादन शुरू कर दिया गया। थर्मल के मुख्य अभियंता एसपी बंसल ने बताया कि बॉयलर ट्यूब में लीकेज होने के कारण इकाई बंद हो गई थी।

थर्मल के तकनीकी कर्मचारियों ने इसकी खराबी को दुरुस्त कर इसे लाइटअप करते हुए सिंक्रोनाइज किया। मुख्य अभियंता बंसल ने बताया कि सब क्रिटिकल पावर प्लांट की बंद पड़ी 250-250 मेगावाट की अन्य दो इकाइयों को भी जल्द शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल थर्मल की कुल 4 यूनिटों से 800 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। गौरतलब है कि सूरतगढ़ पहुंचे सीएमडी आरके शर्मा ने थर्मल पावर प्लांट का मौका निरीक्षण किया था।

इस दौरान उन्होंने हाइडल पावर प्लांट की मशीन का स्वयं बटन दबाकर उससे उत्पादन शुरू करवाया था। वहीं, सुपर क्रिटिकल और सब क्रिटिकल पावर प्लांट की बंद पड़ी इकाइयों को लेकर अधिकारियों से विचार विमर्श कर इन्हें जल्द शुरू करने के निर्देश दिए थे। ताकि, प्रदेश में चल रहे विद्युत संकट से कुछ निजात मिल सके और किसानों को भी कृषि के लिए पर्याप्त मात्रा में बिजली सप्लाई दी जा सके।

# पंजाबी विषय में 68.92 रहा अभ्यर्थियों का उपस्थिति प्रतिशत

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा मंगलवार को वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2022 के तहत प्रातः 9 से 11.30 बजे तक पंजाबी विषय की परीक्षा का आयोजन किया गया। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि परीक्षा के लिए पंजीकृत 5316 अभ्यर्थियों में से 3664 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इस प्रकार परीक्षा में अभ्यर्थियों का उपस्थिति प्रतिशत 68.92 रहा।

# चूरू से मण्डेलिया की टिकट कटवाकर रेहाना रियाज खुद मैदान में उतरना चाहती हैं?

## यहां चर्चा रही कि रेहाना रियाज ने शक्ति प्रदर्शन करने का प्रयास किया था, जो सफल नहीं हुआ

**चूरू,** (कासं)। राजस्थान राज्य महिला आयोग अध्यक्ष रेहाना रियाज के जन्मदिन पर उनके समर्थकों ने जिला मुख्यालय स्थित मातुश्री कमला गोइन्का टाऊन हॉल में कार्यक्रम आयोजित कर उनका अभिनंदन किया और उत्साह के साथ जन्मदिन मनाया।

कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्त्ताओं की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही। यहां कार्यक्रम में चूरू शहर की प्रथम नागरिक सभापति पायल सैनी, पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, बीसूका के पूर्व जिला उपाध्यक्ष आशाराम सैनी, वरिष्ठ नेता मोहम्मद हुसैन निर्वाण सहित कांग्रेस के दो दर्जन से अधिक पार्षदों ने भी रेहाना रियाज के जन्मदिन कार्यक्रम से दूरी बनाए रखी। यहां चर्चा रही कि रेहाना रियाज ने यहां शक्ति प्रदर्शन करने का प्रयास किया था, जो सफल नहीं हुआ। यहां राजनीति के जानकारों ने कहा कि रेहाना रियाज चूरू विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस की टिकट लेकर विधायक बनना चाहती हैं ।

इसी बात से नाराज मण्डेलिया गुट ने उनके कार्यक्रम में भाग नहीं लिया। यहां कांग्रेस के रियाजत खान गुट के कार्यकर्त्ता ही मेहनत करते दिखे। हालांकि टिकट के दावेदार रियाजत खान की हर बार टिकट कट जाती है। अब यहां मण्डेलिया की टिकट काटकर रेहाना रियाज मैदान में उतरना चाहती हैं। ऐसे में रियाजत खान की टिकट एक बार फिर कट जाएगी। उधर मण्डेलिया अपनी टिकट बरकरार रखना चाहेंगे। अभिनंदन का प्रत्युत्तर देते हुए रेहाना रियाज भावुक नजर आई और उन्होंने कहा कि चूरू उनके लिए सब कुछ है। वे अपने दायित्व निर्वहन के लिए कहीं भी होती हैं लेकिन वापस चूरू आकर ही उन्हें तसल्ली मिलती है।

चूरू में वे बहू बनकर आई थीं, लेकिन चूरू ने उन्हें बेटी और बहिन के तौर पर बहुत मान-सम्मान दिया है। कार्यक्रम को पूर्व प्रधान एवं किसान नेता रणजीत सातड़ा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रियाजत खान, पूर्व प्रधान निर्मला सिंघल, क्रय-विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष चिमनाराम कारेल, देहात ब्लॉक अध्यक्ष रामनिवास सहारण, डॉ बीके चौधरी, डॉ देवकिशन सैनी, महावीर नेहरा, जमील चौहान, विद्याधर मेघवाल, सुनीता बाकोलिया, राजेंद्र कल्ला, अबरार खान, रमजान खान,



राजस्थान राज्य महिला आयोग अध्यक्ष रेहाना रियाज के समर्थकों ने मातुश्री कमला गोइन्का टाउन हॉल में अभिनंदन किया।

सुखाराम घिंटाला, इमरान खोखर आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता राधेश्याम चोटिया ने किया।

इस मौके पर पूर्व शहर ब्लॉक अध्यक्ष लालचंद सैनी, ताराचंद बुडानिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेंद्र सैनी, विकास मील, ताराचंद बांठिया, दिलीप सिंधी, हेमंत सिहाग, नारायण सिहाग, हरदत्त खाखल, परमेश्वर लाल दर्जी, नानकराम डूडी, मजीद राणासर, शेरखान मलखान, सुशीला सुंडा, सरोज सैनी, रतन जांगिड़, रामेश्वर हुड्डा, सुनीता बाकोलिया, वीरेंद्र बुडानिया, रामेश्वर भाम्भू, हेतराम देहरु, सद्दाम हुसैन, भंवर लाल मेघवाल, सत्यनारायण बाकोलिया, सिराज जोइया, वरुण

- **जन्मदिन पर समर्थकों की ओर से हुए समारोह में भावुक हुईं महिला आयोग अध्यक्ष रेहाना रियाज**

सैनी, शकील कुरेशी, हरफूल आर्य, आबिद मोयल, सफी मो गांधी, अरविंद भाम्भू, दीपक गढ़वाल, भंवरलाल रुयल, शंकर नेहरा, महेश मिश्रा, मंगतूराम बागड़ा, राजीव बहड़, महेन्द्र सिहाग, अहसान खान, अमरचंद कस्वां, दीपिका सोनी, सुनीता जांगिड, बिलाल धोबी, जावेद बहलीम, योगेंद्र शर्मा, विक्की खान, सलीम पीए, रफीक चौहान, सलीम चौहान, श्रवण गुर्जर, पुरुषोत्तम बिजारणियां, जयचंद मेघवाल, जगदीश बेनीवाल, मुखराम पूनिया, राजकुमार पांडे, कालू महर्षि, भंवर लाल मीणा, राजकुमार सारस्वत, राजेन्द्र राजपुरोहित आदि मौजूद थे। रेहाना रियाज ने गायों को गुड़ भी खिलाया।

# चार साल से तबादले का इंतजार कर रहे थर्ड ग्रेड टीचर्स आंदोलन पर उतरे

## प्रदेशभर से जयपुर पहुंचे शिक्षकों ने एम.आई.रोड स्थित शहीद स्मारक पर शुरू किया धरना

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान में पिछले 4 साल से ट्रांसफर का इंतजार कर रहे ग्रेड थर्ड टीचर ने एक बार फिर राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया है। मंगलवार को जयपुर के शहीद स्मारक पर धरने पर बैठे ग्रेड थर्ड टीचर्स ने कहा कि अगर सरकार ने इस बार हमारे ट्रांसफर को लेकर कोई फैसला नहीं किया तो हम यहां से नहीं उठेंगे। इसके साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ प्रचार कर करारा जवाब देंगे।

राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार ग्रेड थर्ड टीचर के ट्रांसफर का वादा कर सत्ता में आई थी। 4 साल से वक्त बीत जाने के बाद भी सरकार ने अपना वादा पूरा नहीं किया है। इसके खिलाफ हम अब तक 6 बार धरना दे चुके हैं। लेकिन हमारी मांग पूरी नहीं हुई। ऐसे में इस बार जब तक मुख्यमंत्री हमारी मांग पूरी करने का आश्वासन नहीं देते। हमारा आंदोलन जारी रहेगा। चाहे इसके लिए हमें जेल ही क्यों ना जाना पड़े।

टीचर्स के विरोध को लेकर शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला ने कहा कि पिछली बीजेपी सरकार ने भी चुनाव से ठीक पहले बिना किसी पॉलिसी के मई-जून में कुछ ट्रांसफर किए थे। लेकिन हम पारदर्शी तरीके से ट्रांसफर करना चाहते हैं। यही कारण है कि मैंने मंत्री बनने के बाद नई ट्रांसफर पॉलिसी बनाकर को भिजवाई थी। इसके बाद से कुछ बिंदुओं पर संशोधन की मांग की गई थी। ऐसे में फिलहाल हम देश के दूसरे राज्यों की पॉलिसी का अध्ययन कर रहे हैं। जल्द से जल्द हम नई ट्रांसफर पॉलिसी बनाकर नए शैक्षिणक सत्र से पहले उसे सौंप देंगे। ताकि ग्रेड थर्ड टीचर्स को राहत मिल सके।



प्रदेशभर के थर्ड ग्रेड अध्यापकों ने मंगलवार को एम.आई.रोड स्थित शहीद स्मारक पर धरना शुरू किया।

राजस्थान में थर्ड ग्रेड टीचर्स का ट्रांसफर पिछले 12 साल में सिर्फ दो बार हुए हैं। 2010 में कांग्रेस सरकार ने जबकि 2018 में बीजेपी सरकार थर्ड ग्रेड टीचर्स के ट्रांसफर कर चुकी है। वहीं राजस्थान में पिछले साल अगस्त महीने में शाला दर्पण पर टीचर्स से ट्रांसफर के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। जिसमें प्रदेश के 2.25 लाख टीचर्स में से 85 हजार ने अपने गृह जिले में आने के लिए आवेदन किया था। लेकिन 15 महीने का वक्त बीत जाने के बाद भी टीचर्स के ट्रांसफर नहीं हुए। वहीं ट्रांसफर पॉलिसी में फिर से बदलाव की तैयारी शुरू कर रहे शिक्षा विभाग के खिलाफ अब ग्रेड थर्ड टीचर्स ने आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है।

■ **धरने पर बैठे अध्यापकों ने साफ चेतावनी दी है कि सरकार जब तक कोई ठोस फैसला नहीं ले लेती, तब तक धरना खत्म नहीं होगा**

राजस्थान में पिछले साल अगस्त महीने में शाला दर्पण पर टीचर्स से ट्रांसफर के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। जिसमें प्रदेश के 2.25 लाख टीचर्स में से 85 हजार ने अपने गृह जिले में आने के लिए आवेदन किया था। लेकिन एक साल से ज्यादा का वक्त बीत जाने के बाद भी टीचर्स के ट्रांसफर नहीं हुए थे। वहीं ट्रांसफर पर रोक लगने के बाद अब थर्ड ग्रेड टीचर्स ने सरकार के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है।

## वाहन की टक्कर से अधिवक्ता की मौत

**जयपुर** (कासं)। बनीपार्क इलाके में सड़क दुर्घटना में घायल हुए अधिवक्ता ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के बेटे विशाल चतुर्वेदी की रिपोर्ट पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस ने बताया कि सड़क हादसा गत 15 दिसंबर को सुबह पानीपेच स्थित जयपुर डेयरी के सामने हुआ था। यहां पर स्कूटी सवार राणा प्रताप नगर, झोटवाड़ा निवासी अधिवक्ता अशोक कुमार चतुर्वेदी (56) को घर से न्यायालय जाते समय अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गए। वहीं, टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर हालत में घायल को सवाई मान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार देर शाम अशोक कुमार चतुर्वेदी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## 102 करोड़ रु. मंजूर

**जयपुर** । राज्य सरकार ने राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा सूचीबद्ध वर्गों को निगम की बसों में निःशुल्क एवं रियायती यात्रा के लिए 102.50 करोड़ रुपये के अतिरिक्त बजट मंजूर किया है। सबसे ज्यादा प्रतियोगी परीक्षार्थी लाभान्वित हो रहे है।

## स्वतंत्रता सैनानी परिवारों को भी सुविधाएं दिलाने की मांग

**जयपुर,** (का.सं.)। देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देकर इस देश को आजाद करवाया उन स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन अन्य प्रांतों में स्वतंत्रता सेनानियों को मिल रही सुविधाओं को राजस्थान में भी लागू करवाने के लिए मंगलवार को सैनिक कल्याण मंत्री राजेंद्र गुड्डा से मिलकर उनको ज्ञापन सौंपा राजस्थान स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण कटारिया ने बताया कि संगठन ने मुख्यमंत्री से लेकर राज्यपाल महोदय एवं जिला कलेक्टर आदि को कई बार ज्ञापन दिया लेकिन आज तक हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है

स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश सचिव भैरूदास स्वामी ने बताया कि राजस्थान ही एक ऐसा प्रांत है जिसमें स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के लिए किसी भी प्रकार की सुविधा लागू नहीं है जबकि उत्तर प्रदेश ,बिहार, उत्तराखंड ,मध्य प्रदेश ,हरियाणा, पंजाब ,आदि प्रांतों में स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को कुटुंब पेंशन, सरकारी नौकरियों में आरक्षण, रोडवेज बस निशुल्क यात्रा, आवास आवंटन, डाकबंगलो में ठहरने की सुविधा आदि सुविधाएं हैं जबकि राजस्थान में किसी भी प्रकार की सुविधा लागू नहीं है।

ज्ञापन देने वालों में संगठन कार्यकारी अध्यक्ष सुरजभान, उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, संगठन प्रभारी राजकुमारी, सहित कई जिलों से आए हुए हैं स्वतंत्रता सेनानी परिवार मौजूद रहे।

## जयपुरिया अस्पताल में ब्लड टेस्ट मशीन खराब

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के जयपुरिया हॉस्पिटल में इन दिनों माइक्रो बायोलॉजी लैब में ब्लड टेस्ट करने की फुली ऑटोएनालाइजर मशीन पिछले एक महीने से खराब होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सूत्रों के अनुसार बड़ी मशीन को खराब हुए एक महीना हो गया, लेकिन उस मशीन को हॉस्पिटल प्रशासन अब तक ठीक नहीं करवा सका। मशीनों के रखरखाव के लिए हर साल लाखों रुपए का टेण्डर होता है और सरकार पैसे खर्च करती है। लेकिन हॉस्पिटल प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा यहां आने वाले मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। हॉस्पिटल की लैब में रखी मशीनों के रखरखाव का जिम्मा कंपनी के पास है। लेकिन कंपनी के इंजीनीयर पिछले एक महीने से यहां रखी खराब मशीन को ठीक नहीं कर पा रहे है।

सूत्रों के अनुसार कंपनी के प्रतिनिधियों ने हॉस्पिटल प्रशासन को बताया कि जिस कंपनी की ये मशीन है वह पार्ट्स उपलब्ध नहीं करवा रही, जिसके कारण उनके इंजीनीयर मशीन ठीक नहीं कर पा रहे।

इस मशीन से एक घंटे में 1200 टेस्ट होते है। इसमें ब्लड शुगर के अलावा एसजीओटी, लिपिड प्रोफाइल, क्रिटिन, सीबीसी समेत कई तरह की जांचे होती है। आरयूएचएस से कई ब्लड सैंपल की रिपोर्ट लेट आने के कारण मरीज दूसरे दिन भी डॉक्टरों को नहीं दिखा पा रहे है।

## सरगना समेत तीन शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर** । बजाज नगर पुलिस ने सरगना सहित तीन शातिर वाहन चोरों को अजमेर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है।

■ **पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चुराई हुई कार जब्त की**


आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने इलाके से चुराई एक कार बरामद की है। पुलिस के अनुसार गिरोह का सरगना कुंजी लाल (34) निवासी महरावड़ थाना बाटोदा सवाई माधोपुर इसके साथी विनोद मीणा (32) निवासी मंडावरी जिला दौसा और रामनिवास (32) निवासी जागूवास थाना लूणी जिला जोधपुर को अजमेर जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने अप्रेल माह में इलाके से एक कार चुराई थी, जिसे इनकी निशानदेही पर बरामद कर लिया गया है। फ़िलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# अपहृत युवक से मारपीट कर पैर चटवाने वाला बदमाश गिरफ्तार

## आरोपियों ने युवक से मारपीट व लूट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था

**जयपुर** (कासं)। मुहाना थाना पुलिस ने अपहरण व लूट की वारदात का खुलासा करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटा हुआ मोबाइल बरामद कर लिया।

डीसीपी (दक्षिण) योगेश गोयल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गणेश शर्मा रेनवाल मांजी और राजू दास स्वामी शिव शक्ति नगर सेज का रहने वाला हैं। पुलिस ने बताया कि 24 दिसंबर को परिवादी हजारी लाल ने थाने में मामला दर्ज करवाया था। जिसमें बताया कि वह और उसका दोस्त भोमेश मीणा ग्वार बाम्रण का रहने वाला है। वह दोनों पंवालिया पावर हाउस से बाण्यावाली की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान हमारे आगे गाड़ी लगा दी। उसमें दो लोग उतरे और पिस्टल लगाकर हमें अपने कार में बिठा लिया। गाड़ी में मारपीट की और रिंग रोड पर ले गए। वहां पर एक गाड़ी में गणेश शर्मा आया और उन्हें सरिया और पाइप से पीटा। इसका वीडियो बना लिया और फेस बुक पर लाइव चलाया। गणेश शर्मा के साथ चार पांच लोग थे उन्होंने भी मारपीट की। जिसमें गणेश श्रीलाल गुर्जर, विक्की मीणा, डेबिट मीणा, राजू दास और आनन्द सिंह सहित चार-पांच लोग थे। मारपीट कर मोबाइल और 46 हजार रुपए छीनकर भाग गए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि बदमाशों ने मारपीट के बाद अपने पैर चटवाए। जाति शब्दों का प्रयोग किया और कहा कि तेरे परिवार को जान से मार देंगे। हमारी बहुत बड़ी गैंग है। इसके बाद आरोपी रिंग रोड पर उसे पटक गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर दो आरोपी गणेश और राजू दास को गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों ने वर्चस्व जमाने के लिए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था।



मुहाना थाना पुलिस ने युवक का अपहरण का मारपीट करने वाले दो बदमाशों गणेश शर्मा व राजू दास को गिरफ्तार किया।

## 7.20 ग्राम स्मैक समेत तस्कर पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। गलता गेट थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम उत्तर ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 7.20 ग्राम स्मैक सहित एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल आरोपी तस्कर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) परिस देशमुख ने बताया कि जयपुर शहर में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत गलता गेट थाना पुलिस और डीएसटी उत्तर ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले आरोपी तस्कर मोहम्मद वसीम निवासी आमागढ शक्ति कॉलोनी ट्रांसपोर्ट नगर को आरएसी कट से गिरफ्तार कर उसके पास से 7.20 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त किया है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार तस्कर से अवैध मादक पदार्थ स्मैक खरीद-फरोख्त के नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है, ताकि इस गोरखधंधे में लिप्त अन्य लोगों को पकड़ा जा सके।

## विद्युत भवन पर ठेकाकर्मियों का प्रदर्शन



राजस्थान ठेका कर्मचारी संघ की ओर से मंगलवार को विद्युत भवन पर धरना-प्रदर्शन शुरू हुआ।

**जयपुर** । भारतीय मजदूर संघ से संबंधित राजस्थान ठेका कर्मचारी संघ की ओर से विद्युत भवन का धरना-प्रदर्शन शुरू हुआ। अपनी विभिन्न 14 सूत्रीय मांगों को लेकर ठेकाकर्मी धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। राजस्थान विद्युत ठेका कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री कालूराम गर्ग ने बताया की विद्युत निगम की पांचों कंपनियों में ठेका कर्मियों को योग्य एवं एक्सपीरियंस होने के बाद भी रेगुलर नहीं किया जा रहा और ना ही समय पर पूरी तनख्वाह मिल रही है। 4-5 हजार रुपये में घर का खर्चा चलाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्य मांगों में 21000 वेतन दिया जाए और इसी बजट सत्र में रेगुलर कर्मचारी घोषित किया जाए। विद्युत दुर्घटना पर रोक लगाई जाए, सुरक्षा के सभी उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। दुर्घटना में मृत्यु होने पर उचित मुआवजा दिया जाए, कर्मचारियों को सीएल एवं पीएल मेडिकल छुट्टियां दी जाए। उन्होंने बताया कि 2 दिन 27 एवं 28 दिसंबर को ठेकाकर्मी अपनी मांगों को लेकर धरना देंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री व ऊर्जा मंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा।

## रेलवे ट्रेक पर मिला महिला का शव

**जयपुर** । जयपुर जंक्शन के पास सोमवार देर रात रेलवे ट्रेक पर महिला के शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को एसएमएस मोर्चरी में रखवाया। एसएचओ जीआरपी संपत ने बताया कि उन्हें पुलिस कंट्रोल रूम से रेलवे ट्रैक पर महिला के शव होने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर देखा तो महिला का शव क्षत-विक्षत हो चुका था। महिला के पास से किसी भी प्रकार की कोई आईडी नहीं मिली है। इससे उसकी जानकारी की जाए। महिला की उम्र करीब 35 से 38 वर्ष की बताई जा रही है। जीआरपी थाना पुलिस ने मृग दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। हालांकि पुलिस अभी तक इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है कि यह हादसा है, सुसाइड है या फिर मर्डर। परिजनों के मिलने के बाद ही मृतका का पोस्टमार्टम किया जाएगा। जिससे पता चल पाएगा की महिला की मौत की वजह क्या थी।

## बीज वितरित

**जयपुर** । राजस्थान स्टेट सीड्स कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष धीरज गुर्जर ने कहा कि प्रदेश में अच्छी पैदावार के लिए उच्च गुणवत्ता एवं उन्नत किस्म का बीज जरूरी है। उन्होंने कहा कि निगम इसके लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, जिससे फसलों की उपज के साथ-साथ किसानों की आय में वृद्धि हो सके। धीरज गुर्जर ने बताया कि वर्ष 2021-22 मे 228686.21 क्विंटल प्रमाणित बीज उत्पादन किया था। 33415.00 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बुवाई की गई है, जिसमें 4.25 लाख क्विंटल रॉ-बीज का उत्पादन किया जाना संभावित है।

## डबल मर्डर के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार




हरमाड़ा थाना पुलिस ने डबल मर्डर के मामले में फरार आरोपी महेन्द्र सिंह ( बैठा हुआ ) को गिरफ्तार किया।

**जयपुर** (कासं)। राजधानी की हरमाड़ा थाना पुलिस ने डबल मर्डर के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी वारदात के बाद से ही फरार चल रहा था।

डीसीपी वेस्ट वंदिता राणा ने बताया कि 5 अक्टूबर को सुभाष चौक निवासी विष्णु कुमार ने मामला दर्ज कराया था। उसने पुलिस को बताया कि उसका भांजा राजू और भतीजी शालू निवासी मुरलीपुरा बाइक पर सवार होकर सुबह पौने पांच बजे सामोद हनुमानजी मंदिर जा रहे थे। हरमाड़ा घाटी में पीछे से तेज रफ्तार में आई टाटा सफारी ने उन्हें टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार दोनों लोगों की मौत हो गई। जांच में सामने आया कि मृतका के पति ने इंश्योरेंशन का पैसा लेने के लिए षड़यंत्र पूर्वक अपनी पत्नी और साले की हत्या करवाई। पुलिस ने मामले में फरार आरोपी महेन्द्र सिंह राठौड़ (33) निवासी देशवाल गांव नागौर हाल किरायेदार एवरेस्ट कॉलोनी लालकोठी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए अलग-अलग जगहों पर रहने लगा था। पुलिस बेष बदलकर आरोपी की तलाश की। वहीं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया।

## सार-समाचार

### कान्हा जन्म सुन आई यशोदा मैया..



अकिंचन महाराज

**जयपुर** । हरिनाम संकीर्तन परिवार के तत्वावधान में रामनिवास बाग के शिव सत्संग भवन के सामने स्थित स्काउट गाइड सभागार में हो रही श्रीमद् भागवत कथा में मंगलवार को व्यासपीठ से अकिंचन महाराज ने शबरी प्रसंग, राम जन्म, रामचरितमान के सात कांड, भगवान कृष्ण जन्म सहित भागवत के विभिन्न प्रसंगों का श्रवण करवाया। इस मौके पर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव नंदोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया गया। पूरे कथा स्थल को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। अकिंचन महाराज ने नंदोत्सव के प्रसंग में कहा कि भगवान कृष्ण को अपने घर पर बुलाना है तो व्यक्ति को नंद बाबा की तरह सबको आनंदित करने वाला और यशोदा की तरह सबको यश देने वाला होगा। इस मौके पर नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...कान्हा जन्म मैं सुन आई यशोदा मैया दे दो बधाई...जैसे बधाईगान पर टॉफी, बिस्किट, खिलौनों की उछाल हुई। श्रद्धालुओं ने नृत्य कर खुशी प्रकट की। शबरी प्रसंग में उन्होंने कहा कि भक्ति और सेवा का कभी भी बखान नहीं करना चाहिए। शबरी भगवान राम की प्रतिक्षा में ब्रह्म मुहूर्त में मार्ग में झाड़ू लगाकर फूल बिछा देती थी। वह भक्ति का भी प्रतीक है। भगवान राम ने उन्हें दर्शन देकर कृतार्थ किया। अकिंचन महाराज ने कहा कि रामचरितमानस के सात कांड व्यक्ति के जीवन के सात सोपान है। भागवत के दशम स्कंध की कथा में उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के अवतार की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि दशम् स्कंध भागवत का प्राण है। इससे पूर्व सुनो रे भक्तों राम कहानी पर एक श्रद्धालु महिला ने भावपूर्ण एकल नृत्य किया। हरिनाम संकीर्तन परिवार के प्रवक्ता कृष्ण स्वरूप बूब ने बताया कि बुधवार को भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का श्रवण कराया जाएगा।

### एक साथ 11 स्थानों पर गायत्री यज्ञ

**जयपुर** । गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ योजना के तहत चाकसू में मंगलवार को 11 स्थानों पर एक साथ एक ही समय पर यज्ञ का आयोजन किया गया। वर्ष 2026 तक पं. श्रीराम शर्मा के क्रांतिकारी विचारों को गांव गांव और घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित यज्ञ से पूर्व प्रभातफेरी निकाली गई। पीले परिधानों में गायत्री परिजनों ने प्रेरणास्पद नारे लिखी तख्तियां थाम रखी थी। गायत्री परिजन नारी जागरण, कुरीति उन्मूलन, नशा मुक्ति, शिक्षा, स्वावंबन से जुड़े स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर गंदे चित्र लगाओ मत, माता को लजाओ मत, नशा नाश की जड़ है भाई इसने ही आग लगाई...जैसे नारे लगाते चल रहे थे। यज्ञ में बडी संख्या में लोगों ने यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित कीं। इससे पूर्व 11 आचार्यों की टोलियां दुर्गापुरा स्थित गायत्री चेतना केंद्र से रवाना हुई। कार्यक्रम संयोजक संतोष खंडेलवाल, रामगोपाल शर्मा और मोहन शर्मा ने टोलियां का स्वागत किया। सुबह ठीक साढ़े दस बजे से साढ़े ग्यारह बजे के बीच एक साथ 11 स्थानों पर यज्ञ किया गया। राजेश कुमार शर्मा, सुषमा शर्मा, रेवती प्रसाद गुप्ता,मोतीराम गुप्ता, विजय कुमार शर्मा,जे एन मीणा, रामप्रसाद शर्मा, सीताराम पुजारी, रामावतार खंडेलवाल, हरिराम गुप्ता सीताराम जी प्रजापत, सुशील कुमार शर्मा, हरिओम, अशोक प्रजापत, सुदेश हांडिया, हर बाई खंडेलवाल ने विधि विधान से यज्ञ संपन्न करवाया। यज्ञ के बाद सभी 11 घरों में देवस्थापना और सदग्रंथ स्थापित किए गए।

### आरटीडीसी चेयरमैन से मिले संविदाकर्मी

**जयपुर** (कासं)। संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा राजस्थान के संयोजक शमशेर खान भालु के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को आरटीडीसी चैयरमेन धमेंद्र सिंह राठौड़ से मुलाकात की। राठौड़ ने कहा कि आपके दो काम करवाने की मैने गांरटी ली है। मैं आपकी एक मजबूत वकील के रूप में पैरवी करूंगा। मेरे ऊपर राजस्थान के तमाम संविदा कार्मिक विश्वास रखें। आपकी मांग जायज है। हमारी सरकार आपको नियमित करेंगी। इसी सिलसिले में प्रमुख शासन सचिव वित्त अखिल अरोरा से दुरभाष पर बात कर दो बिंदुओं पर जल्द से जल्द फैसला करने के लिए कहा। शमशेर खां ने बताया कि अखिल अरोरा ने आयु सम्बंधित शिथिलता के आदेश शीघ्र जारी करने की बात कही। वहीं पुराने सेवा अवधि अनुभव की गणना करने का कार्य सभी संविदा कार्मिकों का इस नियम के तहत अडॉप्ट करने के पश्चात किया जायेगा। उधर धमेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि संविदा कार्मिकों के साथ धोखा कर विश्वास में नहीं रखेंगे आप का कार्य शीघ्र करवायेंगे।

### द्वारिकाधीश से मिलने रवाना हुए श्रद्धालु

**जयपुर** । धर्म परायण नगरी द्वितीय काशी के नाम से विश्वविख्यात गुलाबीनगर जयपुर ने एकबार पुनः एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। मोतीडूंगरी गणेशजी मंदिर से श्याम प्रभु द्वारिकाधाम के लिए रवाना हुए हैं। श्रद्धालुओं का एक दल प्रथम पूज्य की विधिवत पूजा-अर्चना और अजमेर रोड के पास सांझरिया ग्राम में निर्माणाधीन मंदिर की पावन भूमि की प्रदक्षिणा कर द्वारिकाधीश भगवान श्रीकृष्ण से आत्मिक मिलन के लिए प्रस्थान कर गया है। यात्रा में 101 श्याम भक्त भी शामिल हैं। इस दौरान महिसागर संगम, सांवलिया सेठ श्रीनाथ जी, सोमनाथ एवं नागेश्वर ज्योतिर्लिंग गुजरात की यात्रा भी की जाएगी। इससे पूर्व श्याम प्रभु ने गत वर्ष 26 मार्च, 2020 से 7 जनवरी, 2021 को खाटूधाम से संपूर्ण देश का भ्रमण किया। इसके बाद 26 जून से 10 जुलाई के बीच उत्तराखंड के चारोंधाम यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथद्ध की यात्रा भी की। यात्रा के सूत्रधार कुमार गिरिराज शरण, सहयोगी पीयूषपाणि चतुर्वेदी ने बताया कि द्वापर युग में वीर बर्बरीक के अपना शीश दान करने के बाद यह पहला अवसर है जब भगवान श्री कृष्ण से वीर बर्बरीक यानी श्याम सरकार पुनः साक्षात्कार करेंगे।

### एलिवेटेड रोड पर टकराई गाड़ियां

**जयपुर** । अजमेर रोड एलीवेटेड की लिंक रोड पर ओवर स्पीड़ के कारण मंगलवार को देखते ही देखते आधा दर्जन गाड़ियां एक-दूसरे से टकरा गई। हादसे के चलते एलीवेटेड रोड पर काफी लम्बा जाम लग गया। एलीवेटेड रोड पर जाम की सूचना पर ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड में कर ट्रैफिक निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन बुलाकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को एलीवेटेड रोड से नीचे उतारा। मौके पर पहुंची दुर्घटना थाना पुलिस ने बताया कि दो कारों में भिडंत हुई थी, एक कार को युवती चला रही थी, जबकि दूसरी कार को टैक्सी का चालक चला रहा था। युवती की कार ने आगे चल रही कार को टक्कर मारी, जिससे एकाएक सभी गाड़ियां रुक गई। दुर्घटना थाना पुलिस ने बताया कि युवती के परिजन दुर्घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंच गए। उन्होने दूसरी कार से युवती को घर भेज दिया। मौके पर सौरभ और बलवीर मौजूद थे। जिन्होने वहीं पर राजीनामा कर लिया। इस सम्बंध में दुर्घटना थाने में कोई शिकायत नहीं दी गई।

### मोतीडूंगरी मंदिर में पौषबड़ा आज

**जयपुर** । मोती डूंगरी गणेश मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव बुधवार, 28 दिसंबर को मनाया जाएगा। महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर भगवान को स्वर्ण मंडित मुकुट और नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी। शाम को फूलों के सिंहासन पर गणेशजी महाराज को विराजमान कर छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं को निशुल्क पौष बड़ा प्रसाद दोपहर 12 से रात्रि 9 तक दौना प्रसादी के रूप में वितरित किया जाएगा। छप्पन भोग की झांकी सुबह 10 बजे सजेगी।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**जयपुर** । मानसरोवर इलाके में युवती से उसके रिश्तेदार ने शादी का झांसा देकर देह शोषण का मामला सामने आया है। सेज इलाका निवासी 23 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि वर्ष 2017 से 2021 तक उसने इलाके स्थित एक कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई की थी। इस दौरान रिश्तेदारी में परिचित अरमान अली ने शादी का झांसा देकर देहशोषण किया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### साप्ताहिक अवकाश देने का ट्रायल

**जयपुर** (कासं)। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने जनवरी माह से पायलट बेसिस पर प्रथम पखवाड़े में पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश देने का ट्रायल करने को कहा है। महानिदेशक पुलिस उमेश मिश्रा ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित क्राइम मीटिंग में सभी रेंज महानिरीक्षकों एवं पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक निर्देश दिये हैं। मिश्रा ने बताया कि पायलट बेसिस पर यह प्रयोग सफल होने के बाद राज्य सरकार की सहमति से नियमित रूप से साप्ताहिक अवकाश दिए जाने के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।



## Card Playing Day

The holiday season has come and gone, and the end of the year is in sight. You know what you need to do now? That's right, you need to sit back and play out a few rounds of solitaire, or maybe get the family together for a night of Texas Hold'em, Slap Jack, or War. Whatever your pleasure, Card Playing Day is a chance to wind down from all the kerfluffle of the season by engaging in a card game or three.

राष्ट्रदूत
WEDNESDAY
28 December 2022
A-B

#MUSICAL

# Universal Language

Intro: It is an art of sound compiled and expressed following particular emotions and ideas in a significant form.



Music is considered a language people around the world connect universally. We find music as the best friend in happiness and sorrow. Music makes us feel special and gives us enthusiasm. It also makes us relate to the situations of life. For all the music lovers out there, here is a list of fascinating facts about music that will spellbind you.

We all sway to music that touches our hearts. Finding someone with the same taste is enthralling. Discussing topics related to music for hours is something we cherish. It has the potential to reunite the world and forget all boundaries. These facts will prove that music has the power of healing and drawing people closer.

### What Is Music?

It is an art of sound compiled and expressed following particular emotions and ideas in a significant form. It has melody, harmony, rhythm and tones that make us feel the song or instrumental played live or using a device.

### Interesting Facts About Music

#### Concentrate and Work Better

Whether you are a student or a professional, you will find music to be the best companion that makes you work better. Music can relax your mind and offer you a perfect channel to focus on a topic. You will also feel detached from the world and float in a world of your own where you feel comfortable.

It has been found that music also makes you work harder without even noticing. You will also not feel time passing by when your favourite music is being played. For instance, weightlifters and bodybuilders find their genres of music more motivating. They show more endurance, productivity, power, and strength.

#### Keep Your Heartbeat Healthy

Researchers have found that listening to music of any kind can deliver excellent benefits to your cardiovascular health. The beats enable you to breathe better in rhythm with your heartbeats. For instance, when you listen to music while walking, your pace and rhythm of footsteps match with the music. This is why joggers like to listen to music to automatically focus on their heartbeats and keep them healthy.

#### Music Changes Your Perception

This is one of the fascinating psychological facts about music that relates to the way you see the world around you. Have you ever felt that the meaning of a song differs with your age and state of mind? The lyrics and rhythm of music hit hard and deep when you listen to it with emotions. Happy songs make you happier and sad songs help you correlate with the hard truths of life. Your perception of life literally transforms.

#### Music Can Give You a Frisson

A frisson is a strong emotional feeling that music lovers often feel when they listen to their favourite songs and instrumentals. You will feel goosebumps, a hair-raising effect when a certain part of a song plays. One of the scientific facts about music suggests that music has the potential to give pleasure similar to eating good food or enjoying quality time with your close ones.

#### Good for Your Plants Too

It has been proved by researchers that music can make plants grow faster and healthier. Research done by the National Institute of Agricultural Biotechnology, South Korea, suggests how plants can respond to good music and how it influences their growth. If you are a plant person and love listening to music, share it with your plants in the house.

#### Power to Recall Memories

A research journal published in Neuropsychological Rehabilitation depicts the effect of music. It can help patients with brain injury recall certain memories which are not possible to recollect conventionally.

#### Singing Dissolves Stress Excellently

Singing can significantly reduce stress. It is also a psychological impact of listening to music and singing. When you sing or listen to your favourite music, your endocrine system releases stress-busting hormones. We feel relaxed after a day of hard work when we listen to music.

#### Music inside the Womb

One of the music fun facts is that babies can listen to music inside their wombs. They register the type of music and respond accordingly. They move their mouths, hands, and legs to respond when known music is played.

Music helps us to focus and do more work without feeling exhausted. It enables us to concentrate and do our work better. Music escalates our efficiency and accuracy. It also elevates mood and practically keeps our physiological functions in good condition.



Along with clothes Father also decreed that we bring out the cricket bats and the tennis racquet as well. For making them suitable for play. Father had two prized possessions. I will call them NON STATE ACTORS. The first one was the Non Jar cricket bat and other one was the Slazenger tennis racquet. They were his prized possessions preserved with love and care reserved for humans.

# Winter & Non State Actors



Subhash Mathur
*Retd. IRS officer and a free lance writer*

#SEASONS

Just the other day I was reading the New York Times where a small story on Winter season caught my eye.

The story went on to say that in New York also the winter begins on 1st October coinciding with the strong held views by Khemchandji my Father.

How does NY enforce the diktat of start the 'heat season'?

They have found a very simple but a novel solution to enforcement of an obviously intricate law.

They simply 'order' the landlords to keep the buildings heated at 68 degrees during the day if the temperature falls below 55 degrees Fahrenheit, which it often does and 62 at night regardless of the temperature.

New Yorkers also call it the start of the Cosying up season: outcome the second quilts, thicker socks, darkness by dinnertime and inevitably hunkering down in bed early and read and mate.

Just count the number of birthdays in the month of August in your family. They usually add up more than the total for the rest of the 11 months!

That's the power of wintry electric blankets.

It was the same for our joint family in the 60s. We too pegged 1st October as Onset of Winter. As decreed by Father.

Father otherwise a liberal but held fast to just this one rule. He also made sure that this Rule was followed religiously.

Year after year.

Every year.

He insisted that the warm clothes of the family must also be taken out from the large trunks on 1st October.

They were to be spread on cots which were to be placed strategically in the backyard to catch the Sunshine all day till the Sun went down.

The cots here refer to cots made either from 'baan' or white 'neewad'.

You can still come across these cots neatly laid outside the 'chai dhabas' in north India.

The truck wallas use them for eating food as well as for taking naps.

But in 60s these were household items meant for summer sleeping arrangements under the sky.

In the evening the clothes were pulled into the patio to save them from getting dew wet.

The exercise was repeated for next several days till the odious smell of naphthalene balls went away.

Along with clothes Father also decreed that we bring out the cricket bats and the tennis racquet as well.

For making them suitable for play.

Father had two prized possessions.

I will call them NON STATE ACTORS

The first one was the Non Jar cricket bat and other one was the Slazenger tennis racquet.



They were his prized possessions preserved with love and care reserved for humans.

To make the cricket bats ready for use small holes were made by a needle in the cricket bats and then Singer general purpose was oil pushed into these tiny holes.

Then the bats were allowed to stand under the Sun rays for several days.

This made the cricket bats 'play ready' for the upcoming cricket season.

Today the cricket bats come in ready to play like 'show room to the cricket pitch' format.

In those times, day cricket was largely played from October to April season.

Summer season was a big no no for cricket.

Now a-days cricket is played round the year

Some big change indeed!

Back to Non-Jar.

Non Jar was a finely chiselled bat made out of fine wood without any knots.

It was well balanced and felt light in hands of the batsman.

It gave a 'thump' sound if the delivery was played with authority from the middle of the bat. The thump could be heard wide and far.

Of course Father had stopped playing cricket and tennis long ago.

Only Bhai Saheb and I were using the Non Jar. As Bhai Sahib was largely a spin bowler and batted lower down the order he never took the bat with him to the grounds.

But I did as I considered myself in the all-rounder mode but rarely stayed at the crease for long periods of time.

My son Gaurav also played with that Non Jar and enjoyed making some healthy runs. By the way Gaurav was a far superior batter I ever was.

By the time I broke the bat into two playing an extravagant cross batted shot, Father was past caring.

But I can't put that bat out of my mind.

I treat Non Jar as a human and integral part of my life.

I miss it too.

Often.

And tennis racquets also had to be uncaged from their wooden grips and exposed to sunlight to become straight and usable.

It was the same for the Slazenger. The guts were set in a finely carved wood to push the tennis ball across the Net with ease.

Those days the racquet had to be re- gutted every year as well.

And we always went to the Hussain family who were experts at this job but lived 10 kms away at Nahri Ka Naka just below the Nahargarh fort hills.

They used the original animal guts which gave the strings just the kind extra strength and lasted longer.

I enjoyed my tennis years with the Slazenger and never shared the racquet with anyone.

I finally broke the Slazenger into two when I hit it hard on the cement courts having missed a simple volley. Simple Volley but a huge error as far as I was concerned.

Father again just accepted the inevitable without a murmur.

For many years the family followed this tradition. Once the siblings left home for employment the pattern changed. Also the home conditions changed.

How?

Entry of daughters - in - laws and grandchildren changed the family milieu.

They brought in new set of rules and very soon it became free for all.

But in my mind I still treat 1st October as the onset of winter.

But winter is more than just about warm clothes and cricket bats.

It's also about holidays after the gruelling half yearlies.

It's about cold weather and foodie time

It's also about fun in the snow and snacking on Hot Dogs.

It's about Beer in the afternoons and Black dog with yummy Shamis in the evening.

And it's about Bonfire and Barbecue on the Charcoal.

Its fun time frolic time, with gaiety thrown in for good measure.

It's also about singing Christmas Carrols and ringing in the New Year!

So here's wishing my readers and everyone else A Merry Christmas and a Happy New Year 23.

Ciao.


writetoarbit@rashtradoot.com


Barbeque.





Tennis racquet in olden days.


Tennis racquet in cage.


> They simply 'order' the landlords to keep the buildings heated at 68 degrees during the day if the temperature falls below 55 degrees Fahrenheit, which it often does and 62 at night regardless of the temperature. New Yorkers also call it the start of the Cosying up season: outcome the second quilts, thicker socks, darkness by dinnertime and inevitably hunkering down in bed early and read and mate.




#TREATMENT

## Dark Therapy

Amblyopia is a condition where the brain can't recognize sight from one eye and favours the other eye.



A new pilot study in mice investigates the mechanisms that underlie a treatment for patients with amblyopia, also known as "lazy eye."

Amblyopia is a condition where the brain can't recognize sight from one eye and favours the other eye.

One therapy that shows promise for addressing the condition in adult patients is transient dark exposure, in which a patient has an occlusion that caused their amblyopia removed and lives in darkness for a few days.

The researchers found evidence that a week after transient dark exposure, the brain's neural networks adjust the way they process visual information thereby improving vision.

"One of the big things in neuroscience is to try to understand how we have stable perception," says Sandra Kuhlman, assistant professor of biological sciences at Carnegie Mellon University and the head of the Kuhlman Lab.

Brian Jeon, a postdoctoral fellow and graduate of Carnegie Mellon's biological sciences department,



conceived the study as a PhD student working in Kuhlman's lab.

"Transient dark exposure is a treatment that people are exploring in humans," Jeon says. "We said, 'hey, maybe this has to do with how the brain encodes information, and maybe that gets disrupted when you remove inputs for an extended period of time.' We found there is some room for change, but actually, the system is very resilient."

For the study the researchers used two-photon calcium imaging to record neural activity in adult mice before and after transient dark exposure. This technique allows scientists to measure entire networks of neurons in living models.

At the beginning of the study, the researchers presented the mice with visual stimuli, and recorded their neural responses. After darkness exposure for eight days, the same stimuli were presented again to the mice and their visual responses were also recorded.

Brian's data helps shed light on the various, complex factors that drive plasticity in the visual cortex, and bring us one step closer to understanding how eye injury and disease might affect visual perception.

#SCIENCE

# Why is half the Universe missing?


In addition to the ordinary form of matter that makes up you and me, there exists an exotic form, called antimatter.


Scientists know an astonishing number of exotic things. For instance, we know that the Universe began nearly 14 billion years ago in a cataclysmic event called the Big Bang. The first experimental evidence that the Big Bang happened was reported in 1929, and the case has only strengthened in the last century. There is no credible doubt that it happened.

We also know that, in addition to the ordinary form of matter that makes up you and me, there exists an exotic form, called antimatter that has the property that when it touches ordinary matter, the two annihilate each other in a staggeringly large flash of energy. Indeed, a gram of antimatter, when brought into contact with a gram of matter, would release about the same amount of energy as the 1945 atomic bomb that devastated Hiroshima.

### The Matter with Antimatter

While the data proving both the existence of the Big Bang and antimatter are simply overwhelming, there is a problem. When one combines these two facts, a puzzling mystery arises:





They cannot simultaneously be true, or at a minimum, the story is incomplete.

Here's the problem. When the Universe began, the cosmos was full of energy. Energy can convert into matter and antimatter. As the Universe expanded and cooled, all that energy should have made matter and antimatter in equal quantities. Yet, when we look around us, we are left with a puzzling observation: The Universe we see is made solely of matter.

### Is it in a galaxy far, far away?

A common suggestion is that maybe antimatter is just "out there" in the Universe. After all, if matter and antimatter don't touch, there's no problem. In principle, the Moon could be antimatter. However, we know this isn't true.

Exploration of other planetary objects results in the same conclusion for our cosmic neighbourhood: The solar system is made of matter. But what about other stars? We can be certain that other stars in the Milky Way galaxy are also made of matter.

Stars like our Sun are constantly emitting particles, what is called in our planetary system "the solar wind." Basically, it consists of atoms from the Sun that fly out into interstellar space.

If there existed antimatter stars, they would shoot out antimatter atoms, and matter and antimatter atoms would intermix in the depths between the stars. Occasionally, matter and antimatter atoms would touch and annihilate. When that happened, the result would be a very specific form of gamma radiation (which are like very energetic X-rays).

Because no such gamma radiation has been detected, we are certain that other stars are also made of matter. And the same principle rules out the existence of antimatter galaxies. In the intergalactic void between galaxies, clouds of gas surrounding the galaxies would touch, and we would know if a matter and antimatter cloud comingled.

### So, where is all the antimatter?

If we are not saved by the possibility that matter and antimatter galaxies exist, where are we? We are left with the very strange possibility that somehow, when the Universe began, there was more matter than antimatter. And, indeed, this appears to be the case.

Evidence indicates that very early in the history of the Universe, less than a second after it began, for every two billion antimatter particles, there were two billion and one matter particles. The two billion matter and antimatter particles annihilated each other, leaving the one matter particle to join up with all the other leftover matter particles to make up the matter we now see around us.


The energy released when the matter and antimatter annihilated is everywhere. We see it as a bath of radio waves, called the cosmic microwave background radiation (CMB). It's by measuring the CMB and counting the protons in the Universe that the matter-to-antimatter ratio was determined.

### An Asymmetry Mystery


How is it possible that there could be a tiny imbalance in the matter and antimatter of the early Universe? We don't know, but scientists have some ideas.

For instance, in the 1960s, scientists discovered that the Universe slightly favors certain subatomic matter particles over their antimatter equivalents. These particles are called quarks. However, the disparity between quark and antimatter quarks isn't enough to explain the Universe, so researchers have another idea.

Neutrinos are very low mass particles that are produced in some forms of radioactive decay, and the biggest nearby producer of neutrinos is our own Sun. Researchers are building particle accelerators and detectors to study the behaviour of neutrinos and antimatter neutrinos to see if they are different. If neutrinos and antimatter neutrinos act differently, it could be the answer to the mystery - which might mean that our Universe formed via leptogenesis ("creation from low-mass particles").



## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# अजमेर विकास प्राधिकरण ने 20 साल पहले बनी गुमटियां हटाईं

## सड़क चौड़ा करने व सौन्दर्यकरण के लिए की कार्रवाई

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को सेंटर जेल के सामने पुलिस लाइन रास्ते पर बनी 20 साल पुरानी गुमटियों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। आगामी 26 जनवरी को पुलिस लाइन मैदान में होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के चलते अप्रोच सड़कों को चौड़ा करने व सौंदर्यकारण के लिए यह कार्यवाही अंजाम दी गई। वहीं पुलिस लाइन व्यापारिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों के नेतृत्व में गुमटी संचालकों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर अन्य स्थान पर गुमटियां आवंटित करने की मांग की।

अजमेर विकास प्राधिकरण के तहसीलदार आबिद अली ने बताया कि एडीए के आयुक्त अक्षय गोदारा के दिशा निर्देश अनुसार गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन मैदान व इसकी अप्रोच सड़कों को चौड़ा करने के लिए जयपुर रोड से पुलिस लाइन के बीच मार्ग को चौड़ा किया जाएगा, इसके लिए पुलिस लाइन रोड पर बनी 20 साल पुरानी गुमटियों को हटाया गया है। तहसीलदार आबिद अली ने बताया कि करीब 20 साल पहले यह गुमटियां बेरोजगारों को आवंटित की गई थी लेकिन गुमटियों के मूल आवंटी नहीं रहे।



अजमेर विकास प्राधिकरण के दस्ते ने पुलिस लाइन के रास्ते पर बनी गुमटियों को हटाया।

स्मार्ट सिटी योजना के तहत सड़क चौड़ा करने और सौन्दर्यकरण के लिए 12 गुमटियों को हटाने की कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि विकास कार्यो के चलते आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह पुलिस लाइन मैदान में ही आयोजित होगा। इसके चलते अप्रोच मार्ग को चौड़ाईकरण करने व सौन्दर्यकरण के बीच में यह गुमटियां बाधक बन हुई थी। मुख्यमंत्री रोजगार योजना के तहत वर्ष 2002 में इन गुमटियों का आवंटन रोजगार खोलने के लिए किया गया था, जिसकी लीज अवधि वर्ष 2012 में ही समाप्त हो गई, इनके मूल आवंटी में भी रहे हैं, ऐसे में सभी गुमटियां अनाधिकृत है। पुलिस लाइन से जयपुर रोड पर पानी भरने की समस्या है और ऐसे में नाले का निर्माण किया जाएगा, इसको लेकर अनाधिकृत बनी गुमटियों के निर्माण को हटाया गया। कब्जा धारियों ने विरोध भी जताया लेकिन प्रशासन के दल ने सख्ती दिखाते हुए दस से बारह गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की।

मुख्यमंत्री योजना के अन्तर्गत अजमेर में अनेक स्थानों पर गुमटियां बनाकर बेरोजगार लोगों को रोजगार के लिए उपलब्ध करवाई गई थी। बोर्ड ऑफिस के पास पुलिस लाइंस में भी गुमटी वाले अपनी अपनी गुमटियों में रोजगार से अपने परिवार का लालन पालन कर रहे है। अजमेर विकास प्राधिकारण द्वारा मार्ग को चौड़ा करने के नाम पर मंगलगवार को गुमटियों को तोड़ दिया गया। पुलिस लाईन्स व लोहा खान व्यापारिक एसोसिएशन अध्यक्ष रणवीर सैनी, श्री अजमेर व्यापाकि महासंघ महासचिव रमेश लालवानी, राजस्थान राज्य कर्मचारी एकीकृत महासंघ के अध्यक्ष कांति शर्मा और पार्षद निक्की तूनवाल के नेतृत्व में गुमटी धारकों ने जिला कलेक्टर अंशदीप को ज्ञापन सौंपकर बेरोजगार नहीं किए जाने व अन्य स्थान उपलब्ध कराने की मांग की। ग्राम लोहागढ़ स्थित फुट मार्ग अधिकार क्षेत्र में आ रहे अतिक्रमण को भी मंगलवार को हटाया गया।


**■ गुमटी संचालकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप अन्य स्थान पर गुमटियां आवंटित करने की मांग की**

# वृद्धा के साथ धोखाधड़ी करने का फरार आरोपी गिरफ्तार

## मवेशी खरीदने के नाम पर वृद्धा के साथ धोखाधड़ी की थी

**राजसमंद, (निसं)।** वृद्ध महिला के साथ मवेशी खरीदने के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोप में चारभुजा थाना पुलिस ने पिछले 6 माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। चारभुजा थानाधिकारी भवानी शंकर ने बताया कि धोखाधडी के मामले में पुलिस ने फिरोज खान (33) पुत्र जमिल अहमद उर्फ बुन्दु भाई निवासी कुरैशी मोहल्ला आमेट को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में अकरम पुत्र सलीम मोहम्मद कुरैशी निवासी घाणेराव देसूरी जिला पाली को गिरफ्तार किया गया था।

थानाधिकारी भवानीशंकर ने बताया कि 4 जुलाई को प्रार्थीया पारस कुंवर (55) पत्नी प्रतापसिंह सोलंकी निवासी निमडी चारभुजा ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मार्च 2022 में अकरम पुत्र सलीम मोहम्मद कुरैशी निवासी घाणेराव देसूरी जिला पाली एवं फिरोज खान (33) पुत्र जमिल अहमद उर्फ बुन्दु भाई निवासी आमेट वृद्ध प्रार्थीया के घर पहुंचे तथा प्रार्थीया से उसके 12 नग बकरे तथा बकरी का 52 हजार रुपये में सौदा तय किया। इसके बाद उन्होंने पीडिता को दो हजार रुपये नकद दिए और वृद्धा को बातों में उलझाते हुए शेष रकम 50 हजार रुपए दो-चार दिन बाद देने का विश्वास दिलाया। इसके बाद वृद्धा ने शेष रकम की मांग करने पर तो आरोपियों ने अपने आप को आमेट थाने का हिस्ट्रीशीटर बताते हुए शेष रकम देने में आनाकानी करने लगे।



चारभुजा थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन करते हुए पहले अकरम पुत्र सलीम मोहम्मद कुरैशी को गिरफ्तार कर आरोपी से चोरी के चार बकरे बरामद किए। अकरम की गिरफ्तारी की भनक लगने पर फिरोज खान फरार हो गया। इस पर एसपी सुधीर चौधरी, एएसपी शिवलाल बैरवा के द्वारा वांछितों की धरपकड को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए थानाधिकारी भवानीशंकर के नेतृत्व में सउनि प्रतापसिंह, हेड कांस्टेबल फतहसिंह, आसूचना अधिकारी रामकरण, कोंस्टेबल भगवानराम को शामिल करते हुए टीम का गठन कर बस्सी, चित्तौडगढ, कपासन, नाथद्वारा, आमेट, ब्यावर आदि जगहों पर आरोपी की तलाश की गई। आखिर में आरोपी फिरोज खान को को ब्यावर से गिरफ्तार किया गया।

# हिण्डौन के गांवों में सर्दी में भी पेयजल संकट

## करीब आधा दर्जन गांवों में दस दिन से बंद है पेयजल आपूर्ति



पेयजल संकट से आक्रोशित लोगों ने तहसीलदार महेंद्र मीना ( बाएं से पहले ) को ज्ञापन सौंप समस्या के निराकरण की मांग की।

**हिण्डौन सिटी, (का.सं.)।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 51 के कई गांवों में सर्दी में भी पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। आक्रोशित लोगों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर जलदाय विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद पेयजल की समस्याओं को लेकर तहसीलदार महेंद्र मीना कोही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो मुख्य राइजिंग लाइन से अन्य क्षेत्रों में हो रही जलापूर्ति ठप कर दिया जाएगा।

नगर परिषद प्रतिपक्ष नेता दिनेश चन्द सैनी ने बताया कि मेहंदीबाडा, खिजुरवाडा, करसौली, बैधवाड़ा, कैमरी वालो का पुरा, सोहनपाल, धुत्तक की ढ ाणी सहित दर्जनों गांवों व ढ ाणी में मुख्य राइजिंग लाइन से की जा रही जलापूर्ति पिछले 10 दिनों से बंद है। पेयजलापूर्ति को लेकर नई पाइप लाइन बिछानी चाहिए, जिससे समस्या का समाधान हो सके। वार्ड 51 में राज्य सरकार की योजना के तहत पेयजल आपूर्ति के लिए 20 सोलर प्लांट नलकूप स्थापित किया गया था।

पीएचईडी विभाग द्वारा रख रखाव और देखभाल नहीं करने के कारण सभी प्लांट करीब 3 वर्षों से खराब होकर शो पीस बने हुए है। जिसके चलते पेयजलापूर्ति को लेकर शुरू की गई योजना कारगार नहीं हो पाई। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर परिषद प्रतिपक्ष नेता दिनेश सैनी के साथ ध्यानसिंह, विष्णु, भूरसिंह सैनी, रामबाबू, हजारी लाल, सियाराम सैनी सहित काफी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

# पेपर लीक मामले में भाजयुमो का प्रदर्शन

**जालोर, (कासं)।** प्रदेश में द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती प्रतियोगी परीक्षा के पेपर लीक मामले में हुई अनियमितताओं की जांच सी.बी.आई से करवाने को लेकर मंगलवार को भाजपा युवा मोर्चा जालोर ने राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर जालोर निशांत जैन को ज्ञापन सौपा। वही भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुतला फूंका।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिसोदिया ने कहा कि पेपर लीक कोई नया मामला नही है। पिछले चार सालो 16 से अधिक पेपर लीक हुऐ है, जिसमें प्रदेश कांग्रेस सरकार ने पेपर माफियाओं पर कोई लगाम नही लगाई है और नतीजे आपके सामने है। पिछले चार सालो में एक भी भर्ती परीक्षा बिना घोटाले के नही हुई है और अब यह द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती प्रतियोगी परीक्षा का सामान्य ज्ञान पेपर लीक का मामला, कड़कडाती ठंड में बेरोजगार युवाओं के सपनो के साथ घोर अन्याय हुआ है। राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों से राज्य की जनता त्रस्त हो चुकी है, किसान बेहाल हो चुके है। लेकिन राज्य सरकार ने सौ दिन में कर्ज माफी का वादा किया था, जो अभी तक पुरा नही हुआ। द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती प्रतियोगी परीक्षा का सामान्य ज्ञान पेपर लीक का मामला अभ्यार्थियों के भविष्य को प्रभावित करता है और पेपर लीक के आरोप सरकारी कर्मचारियों व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर लग रहे है। भाजयुमो इस अभ्यावेदन के माध्यम से द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती प्रतियोगी परीक्षा के पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष जांच सी.बी.आई से कराने की मांग करता है। इससे पूर्व भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने सीएम का पूतला फूंक नारेबाजी की। प्रदर्शन में पूर्व मंत्री भूपेंद्र देवासी आदि मौजूद रहे।

# कोहरे की सफेद चादर में लिपटा सादुलपुर, सर्दी ने दिखाये तीखे तेवर



सादुलपुर क्षेत्र की वाल्मीकि बस्ती के पास अलाव के सहारे कड़ाके ठण्ड से राहत पाने का प्रयास करता सांड।

**सादुलपुर, (कासं)।** मंगलवार को सादुलपुर क्षेत्र घने कोहरे के चलते सफेद चादर की भांती नजर आया। वहीं बढते कोहरे से जहाँ किसान फसलों की बढवार को लेकर खुश नजर आये, वहीं दूसरी ओर घने कोहरे के कारण आमजन का जन-जीवन अस्त-व्यस्त नजर आया। वहीं पाला पडने की आंशका के चलते किसानों में मायूसी भी नजर आई। साथ ही एक सप्ताह से लगातार कोहरे ने सादुलपुर क्षेत्र को अपनी आगोस में ले रखा है। तो दूसरी तरफ सर्दी भी अपना रूद्र रूप दिखा रही है। पिछले तीन-चार दिनों से पड रही कडाके की ठण्ड से आमजन के साथ-साथ जीव जंतू भी कांपते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही तेज सर्दी से फसलो के नुकसान की आशंका भी बढती जा रही है। हांलाकि कोहरा फसलों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। तथा तेज सर्दी से धोरों पर बर्फ सी जमी हुई नजर आती है।

किसानों का कहना है कि तेज सर्दी फसलों पर विपरित प्रभाव डाल सकती है। इसके साथ-साथ सर्दी के बचाव के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। तथा दोहपर तीन बजे के बाद शाम होते ही गलियां व बाजार में सुनसान नजर आने लगी है। दुसरी तरफ घने कोहरे ने वाहनों की गति पर भी ब्रेक लगा लिया है। हाईवें पर वाहन रेंगते हुए चलते नजर आये। और वाहन चालक हेड लाइट तथा इंडिकेटर जलाकर चल रहे हैं। वाहन चालक सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि कोहरे में वाहन चालकों को जान हथेली पर लेकर बडी सावधानी के साथ चलना पडता है। तथा हल्की सी नजर चूकने पर अनहोनी की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता है। वहीं किसानों का कहना है कि लगतार आ रही धंवर कोहरे से आगामी अच्छे जमाने का अनुमान लग रहा है, लेकिन वर्तमान में मावठ की सख्त जरूरत है।

# अशैक्षणिक कार्मिकों के पी.एफ. कटौती के विरोध में कुलपति का घेराव



एकीकृत महासंघ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष भंवर पुरोहित के नेतृत्व में कुलपति का घेराव कर विरोध जताया।

**बीकानेर, (कासं)।** अशैक्षणिक कार्मिकों के श्रम कानूनों के विरुद्ध पी. एफ. की असंवैधानिक कटौती के विरोध में तकनीकी विश्वविद्यालय में एकीकृत महासंघ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष भंवर पुरोहित के नेतृत्व में आज जिलाध्यक्ष विजय सिंह राठौड़, जिलाध्यक्ष तकनीकी कर्मचारी संघ रमेश चंद्र उपाध्याय, संभाग अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह फौजी, जिलाध्यक्ष जलदाय विभाग अजयपाल सिंह तंवर एवं हितेश अजवानी ने कुलपति का घेराव किया गया।

घेराव में हुई वार्ता के दौरान यूसीईटी के अशैक्षणिक कार्मिकों के श्रम कानूनों के विरुद्ध पी. एफ. की असंवैधानिक कटौती एवं 05 वर्षों से रोकी गई वेतन बढ़ोतरी के संबंध में वार्ता की गई। पी. एफ. कटौती के संदर्भ में लेखा शाखा द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट को तुरंत सार्वजनिक करते हुए पी. एफ कटौती को नियमानुसार किया जाए, जिसे प्रशासन द्वारा एक माह से भी अधिक समय से दबाकर रखा गया है और साथ ही पांच वर्षों से रोकी हुई वेतन बढ़ोतरी को जारी किया जाए एवं आगामी बॉम बैठक में कार्मिकों के पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाए आदि मांगें कुलपति के समक्ष रखी गई।

प्रो. अंबरीश शरण विद्यार्थी, बी टी यू द्वारा अशैक्षणिक कार्मिकों के माह दिसम्बर 2022 के वेतन में पी. एफ राशि नियमानुसार करने एवं रोकी गई बढ़ोतरी को जारी करने का आश्वासन देते हुए पूरे प्रकरण पर विश्वविद्यालय के दो एवं महासंघ के एक नामित सदस्यों की समिति का गठन करने एवं 7 दिवस में उस समिति को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए। कुलपति के घेराव में एकीकृत महासंघ की यूसीईटी इकाई अध्यक्ष रमेश उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

**■ समस्याओं के समाधान के लिए समिति का गठन**

# राजस्थान में परीक्षा आउट करने वालों की फैक्ट्री संचालित : राज्यवर्धन सिंह राठौड़

## 'राजस्थान अपराध, बलात्कार, भ्रष्टाचार आदि में नंबर एक पर आ गया है'

**हलैना, (निस)** राजस्थान में एक नहीं दो नहीं पूरे सोलह बार गोपनीय परीक्षाओं के पेपर आउट हुए हैं। जिससे जहां एक तरफ हमारे मेहनतकश योग्य युवाओं का भविष्य गर्त में है, वहीं अयोग्य युवाओं के सलेक्शन होने पर राज्य भी शर्मसार है। बार-बार गोपनीय परीक्षाओं के पेपर आउट होते देख ऐसा लगता है मानो राजस्थान में परीक्षाएं रद्द करने वालों की फैक्ट्री लगी हुई है।

उक्त विचार पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा के केंद्रीय प्रवक्ता कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने हलेना कस्बे में आयोजित एक मैरिज होम में पार्टी की ओर से आयोजित जन आक्रोश यात्रा के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान अपराध बलात्कार भ्रष्टाचार आदि में नंबर एक पर आ गया है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने राजस्थान सरकार को 27 हजार करोड रुपए हर घर नल द्वारा जल पहुंचाने के लिए दिए लेकिन अखंड भ्रष्टाचार में डूबी निकम्मी सरकार 4 साल में मात्र



हलैना में जनाक्रोश यात्रा के समापन समारोह में मौजूद भाजपा नेता।

साढ़े 4 हजार करोड रुपए ही खर्च कर पाई है। सांसद रंजीता कोली ने कहा कि जिले में 4 मंत्री तथा दो विभिन्न बोर्डों के अध्यक्ष होने के बाद ही भरतपुर में विकास कार्य नहीं हुए बल्कि आए दिन लूटपाट चोरी और अपराध बढ़ रहे हैं।

पूर्व सांसद रामस्वरूप सिंह कोली ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के मंत्री और उसके विधायकों ने भ्रष्टाचार व लूट मचा रखी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने अपने परिजनों को प्रशासनिक अधिकारी बनवा दिया। इसी तरह एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र मीणा ने राजस्थान सरकार को बेईमान सरकार बताते इसे उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। कार्यक्रम में गोपाल पहाड़िया, शिवानी दायमा, पंकज बिजवारी, गजेंद्र सिंह टंटा, कोमल महावर, अंतरसिंह पगारिया, डॉ अशोक सिंह, प्रोफेसर जग्गो सिंह, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष उदय सिंह, राकेश किराड, पंकज रामनगर, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ पवन धाकड़, पूर्व जिला प्रमुख द्वारका प्रसाद गोयल सुनील, भूपेश, भाजपा ग्रामीण मंडल भुसावर अध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सोहन सिंह एवं शिव सिंह देवर ने किया। जब कि आभार पंकज बिजवारी ने प्रकट किया।

**■ केंद्र की हर घर नल योजना में दिए 27 हजार करोड़ रुपए में से मात्र चार हजार करोड़ ही खर्च हुए**

## संक्षिप्त

### जैन समाज ने मौन जुलूस निकाला

**सांभरझील, (निसं)।** यहां सकल दिगंबर जैन समाज की ओर से शिखर बचाओ आंदोलन के तहत नगर के प्रमुख रास्तों से मौन जुलूस निकाला गया। समुद्र शिखर हमें प्राणों से प्यारा है, यहां की पावन मिट्टी का कण-कण हमारा है का संदेश भी दिया गया। सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने से जैन समाज नाराज है। समाज जनों का कहना है, विश्व जैन संगठन के आव्हान पर देश भर में जैन समाज आंदोलन कर रहा है। जैन समाज के लोगों के द्वारा मौन जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया । सकल जैन समाज सांभर के महिला पुरुषों युवाओं के द्वारा हाथों में तख्तियां लेकर पुरानी धानमंडी स्थित शांति दिगंबर जैन मंदिर से कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुऐ उपखंड अधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन देकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

### शांतिभंग में 8 जने गिरफ्तार

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** उनियारा उपखंड क्षेत्र के सोप थाना परिसर में जमीन विवाद को लेकर शांति भंग करना भारी पड़ गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने 8 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। सोप थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि नैनूलाल हैड कानि. मय जाप्ता द्वारा थाना परिसर सोप में जनसुनवाई के दौरान खातेदारी जमीन तथा कब्जाशुदा जमीन के विवाद को लेकर लडाई झगडा कर शांति भंग करने के जुर्म में मुरारीलाल पुत्र कान्हा माली, बलराम पुत्र माधोलाल माली, मिश्रीलाल पुत्र रामनारायण माली, कन्हैयालाल पुत्र हजारीलाल माली, सीताराम पुत्र शंकरलाल माली, नन्दकिशोर पुत्र बंशीलाल माली, लड्डुलाल पुत्र हजारीलाल माली, तथा रमेश पुत्र केसरलाल माली निवासीगण मुबारक नगर थाना सोप को धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार किया गया।

### बृजेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष बने

**राजगढ़, (निसं)।** अलवर राजस्थान अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह बबेली को चुना गया है। बबेली का चुनाव प्रदेश अध्यक्ष सोहनलल निर्वाचन अधिकारी योगेंद्र सिंह जादौन एवं पर्यवेक्षक रामचंद्र मीणा की देखरेख में संपन्न हुए। राजस्थान अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ के संयोजक श्याम प्रकाश तिवाडी ने बताया कि जिला अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह का सम्मान समारोह 28 दिसंबर को दोपहर 1 पंचायत समिति सभागार में होगा। इस समारोह में प्रधान पंचायत समिति भौरी देवी राठौड़ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होगी।

### पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड नं 13 में स्थित चांदा वाले बालाजी मंदिर में पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। समाजसेवी संतलाल स्वामी ने बालाजी मंदिर में हलवे व पकोड़े का भोग लगाया। इसके पश्चात प्रसाद वितरित किया गया।इस अवसर पर भगवान सहाय वैष्णव,पप्पू स्वामी,पार्षद रविशंकर स्वामी,मुकेश वैष्णव, राजेन्द्र वैष्णव सहित अनेक भक्त जन मौजूद रहे।

# बाइक चोरी के मामले में शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम वंदिता राणा ने बताया कि 23 दिसंबर को परिवादी राजेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र सीताराम शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी बागड़ा बृज की ढाणी सिंगोद कला पुलिस थाना गोविन्दगढ़ जिला जयपुर ने थाना चौमू पर एक रिपोर्ट पेश की कि मैं धर्म कांटे के पीछे शर्मा चाट भंडार की फर्म की मिठाई बनाने का कारखाने पर काम करता हूं।

22 दिसंबर को रात्रि में मेरी मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स नम्बर आर जे 41 एस डी 2086 जो कि मेरे भाई के नाम से है। जिसकी डिग्गी में मेंरे कार्ड, एटीएम कार्ड, आरसी, लाइसेंस, इंश्योरेंस अन्य सामान है को राजू चुरा कर ले गया। आदि रिपोर्ट पर थाना चौमू पर मुकदमा दर्ज कर मुल्जिम की तलाश प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए व आए दिन हो रही वाहन चोरियों की वारदात की रोकथाम व वाहन चोरों की तलाश हेतु अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राम सिंह शेखावत व सहायक पुलिस उपायुक्त चौमू राजेंद्र सिंह निर्वाण को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। जिनके निर्देशन में चौमू थानाधिकारी विक्रांत शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर वाहन चोर की तलाश करने के दिशा निर्देश दिए गए।



चौंमू थाना पुलिस ने वाहन चोर को गिरफ्तार किया।

गठित टीम द्वारा वाहन चोर की तलाश के अथक प्रयास के बाद

■ मुल्जिम के कब्जे से चुराई गई बाइक बरामद

मंगलवार को मुल्जिम राजू लाल को नागौर सिटी, जिला नागौर से डिटेन कर प्रकरण हाजा में गिरफ्तार किया गया। साथ ही उसके कब्जे से प्रकरण हाजा का माल मशरूम मोटरसाइकिल भी बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। मुल्जिम से गहन अनुसंधान जारी है वहीं पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार मुल्जिम राजू लाल पुत्र मंगलचंद जाति अहीर उम्र 32 साल निवासी जादू वाली ढाणी सिंगोद कला पुलिस थाना गोविन्दगढ़ जिला जयपुर ग्रामीण का रहने वाला है।

मुल्जिम राजू पूर्व में भी थाना कुचामन सिटी, जिला नागौर के मुकदमा नम्बर 274 / 22 धारा 379 आईपीएस व थाना गोविन्दगढ़ जिला जयपुर ग्रामीण के मुकदमा नम्बर 384/ 22 धारा 379 आईपीसी में गिरफ्तार होकर न्यायिक अभिरक्षा में जा चुका है। मुल्जिम राजू लाल के कब्जे से मोटरसाईकिल बरामद कर ली गई है।

## सोने की चेन लूटने वाले गिरफ्तार

**सांभरझील, (निसं)।** यहां राजपथ निवासी एक वृद्ध महिला के गले से सोने की चेन तोड़कर फरार हुई दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सांभर पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है।

थानाधिकारी राजेंद्र कुमार यादव ने बताया कि गत 14 दिसंबर को अपने घर के बाहर चबूतरे पर बैठी वृद्ध महिला के गले से सोने की चेन तोड़कर मोटरसाइकिल सवार दो जने फरार हो गए थे। इस मामले में अज्ञात मुलजिमों के खिलाफ वृद्धा के पोते की ओर से प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। पकड़ा गया आरोपी आमिर खान पुत्र स्माइल खान उम्र 28 साल जाति देशवाली निवासी गोविंद नगर, वार्ड नंबर 7, सिराणा रोड किशनगढ़ थाना गांधीनगर जिला अजमेर हाल निवासी देशवाली कॉलोनी सीडीएम हॉस्पिटल के पास, थाना मकराना जिला नागौर का रहने वाला है जिसके खिलाफ विभिन्न थानों में 16 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज है। पकड़ा गया दूसरा आरोपी राहुल शेखावत पुत्र भेरूसिंह शेखावत जाति राजपूत उम्र 27 साल निवासी जोरावरा नगर थाना श्रीमाधोपुर जिला सीकर हाल निवासी 69 ए, देवी नगर, रावणा गेट, कालवाड़ रोड, पुलिस थाना करधनी, जिला जयपुर के खिलाफ विभिन्न थानों में छह आपराधिक मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए मुलजिमों ने पूछताछ में अजमेर, नागौर, सांभर में अनेक बारदातें करना कबूल किया है।

## सार-समाचार

### रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन




**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** सर्व समाज श्रीमाधोपुर के द्वारा आयोजित मां सावित्री बाई फुले जयंती 3 जनवरी 2023 के अवसर पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया। सुरेश ड्राइविंग ने बताया कि इस अवसर पर देव स्वामी , मुकेश सैनी, के के मंगलम, महेश सैनी मुकेश ,श्री राम कुमावत, अप्पू बराला, कोमल शेखावत, दीपिका जांगिड़ ,पूर्ण सांखला , दिनेश स्वामी , मुकेश मूड , देवीलाल चौधरी, रामकिशोर यादव, बाबूलाल कुमावत, बंटी, गगन, कैलाश, हरदेव सैनी, हरि सैनी, राजकुमार ,इंद्राज कुमावत सहित रक्तदान समिति के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।सभी कार्यकर्ताओं ने शिविर को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा जनसंपर्क करने के लिए जिम्मेदारियां ली है।

### शीतला माता मंदिर में मेले जैसा माहौल

**चाकसू, (निसं)।** गायों में आए लंपी रोग के बाद शील की डूंगरी स्थित शीतला माता मंदिर में गायों को रोग से बचाने के लिए अरदास लेकर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ थोड़ी मंद पड़ी ही थी कि एक बार फिर कोरोना वायरस की आहट सुनकर दूर-दूर से श्रद्धालु माता के अरदास लगाने के लिए पहुंचने लगे हैं और एक अघोषित मेला फिर लगने लगा है। सोमवार को भी आस्था का प्रतीक शीतला माता मंदिर में दूरदराज क्षेत्रों से आए महिला श्रद्धालुओं रेला उमड़ पड़ा और ठंडे पकवानों का भोग लगाकर साप्ताहिक 7 दिन की व्रत कथा की रस्म को कर चर्म रोगों से दूर करने एवं परिवार की मंगल कामना की अरदास लगा रहे हैं वही सैकड़ों की संख्या में दुकान लगाकर दुकानदार अपनी रोजी-रोटी कर रहे हैं ।

### ब्राह्मण महासभा की इकाई गठित

**पावटा, (निसं)।** तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा के तत्वावधान में एक स्कूल परिसर में आयोजित बैठक के अंतर्गत तहसील ब्राह्मण महासभा पावटा अध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में तहसील ब्राह्मण महासभा भांकरी की इकाई का गठन किया गया। बैठक में तहसील ब्राह्मण महासभा भांकरी की इकाई का गठन करते हुए संरक्षक पद पर मुरारीलाल शर्मा, अध्यक्ष पद पर सतीश चंद शर्मा, उपाध्यक्ष पद पर शंभू दयाल शर्मा, मंत्री ओमप्रकाश जोशी, महामंत्री महेंद्र पुजारी, कोषाध्यक्ष मुरारीलाल शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, उप कोषाध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र कुमार शर्मा आदाली, सुभाष शर्मा, महेंद्र कुमार शर्मा, जनार्दन शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, मधुसूदन शर्मा, श्यामसुंदर पारीक, सतीश चंद्र पारीक, केशव कांत, रमेश चंद्र, कुलदीप शर्मा, नवल किशोर शर्मा को मनोनीत किया गया है।

### घायल श्रमिका की मौत

**टोंक, (नि.स.)।** नवनिर्माणाधीन भवन की छत से तीन दिन पूर्व गिर कर घायल हुई श्रमिका की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पुरानी टोंक थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व नवनिर्माणाधीन मकान की छत से श्रमिका गीता देवी पत्नी मनराज बैरवा 35 वर्ष गिर कर घायल हो गई थी, जिसे सआदत अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां हालत चिंता जनक होने पर जयपुर रेफर कर दिया गया था। जिसकी मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुरानी टोंक थाना प्रभारी उदयवीर सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## भागवत कथा को लेकर शोभायात्रा निकाली

**अलवर, (निसं)।** कठूमर उपखंड क्षेत्र के ग्राम टिटपुरी स्थित बेनामी संत भरत दास आश्रम पर महंत शिव चेतनदास महाराज के सानिध्य में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ समारोह कार्यक्रम के आयोजन को लेकर मंगलवार श्रीमद् भागवत पुस्तक को सिर पर रख कर गाजे बाजे के साथ महिलाओं ने पीले व केसरिया परिधान के साथ अपने सिर पर कलश रख कर नगर परिक्रमा की गई।

इस दौरान श्रद्धालु रामवीर ने बताया कि बेनामी संत भरतदास, नेमीदास, प्रकाश दास, श्याम दास, प्रेमदास महाराज की यादगार में संत भरत दास बाबा का 93 वां महोत्सव के तहत कार्यक्रम का आयोजन का मंगलवार को शुभारंभ हुआ, जिसमें राष्ट्रीय क्रांतिकारी संत गंगागिरी जी महाराज के मुखारविंद से कथा का वाचन प्रात: 11से 4:30 तक किया जाएगा। इस दौरान प्रेमानंद, रामकरण दास, वीरचेतन, रामदास को जिम्मेदारी सौंपी गई।

# युवा कांग्रेस कार्यकर्ता बारेठ व गुप्ता के लिए यादगार बनी भारत जोड़ो यात्रा

■ आशीष गुप्ता ने राजस्थान के प्रवेश द्वार से हरियाणा सीमा तक 570 किलोमीटर की यात्रा तय की

■ संजीव बारेठ ने मालाखेड़ा में किया मंच का संचालन

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा किशनगढ़ बास के दो युवाओं के लिए खास होने के साथ यादगार बन गई है। इनमें एक का नाम है संजीव बारेठ और दूसरे का चीनू उर्फ आशीष गुप्ता दोनों ही ने कभी नहीं सोचा था राहुल के साथ चलने बैठने और सभा का संचालन करने का मौका भी मिलेगा।

राहुल गांधी के साथ 570 किलोमीटर की पैदल यात्रा करने वाले युवा चीनू उर्फ आशीष गुप्ता चाय की स्टाल लगाने वाले कैलाश चंद्र गुप्ता के बेटे हैं। दूसरे संजीव बारेठ पदम श्री कृषि पंडित कवि वरिष्ठ कांग्रेस नेता सूर्यदेव सिंह बारेठ के पुत्र हैं। संजीव बारेठ ने राजस्थान के अलवर जिले के मालाखेडा में पहुंची राहुल गांधी कि भारत जोड़ो यात्रा की ऐतिहासिक लाखों की भीड़ में सभा का संचालन किया।

चीनू उर्फ आशीष गुप्ता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में राजस्थान के प्रवेश द्वार से हरियाणा सीमा तक राहुल गांधी की यात्रा में साथ-साथ चले और करीब 570 किलोमीटर की पैदल यात्रा की। युवा आशीष गुप्ता ने बताया 18 दिन की पैदल यात्रा में देशभर से आए राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात हुई राहुल गांधी के साथ साथ पैदल चलने का व बात करने का करीब से मौका मिला।

संजीव बारेठ ने बताया राहुल गांधी की सभा का संचालन करने के लिए कहा गया तो सहम से गए लेकिन हिम्मत की और हां कर दी बाद में राहुल गांधी की सभा का संचालन करने का एक जज्बा दिल के अंदर था तो वहीं दूसरी ओर डर भी सताने लगा कि कहीं कोई गलती नहीं हो जाए। सभा का जैसे-जैसे समय नजदीक आया और केंद्र और प्रदेश की ओर से लिए गए प्रशिक्षण में पास होने पर संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई तो खुशी का ठिकाना नहीं था।

राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली के करीबी माने जाने वाले युवा बारेठ जिला कांग्रेस कमेटी अलवर में उपाध्यक्ष व प्रवक्ता हैं। इससे पहले बारेठ कांग्रेस ब्लॉक कमेटी किशनगढ़ बास के अध्यक्ष व यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष से प्रदेश यूथ कमिटी में महासचिव वे उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

## स्काउट का प्रशिक्षण एवं जांच शिविर सम्पन्न

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ श्रीमाधोपुर के अंतर्गत आने वाले राजकीय एवं निजी विद्यालयों महाविद्यालयों के स्काउट गाइड रोवर रेंजर का छह दिवसीय प्रशिक्षण एवं जांच शिविर सचिवालय स्काउट गाइड मुख्यालय स्टेशन रोड पर सोमवार को सम्पन्न हुआ।

शिविर संचालक मधुसूदन शर्मा ने बताया कि 21 से 25 दिसंबर तक प्रशिक्षण शिविर एवं 24 दिसंबर से 26 दिसम्बर तक जांच शिविर का आयोजन हुआ । जिसमें ट्रेनिंग काउंसलर्स द्वारा संभागियों को पाठ्यक्रम आधारित जानकारी दी गयी एवं जांच की गयी। इस दौरान जनवरी माह में रोहट पाली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय जम्बूरी में भाग लेने वाले संभागियों को पूर्व प्रशिक्षण दिया गया साथ ही राज्य पुरस्कार के स्काउट गाइड को भी जानकारी दी जाकर ऑफ लाइन आवेदनों की पूर्ति करवाकर राज्य पुरस्कार हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के निर्देश प्रदान किये गाए।समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए संघ के सचिव अशोक तिवाड़ी मऊ ने स्काउट की स्थापना के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आमजन को सेवा आंदोलन से जोड़ने का आ ान किया। साथ ही संभागियों से शिविर के दौरान सीखी जीवन जीने की विविध विधाओं को जीवन मे उतारकर चरितार्थ करने का निवेदन किया। छह दिवसीय प्रशिक्षण एवं जांच शिविर के दौरान ट्रेनिंग काउंसलर रामनारायण शर्मा, सुनीता, विश्वनाथ शर्मा, मंजू शर्मा,अशोक तिवाड़ी मऊ के साथ ही चौथमल सैनी,केदारनाथ शर्मा, सत्यनारायण कुमावत सहित स्काउट आंदोलन के सदस्य एवं सम्भागी उपस्थित रहे।

# कोरोना की तीसरी संभावित लहर को देखते हुए मॉक ड्रिल की

**पावटा, (निसं)।** चीन में कोरोना संक्रमण की वजह से खराब हालातों को देखते हुए भारत की सरकार पहले से अलर्ट है। कोरोना से संबंधित किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए भारत सरकार ने राज्यों के लिए कई तरह के दिशा निर्देश जारी भी किए हैं।

विराटनगर ब्लॉक बीसीएमएचओ सुनील मीणा ने बताया कि इसी कडी में

■ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा में तैयारियों का जायजा लिया

कोरोना के बढ़ते खतरे के मद्देनजर सभी सरकारी अस्पतालों में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस कड़ी में कोरोना संक्रमण से बचाव की तैयारियों को परखने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा पर मंगलवार को मॉक ड्रिल शुरू किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा में उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव व विराटनगर ब्लॉक बीसीएमएचओ सुनील मीणा एवं डॉ. देवेंद्र शर्मा के द्वारा मॉक ड्रिल का अवलोकन किया गया। उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा परिसर में लगे ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट, ऑक्सीजन कॉन्सन्ट्रेट मशीनों सहित अन्य मशीनों को फुल कैपिसिटी में चलाया गया। वहीं सभी 48 बेडों पर ऑक्सीजन की सप्लाई को चेक किया गया व कोरोना संक्रमितों के लिए 10 बेड अलग से तैयार किए गए हैं। वही दवाईयों सहित अन्य उपकरणो की भी जांच की गई। वही स्वास्थ्य केंद्र पावटा प्रभारी डॉ. देवेंद्र शर्मा ने खासी, जुकाम, बुखार आदि बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों की कोविड जांच शुरू करने की बात भी कहीं।



उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव व विराटनगर ब्लॉक बीसीएमएचओ सुनील मीणा ने मॉक ड्रिल का अवलोकन किया।


## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031, फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
अधिकृत अधिकारी-सरदीप राठौड, संपर्क नम्बर-9887772255 ई-मेल-sardeep.rathore@idfcbank.com

परिशिष्ट-IV-ए
(नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता(ओं) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) को सूचित किया जाता है कि कालम (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है, तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड जो पहले आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था, के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 17.01.2023 को "जहाँ है जैसी है", "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर, जेसा नीचे वर्णित है, कालम (i) के अनुसार ऋणग्रहिता (ओं) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड) को बकाया राशी की वसूली के लिये की जायेगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिये क्रमशः आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेब साइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक, अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC को देखें।"

निलामी का विवरण

| क्रम सं. | डिमांड नोटिस तिथी एवं राशि | ऋण | ऋण ग्रहिता (ओं) एवं सहऋणग्रहिता (ओं) के नाम | सम्पत्ति का पता | आरक्षित मूल्य राशि | ईएमडी राशि | ईएमडी तथा दस्तावेज जमा कराने का अंतिम समय व तिथि (आनलाइन) तक/पहले | निलामी की तिथि तथा समय | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि व समय | अधिकृत अधिकारी विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 25.10.2019 को रूपये 13,63,127.8 | 14164249 | अभिषेक भटनागर, मिनाक्षी राय | फ्लैट नं. एस-201, दुसरी मंजिल, प्लाट नं. बी-90, रायल सिटी, ब्लाक-बी, कलवाड रोड, विनायक, आशियाना, 8वीं जयपुर, राजस्थान-302012 | रूपये 873,600/- | रूपये 87,360/- | 16.01.2023 को सायं 5.00 तक | 17.01.2023 को प्रातः 11.00 से दिन 1.00 तक | 10.01.2023 को प्रातः 11.00 से दिन 4.00 तक | सरदीप राठौड सम्पर्क नम्बर 9887772255 |
| 2 | 16.04.2021 को रूपये 2,169,326.50/- | 15729273 | वीरेन्द्र कुमार टेलर, मीना टेलर, राजेन्द्र कुमार टेलर, राजेन्द्र टेलर, वीरेन्द्र कुमार टेलर, M/s फिजिक्स कैफे एज्युकेशन इंस्टीट्यूशन | सम्पत्ति फ्लैट नं. जी-1, प्लाट नं. जी-93, स्कीम मंगलम सिटी विस्तार, ब्लाक-जी पीथावास व निवारू, हाथोज, कलवाड रोड, जयपुर, राजस्थान 302012 का पुरा व प्रत्येक भाग, कुल क्षेत्रफल 216.66 वर्गगज, सीमाएं है- पूर्व-30 फिट चौडी रोड, पश्चिम-रोड जी-100, उत्तर-प्लाट नं. जी-94, दक्षिण- प्लाट नं. जी-92 | रूपये 1,210,356/- | रूपये 121035.6/- | 16.01.2023 को सायं 5.00 तक | 17.01.2023 को प्रातः 11.00 से दिन 1.00 तक | 10.01.2023 को प्रातः 11.00 से दिन 4.00 तक | ईमेल आईडी- sardeep. rathore @ idfcbank.com |

अस्वीकरण- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक- 27.12.2022
स्थान- राजस्थान
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड, पूर्व में आईडीएफसी बैंक के नाम से जाना जाता था
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)



## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031, फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
अधिकृत अधिकारी-सरदीप राठौड, संपर्क नम्बर-9887772255 ई-मेल-sardeep.rathore@idfcbank.com

परिशिष्ट-IV-ए
(नियम 8 (6) का प्रावधान देखें)
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री की सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री करने के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद् द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप से कालम (ii) के अनुसार ऋण ग्रहिता(ओं) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) को सूचित किया जाता है कि कालम (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित रखी गयी है, तथा इन सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड जो पहले आईडीएफसी बैंक लि. के नाम से जाना जाता था, के प्राधिकृत अधिकारी ने ले लिया है। इन सम्पत्तियों की बिक्री 31.01.2023 को "जहाँ है जैसी है", "जो कुछ है यह है" तथा "जो कुछ है वहाँ है" के आधार पर, जेसा नीचे वर्णित है, कालम (i) के अनुसार ऋणग्रहिता (ओं) तथा सह-ऋणग्रहिता (ओं) के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था (पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड) को बकाया राशी की वसूली के लिये की जायेगी।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिये क्रमशः आईडीएफसी फर्स्ट बैंक वेब साइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक, अर्थात http://idfcfirstbank.auctiontiger.net/EPROC को देखें।"

निलामी का विवरण

| क्रम सं. | डिमांड नोटिस तिथी एवं राशि | ऋण | ऋण ग्रहिता (ओं) एवं सहऋणग्रहिता (ओं) के नाम | सम्पत्ति का पता | आरक्षित मूल्य राशि | ईएमडी राशि | ईएमडी तथा दस्तावेज जमा कराने का अंतिम समय व तिथि (आनलाइन) तक/पहले | निलामी की तिथि तथा समय | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि व समय | अधिकृत अधिकारी विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15.04.2021 को रूपये 13,85,838.48/- | 14093265 | पूजा कंवर, संतोष कंवर | अचल सम्पत्ति यूनिट नं. एफ-1, कुल क्षेत्रफल 990.00 वर्ग फिट, प्रथम मंजिल, एम.आर. रेजिडेन्सी में प्लॉट नं. सी-104, रायल सिटी, ब्लाक-सी, ग्राम माचवा, कलवाड रोड, जयपुर का पुरा व प्रत्येक भाग, सीमाएं है- उत्तर-प्लाट नं. सी-105, दक्षिण-प्लाट नं. सी-103, पूर्व-प्लाट नं. सी-93, पश्चिम-40 फीट रोड | रूपये 1,300,000/- | रूपये 1,30,000/- | 30.01.2023 को सायं 5.00 तक | 31.01.2023 को प्रातः 11.00 से दिन 1.00 तक | 24.01.2023 को प्रातः 11.00 से दिन 4.00 तक | सरदीप राठौड सम्पर्क नम्बर 9887772255 ईमेल आईडी- sardeep. rathore @ idfcbank.com |
| 2 | 06.08.2021 को रूपये 10,43,093.90/- | 14237214 | प्रकाश चंद छीपा, राजेश छीपा | प्लाट नं. 214, क्षेत्रफल 175.17 वर्गगज, स्कीम गोकुल एनक्लेव, दौलतपुरा, कलवाड सांगानेर सेज के बाद, अजमेर रोड के परिधी में जयपुर, राजस्थान का पुरा व प्रत्येक भाग सीमाएं है- पूर्व-प्लाट नं. 215, पश्चिम-30 फिट रोड, उत्तर-प्लाट नं. 213, दक्षिण-30 फिट रोड | रूपये 693,673/- | रूपये 69,367.3/- | 30.01.2023 को सायं 5.00 तक | 31.01.2023 को प्रातः 11.00 से दिन 1.00 तक | 24.01.2023 को प्रातः 11.00 से दिन 4.00 तक | |
| 3 | 04.08.2021 को रूपये 7,03,911.64/- | 15949129 | प्रमोद कुमार शर्मा, वीनिता शर्मा | प्लाट नं. 1148, क्षेत्रफल 111.11 वर्गगज जो गोकुल एनक्लेव-III के नाम से जाना जाता है, ग्राम छतरपुरा कलवाड, सेज के बाद स्थित, अजमेर रोड, तहसील-सांगानेर, जिला-जयपुर राजस्थान राज्य, का पुरा व प्रत्येक भाग, सीमाएं है- पूर्व-30 फिट रोड, पश्चिम-अन्य भूमि, उत्तर-प्लाट नं. 1147, दक्षिण-प्लाट नं. 1149 | रूपये 440,000/- | रूपये 44,000/- | 30.01.2023 को सायं 5.00 तक | 31.01.2023 को प्रातः 11.00 से दिन 1.00 तक | 24.01.2023 को प्रातः 11.00 से दिन 4.00 तक | |
| 4 | 23.11.2021 को रूपये 24,53,156.95/- | 11710513, 34885531 | विष्णु कुमार शर्मा, सत्य नारायण शर्मा, नाथी शर्मा | प्लाट नं. 256 का क्षेत्रफल 202.50 वर्ग मीटर, डेयरी फार्म स्थित, सुरजपुरा, भट्टावाला, जयपुर राजस्थान व सीमाएं है। पूर्व-प्लाट नं. 257, पश्चिम-प्लाट नं. 255, उत्तर-रोड 12 मीटर, दक्षिण-रोड नं. 9 मीटर | रूपये 1,694,700/- | रूपये 169470/- | 30.01.2023 को सायं 5.00 तक | 31.01.2023 को प्रातः 11.00 से दिन 1.00 तक | 24.01.2023 को प्रातः 11.00 से दिन 4.00 तक | |

अस्वीकरण- कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस केवल अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए जारी किया गया है तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल सम्पत्तियों को बेचने का अधिकार नहीं है, यदि कोई, अचल सम्पत्ति पर मौजूद हो।

प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक- 27.12.2022
स्थान- राजस्थान
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड, पूर्व में आईडीएफसी बैंक के नाम से जाना जाता था
(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट होम फायनेन्स लिमिटेड तथा कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड)

## संक्षिप्त

### मरीजों को निशुल्क भोजन कराया

**चाकसू,** (निसं)। सोमवार को मास्टर प्रेमचंद नारोलिया की प्रथम पुण्यतिथि सेवा दिवस के रूप मनायी गई। इनके पुत्र चित्रगुप्त नारोलिया (स.प्रशासनिक.अधि.)द्वारा राजकीय चिकित्सालय में मरीजों के लिए ट्राई साइकिल समर्पित की गई। मास्टर प्रेमचंद नारोलिया के सेवाभावी जीवन से प्रेरणा लेकर गौ सेवा,पक्षी दाना, राजकीय चिकित्सालय, इंदिरा रसोई एवं शीतला माता मेले में पधारे श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की। इस मौके पर उप जिला अस्पताल प्रभारी ऋतुराज मीणा डॉ.रवि चौधरी, डॉ कुलदीप शर्मा, डॉ रविंद्र नारोलिया,रामलाल तुलसीराम, तिलकराज, दीपक चित्रगुप्त,बोहरा सम्राट ,गुलाबचंद, जयकिशन, तेजराम सहित कई लोग मौजूद रहे।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## खोया पाया

मेरे मकान 9/L/338 इन्दिरा गाँधी नगर जगतपुरा जयपुर का मूल कार्यालय आदेश नं. 4781 दिनांक 21.09.2022 का मालवीय नगर जयपुर में कहीं गिर गया है। मिलने पर सूचित करे- लालाराम मीना 9680131020

प्लाट नं. 530-531 राधा रेजीडेन्सी Ist कलवाडा तहसील सांगानेर जयपुर के ओरिजनल अलोटमेन्ट लेटर, रिसिप्ट, साईट प्लाट आदि मूल कागजात 2302.2022 को जयपुर में कहीं खो गए है। मिलने पर सूचित करें- रोहन सिंह- 9610210673

मेरे आवास संख्या 13/240 मालवीय नगर जयपुर का मूल आवंटन पत्र कहीं खो गये हैं। यदि किसी को मिले तो निम्न नम्बरों पर सूचित करें। मो.9785370675

## नाम परिवर्तन

मैं शशि बाला पत्नी जय सिंह शेखावत निवासी कोटपूतली घोषणा करती हूं कि मेरा नाम शैक्षणिक रिकॉर्ड में शशि बाला दर्ज है जो मैंने विवाह उपरांत बदलकर सुशीला रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

I/We Have Changed My Son Name From Yash Kedia To Yashwardhan Kedia S/o Nitin Kedia For All Purpose R/o Kedia House, Ganesh Nagar, Near Nadi Ka Phatak, Murlipura, Jaipur (Raj.)

I Have Changed My Name From Amit Kumar to Amit Kumar Prajapat S/o Bhanwar Lal Prajapat For All Purpose R/o 156, Brij Mandal Colony, Near Kanha Departmental Store, Jhotwara, Jaipur.

I have changed my name from rambhakt to Rambhakt khyalia S/o Maniram khyalia for all future purposes. R/o flat No- 730 Chordiya atulya, Chourdiya City, Keshupura, Bhankrota, Jaipur

## तीये की बैठक



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माताजी

**श्रीमती शकुंतला मिश्रा**

पत्नी स्व. श्री अनंत वल्लभ मिश्रा का स्वर्गवास 26.12.2022 को हो गया है, तीये की बैठक 28.12.22 को 3.00 से 4.00 बजे 8, अम्बाबाडी शॉपिंग सेंटर, जयपुर पर होगी

**शोकाकुलः** राजेश (सिंचाई वि.) मंजू, बृजेश (कोर्ट) मधु (पुत्र पुत्रवधु) दुर्गेश -श्वेता, तरुण-योगिता (पौत्र पौत्रवधु) कृष्ण, दिनेश, रवि, राकेश, संजय, संजीव, राजीव, मधु (भतीजे) विनीता, सुरभि -पीयूष(पोत्री दामाद) विआन, तरुषि, चारवी, वरेण्य (पडपौत्र पडपोत्री

9982704491, 9251410008



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र

**डॉ. उमेश बाबू शर्मा**

(से. नि. प्रो. मेडिकल कॉलेज) का स्वर्गवास दिनांक 26.12.2022 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 28.12.2022 को सांय 4:00 से 5:00 बजे तक पतासे वालों की बगीची, मोती डूंगरी रोड पर होगी।

**शोकाकुलः** सावित्री देवी (माताजी), घनश्याम- कृष्णा (भाई- भाभी), डॉ. कल्पना (छोटे भाई की पत्नी), प्रफुल्ल-चित्रा, विकास, विजय एवं समस्त शर्मा परिवार।

# लूट की वारदात कर भागे तीन बदमाशों को पकड़ा, एक की तलाश जारी



लूट की वारदातों में शामिल शातिर नकाबपोश बदमाश युवकों को किशनगढ़ बास पुलिस ने गिरफ्तार किया।

- पकड़े गए तीनों बदमाशों पर किशनगढ़ बास सहित तिजारा, मुंडावर, चोपानकी, भिवाड़ी पुलिस थाने में अपराधिक मामले दर्ज हैं

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। कस्बे के मैन बाजार में हनुमान मंदिर रोड पर दो अलग-अलग लूट की वारदात कर भागे नकाबपोश बदमाशों को पुलिस ने घेराबंदी कर घटना के कुछ घंटे बाद ही दबोच लिया। बाइक पर सवार होकर आए चार नकाबपोश बदमाश सोमवार रात्रि में राज मोबाइल व्यापारी के पिस्टल लगाकर दुकान से मोबाइल व नगदी तथा मंदिर से पूजा कर घर लौट रहे युवक से बाइक छीना कर भागे थे।

पुलिस ने बताया कि वारदात के तुरंत बाद नाकाबंदी कर पुलिस टीम बदमाशों की तलाश में गठित कर रवाना की गई। नकाबपोश बदमाशों की तलाश में जुटी टीम को जानकारी मिली तिजारा किशनगढ़ बास मार्ग के पलाडिया मोड़ पर बदमाशों ने टेंपो चालक के साथ लूट का प्रयास किया है। बदमाशों को पकड़ने निकली पुलिस टीम ने युवकों को पकड़ा और पूछताछ के बाद थाने ले आई।

पुलिस के हत्थे चढ़े तीनों युवक बदमाश शातिर अपराधी हैं, एक युवक की तलाश जारी है। इनमें पकड़े गए युवक सज्जन सिंह पर दिल्ली पुलिस उप निरीक्षक की गोली मारकर हत्या करने का मुकदमा दर्ज है। इसके अलावा किशनगढ़ बास तिजारा मुंडावर चोपानकी भिवाड़ी जैतपुर दिल्ली पुलिस थानों में अपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है। शातिर लुटेरे बदमाश युवक सज्जन सिंह पुत्र हरबंस राय सिख उम्र 24 साल भिंडूसी तिजारा का रहने वाला है।

सज्जन सिंह के साथ पकड़े गए अजय सिंह पुत्र मलकीत सिंह उम्र 19 साल शेरपुर भोपनी फरीदाबाद वह बादल पुत्र बिल्लू डाकोत उम्र 119 साल रामनगर तिजारा का रहने वाला है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के कब्जे वह निशानदेही से हनुमान मंदिर से पूजा कर घर लौट रहे युवक से छीनी बाइक तथा वारदात में प्रयोग ली गई बाइक वे देसी कट्टा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपी युवक की तलाश जारी है।

वहीं पुराना बाजार हनुमान मंदिर के पास सोमवार रात्रि को एक ही समय में मोबाइल व्यापारी व मंदिर से पूजा कर घर लौट रहे युवक के साथ हुई लूट की खबर सुनकर व्यापारी के यहां पहुंचे पूर्व विधायक रामहेत यादव ने दुकान मालिक राजेश जांगिड़ से जानकारी ली। यादव ने व्यापारियों को कहा ऐसी घटना की पुनरावृति नहीं हो इसके लिए वह एसपी से बात कर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग करेंगें। उन्होंने कहा 4 साल के इस कांग्रेस राज में ना तो व्यापारी सुरक्षित है और ना ही हमारी माता बहने सुरक्षित रही है।अपराधों का ग्राफ देखे तो टॉप पर है। इस दौरान पूर्व विधायक यादव के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ठ व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी पूर्व सरपंच खुशीराम यादव नरेंद्र कुमार रूपचंद बत्रा विनय गोयल मनोज मित्तल तेज सिंह सैनी अनिल शर्मा दीपचंद यादव आदि व्यापारी मौजूद रहे।

घटना के विरोध में व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी के नेतृत्व में व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल डीएसपी से मिला। डीएसपी ने व्यापारियों को अवगत कराया कि बदमाश युवक पकड़े जा चुके है पूछताछ की जा रही है। बदमाश युवकों के पकड़े जाने पर व्यापारियों ने पुलिस अधिकारी का आभार व्यक्त किया और बाजार में व्यापारियों के साथ इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है।

## सार-समाचार

### छात्रों का उत्साह वर्धन किया



**बहरोड़/ नीमराना,** (निसं)। मानस तत्व अनुसंधान केंद्र बहरोड़ के पंडित अशोक बोहरा ने ब्रह्मा सावित्री वेद विद्यापीठ पुष्कर के प्रधानाचार्य, आचार्य एवं 50 विद्यार्थियों का स्वागत सम्मान करते हुए उत्साहवर्धन किया। कस्बे के उपवन गार्डन के हल्दीराम मिष्ठान भंडार के पास रुके विद्यापीठ के प्रधानाचार्य वेद मूर्ति आचार्य बृजेश तिवारी के सानिध्य में आचार्य अमोल कुलकर्णी व 50 छात्रों के साथ आठ दिवसीय शैक्षिणक यात्रा के दरमियान तीसरे दिन दिल्ली जाते समय शिष्टाचार भेंट वार्ता एवं स्वागत सम्मान के दौरान विद्यापीठ के आचार्य बृजेश तिवारी एवं आचार्य अमोल कुलकर्णी के साथ प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पंडित अशोक बोहरा ने छात्रों सहित उनका उत्साहवर्धन व माल्यार्पण करते हुए भारतीय संस्कृति के वेद, पुराण एवं संस्कृत भाषा में छिपे अभूतपूर्व ज्ञान की पूंजी का सर्वधर्म समभाव के साथ ही वैज्ञानिक, साहित्यिक, चिकित्सकीय, यांत्रिक एवं खगोलीय ज्ञान के साथ विश्व परिवार की धारणा पर आधारित ज्ञान पुंज के शैक्षिक भ्रमण में विद्यार्थियों को व्यवहारिक जीवन में उतारने के प्रयास की सराहना करते हुए प्रशन्नता व्यक्त की।

### साध पंचमी मेले का आयोजन



**टोंक,** (निसं)। श्रीरामद्वारा में मंगलवार को स्वामी कान्हडदास महाराज के निर्वाणोत्सव व वार्षिकोत्सव पर साध पंचमी मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने स्वामी की गद्दी के दर्शन कर धार्मिक लाभ प्राप्त किया। साध पंचमी के मौके पर मंगलवार को प्रातः श्रीरामद्वारा में संत रामनिवास महाराज के सानिध्य में संतों ने भव्य आतिशबाजी कर महोत्सव की शुरूआत की, जहां दिन भर रामद्वारा में श्रद्धालुओं का दर्शनार्थ तांता लगा रहा। दोपहर बाद संत श्रीरामनिवास महाराज द्वारा धार्मिक प्रवचन दिये गये। उन्होंने बताया कि रामस्नेही सम्प्रदाय के गुरू स्वामी रामचरण महाराज के चतुर्थ प्रिय शिष्य थे। जो राम नाम का प्रसार करते हुये आज से तकरीबन 217 वर्ष पूर्व टोंक आये थे, जहां रामद्वारा में आकर तपस्या की थी। उन्होंने कहा कि गुरू राम और भक्त के बीच मिलन कराने वाला होता है और ज्ञान देने प्रकाश फेलाकर अंधकार का दूर करने वाला होता है।

### तापमान में गिरावट, ठिठुरन बढ़ी

**नारायणपुर,** (निसं)। पिछले कुछ दिनों से मौसम में अचानक परिवर्तन होने से ठिठुरन बढ़ गई है। दिन में भी सर्दी से राहत नहीं मिल रही है। सुबह व शाम को सर्दी का असर ज्यादा रहता है। सर्दी से बचने के लिए लोग दिनभर ऊनी कपड़े पहन रहे हैं। दिन में धूप खिलने के बावजूद भी सर्दी से राहत नहीं मिल पा रही है। सर्दी बढ़ने से लोगो की दिनचर्या भी प्रभावित होने लगी है । लोग सुबह घरों में देर तक दुबके रहते हैं। आवश्यक कार्य से ही घरों से बाहर निकलते हैं। शाम को भी लोग सर्दी के बचाव के लिए जल्दी घर आ जाते हैं। सर्दी के कारण शाम को जगह-जगह लोग अलाव तापते रहते हैं। किसानों को फसल सिंचाई करने में भी काफी परेशानी हो रही है। इधर बाजार में भी गर्म कपड़ों की मांग एकाएक बढ़ गई है।

## 7 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर चयनित

**टोंक,** (निसं)। स्टेयर्स नेशनल स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित राजस्थान स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में टोंक टीम के द्वारा 7 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक तथा दो कांस्य पदक जीतकर के शानदार प्रदर्शन किया और 7 खिलाडियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ।

खिलाडी दर्शिका चौधरी पुत्री शिव शंकर चौधरी ,गरिमा सैनी पुत्री रमेश चंद्र सैनी, आर्या चौधरी पुत्री आसाराम चौधरी, यासिर महबूब पुत्र महबूब खान लोकेंद्र वर्मा पुत्र शंकर लाल वर्मा, जय वर्मा पुत्र धन्ना लाल वर्मा ,गुलशन वर्मा पुत्र हीरालाल वर्मा ने स्वर्ण पदक जीतकर 25 जनवरी 2023 को दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। रिया कंसल पुत्री कपिल , मुस्कान सैनी पुत्री ओम प्रकाश सैनी, गोविंद चौधरी पुत्र किशन चौधरी तथा कौशल मीणा पुत्र रामप्रसाद मीणा ने रजत पदक तथा एश्नी भारद्वाज पुत्री लेखराज भारद्वाज तथा कुशाल वर्मा पुत्र धन्ना लाल वर्मा ने कांस्य पदक जीतकर टोंक जिले का नाम रोशन किया है।

# विधायक ने क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया

- टोरडी व श्रीनगर में आयोजित हुई क्रिकेट प्रतियोगिता

**मालपुरा,** (निसं)। मंगलवार को विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने टोरडी व श्रीनगर में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ कर खिलाडियों को खेल को खेल की भावना से खेलने का संदेश दिया।

टोरडी में श्रीराम क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारम्भ पर सरपंच हेमेन्द्र सिंह,पूर्व सीआर श्रीराम कहार, श्योजी कहार ने विधायक का स्वागत किया। सरपंच ने कहा कि पंचायत स्तर पर क्रिकेट के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की गई।

वहीं श्रीनगर में बालाजी प्रीमीयर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारम्भ समारोह में विधायक के साथ पूर्व पालिका अध्यक्ष संत कुमार जैन भी मौजूद रहे। युवा नेता गोपाल गुर्जर ने तिलांजू गांव में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। तो पूर्व उपजिला प्रमुख अवधेश शर्मा ने खिलाडियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है।



विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने क्रिकेट खेलकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।

## 20 घंटे बाद मृतक का हुआ पोस्टमार्टम

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। कस्बे की माधव विहार कॉलोनी में युवक के शव मिलने के 20 घंटे के बाद मेडिकल बोर्ड से गठित टीम द्वारा पोस्टमार्टम होने के बाद शव परिजनों को सौंपा गया।

मिली जानकारी के अनुसार नंदू सिंह उर्फ भवानी सिंह शेखावत पुत्र आशुसिंह निवासी गोवर्धनपुर की अत्यधिक शराब पीने से मौत हो गई थी। शव माधव विहार कॉलोनी में मिला था, पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा कर परिजनों को सूचना दी थी। मंगलवार सुबह परिजन सहित ग्रामीण थाना परिसर पहुंचकर हत्या की आशंका जता कर विरोध जताकर मुआवजे की मांग की।

सूचना पर रींगस डीवाईएसपी विजय सिंह मौके पर पहुंचे परिजनों से समझाइश की मेडिकल बोर्ड की गठित टीम द्वारा पोस्टमार्टम करवाकर रिपोर्ट आने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीएचसी प्रभारी गोगराज सिंह निठारवाल ने तीन डाक्टरों की टीम का गठन किया जिनमें डॉ कानाराम, डॉ रजनीश व डॉ सुरेश कुमार ढाका की टीम ने पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया।

## बीमा अभिकर्ता पंजाबी सम्मानित

**श्रीमाधोपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा श्रीमाधोपुर में मंगलवार को बीमा अभिकर्ता नरेश कुमार पंजाबी सदस्य चेयरमैन क्लब को लगातार चौथे वर्ष एमडीआरटी (यूएसए)-2023 की पात्रता प्राप्त करने पर एक समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। शाखा प्रबंधक छीतर सिंह ने बताया कि एसबीए गजेंद्र सिंह के निर्देशन में यह उपलब्धि प्राप्त करने वाले पंजाबी श्रीमाधोपुर में प्रथम अभिकर्ता है। इस अवसर पर नीमकाथाना भारतीय जीवन बीमा निगम के शाखा प्रबंधक बी के मीणा, सहायक शाखा प्रबंधक नरेंद्र सिंह लमोरिया ने भी पंजाबी को बधाई दी है।

# कुश्ती पहलवानों के लिए इंडोर स्टेडियम खुलेगा

- राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय प्रशासन ने दी अनुमति

**कोटपूतली,** (निसं)। विगत दिनों राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा राजधानी जयपुर में आयोजित की गई प्रदेश स्तरीय अन्तर महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में कस्बे के राजकीय एलबीएस पीजी महाविद्यालय के छात्रों द्वारा उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए गोल्ड व सिल्वर मैडल जीतने से युवा खिलाड़ियों व कुश्ती पहलवानों में उत्साह का माहौल है।

उक्त पहलवानों को आने वाले दिनों में राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तावित प्रतियोगिताओं में भाग लेना है। उल्लेखनीय है कि कस्बा स्थित राजकीय महाविद्यालय में क्षेत्रीय सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के प्रयासों से निर्मित इंडोर स्टेडियम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय सहित आसपास के कुश्ती पहलवान भाग लेते हैं। शीतकालीन अवकाश व भीषण सर्दी को देखते हुए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा उक्त इंडोर स्टेडियम को बंद किया गया था, लेकिन ग्राम सुंदरपुरा निवासी भाजपा नेता एड. वीरू कसाना की अनुशंषा पर महाविद्यालय प्रशासन ने युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए 28 दिसम्बर 2022 से आगामी 22 जनवरी 2023 तक प्रातः 6 से सायं 7 बजे तक उक्त इंडोर स्टेडियम को नियमित रूप से खोले जाने की लिखित अनुमति जारी की है।

कसाना ने बताया कि सभी युवा पहलवानों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता को देखते हुए तैयारी करनी है। इसको लेकर कसाना द्वारा विभिन्न सुविधायें उपलब्ध करवाकर पहलवानों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। उपरोक्त स्वीकृति पर युवा पहलवानों ने इसको लेकर क्षेत्रीय सांसद कर्नल राठौड़, महाविधालय प्रशासन, भाजपा नेता एड. वीरू कसाना व छात्र हितों के लिए अनुशंषा करने पर छात्रसंघ अध्यक्ष अतुल खारडिया का आभार भी व्यक्त किया है।

## सांसद राठौड़ का स्वागत किया

**पावटा,** (निसं)। विराटनगर विधानसभा के मीणा समाज व एसटी मोर्चा जयपुर ग्रामीण पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का केंद्र सरकार द्वारा एसटी वर्ग के विद्यार्थियों के छात्रवृति का बजट बढ़ाने पर आभार व्यक्त करते हुए आदिवासी समाज की पहचान चुनरी व साफा एवं माला पहना कर भव्य स्वागत किया। वहीं मीणा समाज के लोगों ने केंद्रीय एसटी छात्रवृति योजना में योग्यता में आय को मौजूदा परिस्थितियों के अनुसार सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख करने की मांग की। इस दौरान पूर्व जिला पार्षद व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक व एसटी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कन्हैयालाल मीणा, एसटी मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष साधुराम मीणा, जिला महामंत्री महेंद्र मीणा, मामराज मीणा, गिर्राज मीणा, सूरजमल मीणा, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष यालीराम मीणा, पावटा ग्राम सेवा सहकारी समिति चेयरमैन पुष्पा मीणा, परमानंद मीणा, सामाजिक कार्यकर्ता रविन्द्र मीणा, सायर मल मीणा, रोहिताश मीणा सहित अनेक गांवो से मीणा समाज के संकडों लोग शामिल हुए।

# रैन बसेरों का निरीक्षण

**कोटपूतली,** (निसं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व जिला एवं सैशन न्यायाधीश हरेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति एडीजे प्रथम भारत भूषण शर्मा के निर्देशन में वर्तमान में रैन बसेरों का संचालन किया जा रहा है।

इसी क्रम में कोटपूतली न्याय क्षेत्र में संचालित रैन बसेरों/आश्रय स्थलों का तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा आमजन में अधिकाधिक प्रचार प्रसार को लेकर विजिट की गई। इस दौरान एक ही लाभार्थी मिला। जिसको लेकर रैन बसेरा संचालक को अधिकाधिक प्रचार प्रसार हेतु निर्देशित किया गया। तालुका टीम द्वारा नगर परिषद पार्क स्थित रैन बसेरा का निरिक्षण किया गया। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उच्चतम न्यायालय के निर्णय पी.यू.सी.एल. बनाम भारत संघ व अन्य दिवानी रिट याचिका संख्या 196/2001 में पारित निर्देशों की पालना में कार्यकारी अध्यक्ष रालसा के निर्देशानुसार प्रदेश में 26 दिसम्बर से 31 जनवरी तक ऐसे व्यक्तियों को रैन बसेरों/आश्रय स्थलों में दाखिल कराने का एक विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है।

## 'नववर्ष व त्यौहार सौहार्दपूर्ण मनाएं'

**निवाई,** (निसं)। नववर्ष एवं आगामी त्यौहारों को शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के लिए मंगलवार को बरोनी थाने में सीएलजी सदस्यों पुलिस मित्र, ग्राम रक्षकों की बैठक थानाधिकारी हरिराम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित सभी लोगों को थानाधिकारी ने नववर्ष एवं आगामी त्योहारों को शान्ति पूर्वक मनाने के लिए आमजन को समझाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सडक दुघर्टनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाइश की। थानाधिकारी ने बताया कि शराब पीकर वाहन नहीं चलाएं। अपराधिक गतिविधियों में लिप्त तथा संदिग्ध लोगों के बारे में पुलिस को तत्काल सूचना दें जिससे उनके विरूद्ध समय रहते कार्यवाही की जा सके। बैठक में साइबर क्राइम व महिला हिंसा पर चर्चा की गई।

# चिकित्सा मंत्री ने सड़क विकास कार्यों का शिलान्यास किया



लालसोट विधानसभा क्षेत्र में नई सड़कों के शिलान्यास कार्यक्रम को चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने संबोधित किया।

- कुशलपुरा में क्रिकेट प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

**लालसोट,** (निसं)। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा मंगलवार को विभिन्न ग्राम पंचायत में पहुंचकर सड़क विकास कार्यों का शिलान्यास कर ग्रामीणों को सड़क विकास कार्य समर्पित किए गए।

शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मीणा ने कहा कि सुदृढ़ के ग्रामीण विकास का आईना होने के साथ ग्रामीण क्षेत्र में परिवहन का मार्ग बनने के चलते विकास के मार्ग प्रशस्त करते हैं। सड़क शिलान्यास कार्यक्रम को प्रदेश स्वायत शासन संस्था के उपाध्यक्ष पूर्व चेयरमैन खादी ग्राम उद्योग समिति के अध्यक्ष दिनेश मिश्र पंचायत समिति के प्रधान एडवोकेट नाथू लाल मीणा एवं पीसीसी सदस्य रामविलास खेमावास द्वारा भी संबोधित किया गया। चिकित्सा मंत्री मीणा ने मंगलवार को रालावास सड़क से टोडा तक नवीन सड़क कुशलपुरा से नापाकावास तक नवीन सड़क डोबला खुर्द बगीची से पाटिया बैरवा ढाणी गागलियावास तक नवीन सड़क सिंहपुरा से जेलम बॉर्डर तक नवीन सड़क जगनेर तुरकान से बैरवा ढाणी तक नवीन सड़क का शिलान्यास किया। इसी तरह मंत्री मीणा द्वारा बुधवार को किए जाने वाले सड़क विकास निर्माण कार्यों की शिलान्यास कार्यक्रम निरस्त किए गए हैं। वहीं दूसरी ओर चिकित्सा मंत्री मीणा एवं लालसोट पंचायत समिति के प्रधान एडवोकेट नाथू लाल मीणा रामगढ़ का रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति के प्रधान कौशल्या मीणा द्वारा कुशलपुरा में एक क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान उप प्रधान सूरज कटारा सरपंच प्रतिनिधि बद्री लाल मीणा रालावास इरफान खान समाज सेवी मोहन लाल मीणा पूर्व प्रधान किशन लाल मीणा आदि कई लोग मौजूद रहे।

## विवाह सम्मेलन को लेकर बैठक

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम भन्दे बालाजी स्थित प्रजापति समाज की धर्मशाला में मंगलवार को प्रातः 11 बजे श्री ब्रह्म प्रजापति धर्मशाला विकास एवं विवाह समिति की एक अति आवश्यक बैठक का आयोजन समिति के अध्यक्ष कन्हैया लाल मारवाल आसलपुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

समिति के कोषाध्यक्ष धन्ना लाल प्रजापति ने बताया कि उक्त बैठक 26 जनवरी, बसंत पंचमी को आयोजित होने वाले प्रजापति समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन की विशेष तैयारियां को लेकर की गई।

इस दौरान उपस्थित समिति के पदाधिकारीयों एवं सदस्यों सहित अन्य लोगो ने विभिन्न बिन्दुओं को लेकर विस्तार से चर्चाएं की। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति द्वारा सदस्यों की कमेटीयां गठित कर जिम्मेदारीयां सौंपी गई। बैठक के दौरान सोहन लाल प्रजापति, बाबूलाल प्रजापति, कालूराम सिनोदिया, धन्ना लाल प्रजापति, सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।


प्रारूप-13 (नियम 13 (2) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं स्थानीय अधिकारी नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा (जयपुर)**

क्रमांक-न.पा.पाव.प्रा./2022-23/भूमि/5550

**लोक सूचना** दिनांक-26/12/22

अधोहस्ताक्षरकर्ता की जानकारी में यह लाया गया है कि खसरा सं.1847,1848,1832,1551,1827 क्षेत्र नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा के शिवनगर ग्राम पावटा तहसील पावटा जिला जयपुर में स्थित भूमि या उसके भाग का 31 दिसम्बर 2021 से पूर्व/बाद की कालावधि से गैर-कृषिक प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जा रहा है/किया गया है और इसलिए उक्त भूमि या उसके भाग में व्यक्तियों के अधिकार/हित राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क की उप-धारा (8) के अधीन पर्यवसित किये जाने के दायी है।

अतः उक्त भूमि में हित रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 7 दिन के भीतर-भीतर कारण बताये कि क्यों न उक्त भूमि पर उसके अधिकारों और हित को पर्यवसित कर दिया जाये और इसलिए क्यों ने भूमि को राज्य सरकार में समस्त विल्लंगमों से मुक्त निहित किया जा सकें। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन 2022 (वर्ष) के दिसम्बर (मास) के () दिन को जारी की जाती है।

प्राधिकृत अधिकारी, नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।** www.jda.urban.rajasthan.gov.in

आम सूचना

राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन नियम-2010 व राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम-2021 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न भूखण्डों के आवेदकों द्वारा अपनी सम्पति का भू-उपयोग परिवर्तन करवाये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है, जिनका विस्तृत विवरण जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.urban.rajasthan.gov.in एवं जोन कार्यालय में देखा जा सकता है। इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था आदि को कोई आपत्ति/सुझाव यदि हो तो 15 दिवस में मय दस्तावेज संबंधित उपायुक्त जोन कार्यालय अथवा सचिव, जविप्रा को प्रस्तुत करें।

| क्र. सं. | जोन | आवेदक का नाम | भूखण्डधारी का नाम | भूखण्ड संख्या | पट्टा विलेख में वर्णित भूउपयोग | योजना का नाम (गृ.नि.स.स/ निजी खातेदारी योजना) | भूखण्ड क्षेत्रफल | मास्टर प्लान-2025 /जोनल विकास योजना अनुसार भू-उपयोग | उपयोग जिसके लिए आवेदन किया गया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 04 | मैसर्स सर्वआल लैण्ड डवलपर्स प्रा.लि. जरिये निदेशक श्री हरिमोहन डंगायच पुत्र स्व. श्री रामविलास डंगायच | मैसर्स सर्वआल लैण्ड डवलपर्स प्रा.लि. जरिये निदेशक श्री हरिमोहन डंगायच पुत्र स्व. श्री रामविलास डंगायच | 01 | आवासीय (ग्रुपहाउसिंग) | ग्रुप हाउसिंग योजना, आश्रम मार्ग,जवाहर सर्किल, जयपुर। | 6059.00 वर्गगज | व्यावसायिक | व्यावसायिक |

उपायुक्त जोन-4, जविप्रा, जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।** www.jda.urban.rajasthan.gov.in

आम सूचना

राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन नियम-2010 व राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम-2021 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न भूखण्डों के आवेदकों द्वारा अपनी सम्पति का भू-उपयोग परिवर्तन करवाये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है, जिनका विस्तृत विवरण जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.urban.rajasthan.gov.in एवं जोन कार्यालय में देखा जा सकता है। इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था आदि को कोई आपत्ति/सुझाव यदि हो तो 15 दिवस में मय दस्तावेज संबंधित उपायुक्त जोन कार्यालय अथवा सचिव, जविप्रा को प्रस्तुत करें।

| क्र. सं. | जोन | आवेदक का नाम | भूखण्डधारी का नाम | भूखण्ड संख्या | पट्टा विलेख में वर्णित भूउपयोग | योजना का नाम (गृ.नि.स.स/ निजी खातेदारी योजना) | भूखण्ड क्षेत्रफल | मास्टर प्लान-2025 /जोनल विकास योजना अनुसार भू-उपयोग | उपयोग जिसके लिए आवेदन किया गया |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 04 | मैसर्स सर्वआल लैण्ड डवलपर्स प्रा.लि. जरिये निदेशक श्री हरिमोहन डंगायच पुत्र स्व. श्री रामविलास डंगायच | मैसर्स सर्वआल लैण्ड डवलपर्स प्रा.लि. जरिये निदेशक श्री हरिमोहन डंगायच पुत्र स्व. श्री रामविलास डंगायच | 02 | आवासीय (ग्रुपहाउसिंग) | ग्रुप हाउसिंग योजना, आश्रम मार्ग,जवाहर सर्किल, जयपुर। | 5593.62 वर्गगज | व्यावसायिक | व्यावसायिक |

उपायुक्त जोन-4, जविप्रा, जयपुर

**कार्यालय नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा (जयपुर)**

नवोदय स्कूल के पास पावटा-303106, राज.

फोन-0141-294619, Email ID: Nagarpalikapaotapragpura@gmail.com, Website: www.Paotapragpura.com

क्रमांक-न.पा.पाव.प्रा./2022-23/5558 दिनांक-26.12.2022

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाताहै कि प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत निम्न आवेदकों द्वारा पालिका में 69 के नियमन के अन्तर्गत पट्टा/कृषि भूमि नियमन/भवन निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन किया गया है यदि इस कार्य में किसी आम या खास को कोई आपत्ति हो तो पालिका में 7 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज सबुत के साथ प्रस्तुत करें बाद विवाद करने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | छोटूराम स्वामी पुत्र श्री रूडाराम स्वामी | पावटा | 742 | 111.11 वर्गगज | आवासीय |
| 2 | हिरालाल योगी पुत्र श्री मामराज योगी | पावटा | 1779 | 1204 वर्गगज | मिश्रित |
| 3 | सुभाष चन्द सैनी पुत्र श्री नन्दराम सैनी | पावटा | 1779 | 10.90 वर्गगज | मिश्रित |
| 4 | रोशनी स्वामी पत्नी श्री संतोष कुमार स्वामी | भूमिका प्लाजा पावटा | 1955, 1965 | 33 वर्गगज | मिश्रित |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा



बिल्कुल नहीं। जब आप अपेक्षा नहीं करते और चीजें हो जाती है तो उन्हें स्वीकार कर लेना चाहिये। मैं सिर्फ अपना योगदान देना चाहता था। घरेलू क्रिकेट खेलने से मुझे काफी फायदा मिला।

- जयदेव उनादकट

भारतीय क्रिकेटर, बांग्लादेश के विरुद्ध खेले गये दूसरे टेस्ट के बारे में।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

### कैमरून ग्रीन



**मुंबई** इंडियंस के लिए बुरी खबर सामने आई है। टीम के ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन चोटिल हो गए हैं। कैमरून ग्रीन की ये चोट इतनी गंभीर थी कि उन्हें हॉस्पिटल ले जाना पड़ा। मुंबई इंडियंस ने ऑक्शन में ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन को 17.5 करोड़ में खरीदा था। वह ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे के दौरान चोटिल हो गए हैं। कैमरून ग्रीन की ये चोट इतनी गंभीर थी कि उन्हें हॉस्पिटल ले जाना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के मुताबिक, ग्रीन की चोट को स्कैन किया जाएगा और इसके बाद ही उनके आगे खेलने पर फैसला लिया।

**क्या आप जानते हैं ?...** किसी भी ओलंपिक खेल समारोह में सबसे पहले स्टेडियम में यूनान का खिलाड़ी दल और आखिर में आयोजक देश का खिलाड़ी दल प्रवेश करता है।

# वार्नर का डबल धमाका, ऑस्ट्रेलिया विशाल बढ़त की ओर

मेलबर्न 27 दिसंबर। डेविड वार्नर (200) और स्टीवन स्मिथ (85) के बीच 139 रन की महत्वपूर्ण भागीदारी की बदौलत आस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन मंगलवार को अपनी पहली पारी में तीन विकेट खोकर 386 रन बना लिये। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर दिन का खेल खत्म होने के समय ट्रेविस हेड 48 और एलेक्स केरी नौ रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 189 रन बनाये थे। इस प्रकार आस्ट्रेलिया ने अब तक 197 रन की लीड हासिल कर ली है। हालांकि उसके दो बल्लेबाज वार्नर और कैमरन ग्रीन (6) पहली पारी में रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे हैं। वार्नर ने आज दोहरा शतक जड़कर अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया। हालांकि इस शतक के लिये उन्हे लंबा इंतजार करना पड़ा है जिसे लेकर उनकी फार्म को लेकर सवाल उठने शुरू हो गये थे। इस शतक के साथ वार्नर दुनिया के ऐसे दूसरे बल्लेबाज बन गये है जिन्होने अपने सौंवे टेस्ट में दोहरा शतक जड़ा है। इससे पहले यह कारनामा करने वाले इंग्लैंड के जो रूट इकलौते खिलाड़ी थे। वार्नर ने स्मिथ के साथ मिल कर दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और 254 गेंदे खेलकर 16 चौके और दो छक्कों की मदद से अपना दोहरा शतक पूरा किया। दूसरे छोर पर स्मिथ ने अपनी 85 रन की पारी में नौ चौके और एक छक्का जमाया। स्मिथ के आउट होने के कुछ समय बाद वार्नर रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गये।

## सौवें टेस्ट में दोहरा शतक जमाने वाले वार्नर बने दुनिया के दूसरे बल्लेबाज



मेलबर्न 27 दिसंबर। अपने करियर के 100वें टेस्ट में दोहरा शतक जड़ने का करिश्मा करने वाले आस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर दुनिया के दूसरे खिलाड़ी बन गये हैं। करीब तीन साल से टेस्ट शतक का इंतजार कर रहे आस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज वार्नर के बल्ले से मंगलवार को दोहरा शतक निकला। बाक्सिंग डे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दोहरा शतक जड़ने के साथ ही वार्नर रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गये। वार्नर से पहले इंग्लैंड के जो रूट ने 100वें टेस्ट में दोहरा शतक जड़ कर कीर्तिमान स्थापित किया था। रूट में पिछले साल भारत के खिलाफ अपने 100वें टेस्ट में दोहरा शतक बनाया था।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में वार्नर ने 16 चौके और दो छक्कों की मदद से यह कीर्तिमान बनाया। यह उनके अंतर्राष्ट्रीय करियर का 25वां टेस्ट शतक था। इसके साथ ही उन्होने टेस्ट करियर में आठ हजार रन भी पूरे कर लिये। टेस्ट क्रिकेट में उनका एक पारी में सर्वाधिक स्कोर 335 नाबाद रन है। 36 साल के वार्नर ने अपने 100वें एक दिवसीय मैच में भी शतक जमाया था। एक दिवसीय मैचों में वह 19 शतक लगा चुके है जबकि टी-20 में उनका सर्वाधिक स्कोर 100 रन नाबाद है। इस तरह वह अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में अब तक 45 शतक लगा चुके है जो सचिन तेंदुलकर के टेस्ट शतकों के बराबर है।

# श्रीलंका सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान

नई दिल्ली, 27 दिसम्बर। एशिया कप 2022 का खिताब जीतने वाले श्रीलंकाई टीम अब भारत के साथ मुकाबले के लिए तैयार है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने वन डे मैचों के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया है। इसके सीरीज के कुल 16 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इस सीरीज के लिए रोहित शर्मा को कप्तान बनाया है। वहीं हार्दिक पांड्या को उपकप्तान बनाया गया है।

दोनों टीमें पहले तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलेंगी फिर तीन वनडे मुकाबले खेले जाएंगे। टी20 सीरीज 3 जनवरी से 7 जनवरी तक खेली जाएगी तो वनडे सीरीज 10 जनवरी से 15 जनवरी तक खेली जाएगी।

**वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उप-कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ईशान किशन, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक, अर्शदीप सिंह।

**टी-20 टीम :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव (उपकप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर) रितुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, संजू सैम्सन, वाशिंगटन सुंदर, यजुवेन्द्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप पटेल, उमरान मलिक, शिवम भावी, मुकेश कुमार।

## दक्षिण अफ्रीका को 54 रन से हराकर भारतीय महिला टीम ने बढ़त बनाई

प्रिटोरिया, 27 दिसंबर। भारतीय महिला अंडर 19 क्रिकेट टीम ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को पहले टी20 मैच में 54 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में बढत बना ली। यह श्रृंखला दक्षिण अफ्रीका में 14 से 29 जनवरी तक होने वाले आईसीसी अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप के लिये अहम मानी जा रही है । सलामी बल्लेबाज श्वेता सहरावत और सौम्या तिवारी ने क्रमश: 39 और 46 गेंदों में 40 . 40 रन बनाये । पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर भारत ने पांच विकेट पर 137 रन बनाये । कप्तान शेफाली वर्मा हालांकि पहली ही गेंद पर आउट हो गई थी जिसके बाद सहरावत और तिवारी ने 74 गेंद में 70 रन की साझेदारी की । सहरावत ने अपनी पारी में पांच चौके लगाये जबकि तिवारी ने तीन चौके और एक छक्का जड़ा।

इन दोनों के अलावा विकेटकीपर रिचा घोष ने 15 और तितास संधू ने नाबाद 13 रन बनाये। कायला रेनेके और अयांडा एच ने मेजबान टीम के लिये दो-दो विकेट लिये। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम आठ विकेट पर 83 रन ही बना सकी। मध्यम तेज गेंदबाज शबनम शकील ने 15 रन देकर तीन विकेट लिये। दक्षिण अफ्रीका ने तीन ओवर के भीतर 10 रन पर दो विकेट गंवा दिये थे और इस सदमे से टीम उबर ही नहीं सकी ।

## भारतीय फुटबॉल का रणनीतिक खाका सात जनवरी को पेश करेगा एआईएफएफ

नयी दिल्ली, 27 दिसंबर। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव शाजी प्रभाकरन ने राज्य संघों के साथ बैठक में भाग लेने के बाद मंगलवार को बताया कि भारतीय फुटबॉल का बहुप्रतीक्षित रणनीतिक खाका सात जनवरी को पेश किया जाएगा।इस बैठक की अध्यक्षता एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने की, जिसमें राज्यों के प्रतिनिधि भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े । एआईएफएफी की वेबसाइट के मुताबिक प्रभाकरण ने कहा, " हम रणनीतिक ढांचे पर चर्चा करने के लिए फिर से मिलेंगे। हमने इसे आप सभी के सुझावों को लेकर तैयार किया है। इसे सात जनवरी को पेश किया जायेगा।'' एआईएफएफ ने अपने सभी सदस्य संघों से ईमानदारी (इंटीग्रिटी) संबंधी मुद्दों पर शून्य-सहिष्णुता नीति बनाए रखने का अनुरोध किया। इस बैठक में राज्य संघों को 'अपने संबंधित क्षेत्रों में खेले जाने वाले फुटबॉल में पूरी ईमानदारी बनाए रखने के लिए' उपाय करने की योजना बनाने के लिए कहा गया।

चौबे ने कहा, " आईएसएल और आई-लीग के बीच टीमें के 'प्रमोशन' और 'रेलीगेशन' का मुद्दा पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण रहा है। अतीत में एआईएफएफ और एफएसडीएल के बीच संचार की कमी रही है। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि अब हमने उस मसले को लगभग खत्म कर दिया है। एफएसडीएल की ओर से पूरे मामले के प्रति सकारात्मक रवैया रहा है।'' उन्होंने कहा, " संतोष ट्रॉफी के आयोजन में सुधारों को लेकर अच्छे सुझाव मिले है और इस बात को लेकर काफी रोमांच है कि इसके सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले सऊदी अरब में खेले जायेंगे।''

## एशले गार्डनर बनी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर

दुबई 27 दिसंबर। भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृखंला में अपनी टीम को 4-1 से जीत दिलाने वाली आस्ट्रेलिया की एशले गार्डनर आईसीसी महिला टी-20 प्लेयर रैकिंग में हरफमौला प्रदर्शन के लिये पहले स्थान पर पहुंच गयी हैं। गार्डर ने भारत के खिलाफ आखिरी टी-20 मैच में अपनी टीम के लिये मात्र 32 गेंदो में नाबाद 66 रन जोड़े जबकि 20 रन देकर दो खिलाड़ियों को आउट भी किया। इसी के साथ गार्डनर तीन पायदान ऊपर चढ़ कर पहली बार दुनिया की सर्वश्रेष्ठ आलराउंडर बन गयी हैं।

## आर्सेनल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में बढ़त मजबूत की

लंदन, 27 दिसंबर (एपी) आर्सेनल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) के सबसे व्यस्ततम दिनों में से एक 'बॉक्सिंग डे' पर दमदार प्रदर्शन करते हुए वेस्ट हैम को 3-1 से पराजित करके शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।न्यू कास्टल ने एक अन्य मैच में लीस्टर को 3-0 से हराकर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है लेकिन वह आर्सेनल से सात अंक पीछे है। आर्सेनल के 15 मैचों में 40 जबकि न्यू कास्टल के 16 मैचों में 33 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी तीसरे स्थान पर खिसक गया है। सैद बैनरहम के 27वें मिनट में पेनल्टी किक पर के गोल से वेस्ट हैम ने शुरुआती बढ़त बनाई लेकिन आर्सेनल वापसी करने में सफल रहा। उसकी तरफ से दूसरे हाफ में बुकायो साका, गेब्रियल मार्टिनेली और एडी एनकेतिया ने गोल दागे।

# संतोष ट्रॉफी : महिप अधिकारी की हैट्रिक से दिल्ली जीता

नई दिल्ली 27 दिसंबर। महिप अधिकारी की शानदार हैट्रिक की मदद से दिल्ली ने हीरो संतोष ट्रॉफी के लिए खेली जा रही 76वीं नेशनल सीनियर मेंस फुटबॉल चैम्पियनशिप के ग्रुप-1 में गुजरात को 4-0 से करारी शिकस्त देकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

डॉ. अम्बेडकर स्टेडियम में खेले गए मैच में महिप ने 59वें, 81वें और 84वें मिनट में गोल करके हैट्रिक पूरी की। वह हीरो ऑफ द मैच रहे। उधर, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए दिन के अन्य मैचों में कर्नाटक ने नई-नवेली लद्दाख को 3-2 से हराया जबकि उत्तराखंड ने त्रिपुरा को 1-0 से पराजित किया।

मंगलवार को डॉ. अम्बेडकर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में दिल्ली का प्रदर्शन लगातार बेहतर होता नजर आया। लगातार दो मैचों में बेंच रह गए स्थानापन्न अटैकिंग मिडफील्डर महिप अधिकारी ने मौका मिलते ही शानदार तिकड़ी जमाई। 30वें मिनट में अजय सिंह रावत ने जयदीप के पास पर गोल करके दिल्ली का खाता खोला। हाफ टाइम तक दिल्ली 1-0 से आगे थी।


मध्यांतर के तुरंत बाद स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में महिप का मैदान पर उतरना मेजबान टीम के लिए वरदान साबित हुआ। महिप ने अपने तीनों गोल जयदीप, राघव चड्ढा और अजय सिंह रावत के पासों पर किए। अधिकांश समय मेजबान टीम का दबदबा रहा। दिल्ली की रक्षापंक्ति के खिलाड़ियों कप्तान नीरज भंडारी, करनदीप, गौरव रावत और साहिल ने मजबूत डिफेंडिंग करते हुए गुजरात के फॉरवर्ड को कोई मौका नहीं दिया।

इस जीत के साथ ही दिल्ली तीन मैचों में दो जीत और एक ड्रा से सात अंक लेकर ग्रुप-1 में दूसरे स्थान पर बनी हुई है। वहीं, कर्नाटक ने आज अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की और वो तीन मैचों में तीन जीत से नौ अंक लेकर शीर्ष पर बरकरार है। आज जीत का स्वाद चखने के बाद उत्तराखंड तालिका में तीसरे स्थान पर आ गई है। उत्तराखंड के तीन मैचों में एक जीत, एक ड्रा और एक हार से चार अंक हो गए हैं। वहीं, गुजरात तीन मैचों में एक जीत और दो हार से तीन अंक लेकर चौथे स्थान पर है। त्रिपुरा और लद्दाख तीन मैचों में एक-एक ड्रा से एक-एक अंक लेकर क्रमश: पांचवें व छठे स्थान पर हैं।

जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए दिन के पहले मैच में कर्नाटक को लद्दाख पर जीत के लिए थोड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कर्नाटक ने लद्दाख को 3-2 से हराया। कर्नाटक की जीत में अभिषेक शंकर पॉवार (27वें) जैकब जॉन कट्टूकारेन (54वें), रॉबिन यादव ने (80वें मिनट) में गोल दागे।

पहले हाफ में लद्दाख ने बेहतर खेल दिखाया और मोहम्मद इलियास के नौवें मिनट में गोल से उसने उम्मीदों के विपरीत शुरुआती गोल करके बढ़त ले ली थी। लिहाजा, उसने मध्यांतर तक कर्नाटक को 1-1 के स्कोर पर रोके रखा। लेकिन दूसरे हाफ में कर्नाटक ने हमलों की झड़ी लगा दी और एक समय 3-1 की बढ़त पर थी। रेफरी की सीटी बजने से पहले लद्दाख के स्टैंजिन गिलिक ने गोल करके अंतर को 3-2 कर दिया। दिन के तीसरे मैच में उत्तराखंड ने त्रिपुरा को 1-0 से हरा दिया। यह उत्तराखंड की पहली जीत है। उत्तराखंड की जीत में स्थानापन्न खिलाड़ी सार्थक सिंह ने 56वें मिनट में मैच का एकमात्र गोल दागा।

## पाकिस्तान का विशाल स्कोर, कीवी ने किया पलटवार



कराची 27 दिसंबर। कप्तान बाबर आजम (161) और आगा सलमान (103) के शतकीय प्रहार की मदद से पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में मंगलवार को 438 रन बनाये जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में बगैर नुकसान के 165 रन बना लिये थे। नेशनल स्टेडियम पर दिन का खेल खत्म होने के समय टाम लैथम 78 और डेवान कानवे 82 रन बना कर क्रीज पर डटे थे। बाबर ने टेस्ट करियर की नौवीं शतकीय पारी में 363 मिनट विकेट पर टिक कर 280 गेंदो का सामना किया और इस दौरान 15 चौके और एक छक्का जमाया। पाकिस्तान की ओर से दूसरे शतकवीर आगा सलमान का करियर का पहला शतक 155 गेंदे खेल कर आया। इसके अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज सरफराज अहमद (86) ने अपनी टीम को बड़े स्कोर पर ले जाने में महती भूमिका निभायी। न्यूजीलैंड के अनुभवी टिम साउदी (69 रन पर तीन विकेट) लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे जबकि एजाज पटेल, इश सोढी और मिचेल ब्रेसवेल ने आपस में दो दो विकेट बांट लिये। बचा हुआ एक विकेट नील बागनर की झोली में गया। हालांकि पाकिस्तान विशाल स्कोर का दवाब कीवी बल्लेबाजों पर बनाने में असफल रहा। सलामी जोड़ी के तौर पर लैथम और कानवे ने पाकिस्तान के धारदार गेंदबाजी आक्रमण को बौना करते हुये मैदान के चारों ओर आकर्षक शाट लगाये और दिन का खेल बगैर विकेट खोये निकाल दिया।

## करियर की सर्वश्रेष्ठ आठवीं रैंकिंग पर पहुंचे प्रणय

नयी दिल्ली, 27 दिसंबर। भारत के स्टार शटलर एचएस प्रणय मंगलवार को जारी विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।केरल का यह 30 वर्षीय खिलाड़ी इस साल शानदार फॉर्म में रहा। उन्होंने इससे पहले 2018 में भी आठवीं रैंकिंग हासिल की थी लेकिन इसके बाद वह 2019 में 34वें स्थान पर खिसक गए थे। प्रणय ने इस साल यादगार प्रदर्शन किया। वह सात टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, दो टूर्नामेंट मे वह सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहे जबकि स्विस ओपन में उपविजेता रहे थे। उन्होंने कोई एकल खिताब नहीं जीता लेकिन भारत की थॉमस कप की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अन्य भारतीय पुरुष खिलाड़ियों में लक्ष्य सेन पहले की तरह सातवें स्थान पर बने हुए हैं लेकिन किदांबी श्रीकांत एक पायदान नीचे 12वें स्थान पर खिसक गए हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद चोटिल होने के कारण किसी टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाने वाली पीवी सिंधु महिला एकल रैंकिंग में एक पायदान नीचे सातवें स्थान पर खिसक गई है। पुरुष युगल रैंकिंग में सात्विकसाईंराज रंकीरेड्डी और चिराग सेन पांचवें स्थान पर बने हुए हैं।

## 2026 फीफा विश्व कप में भाग ले सकता है रूस

मास्को, 27 दिसंबर। एशियाई फुटबाल परिसंघ में शामिल होने की सूरत में अंतरराष्ट्रीय फुटबाल महासंघ (फीफा) रूस को 2026 विश्व कप क्वालीफायर में भाग लेने से नहीं रोकेगा। रूसी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष अलेक्सांद्र ड्युकोव ने कहा कि एएफसी में भाग लेने पर अंतिम निर्णय मंगलवार को संघ की कार्यकारी समिति में किया जाएगा। 2026 फीफा विश्व कप अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में आयोजित किया जाएगा। एक रिपोर्ट में कहा गया कि अगर फैसला सकारात्मक रहा तो रूस के पास विश्व कप में भाग लेने के लिए जरूरी सभी दस्तावेज जमा करने की अंतिम तारीख 31 दिसंबर होगी। गौरतलब है कि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद फीफा और यूरोपीय फुटबॉल महासंघ ने रूस को सभी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने से निलंबित कर दिया था जिसके बाद मास्को ने एएफसी में शामिल होने पर विचार करना शुरू कर दिया।

## फरहान बेहरदीन ने लिया क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास

केपटाउन 27 दिसंबर। दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला खिलाड़ी फरहान बेहरदीन ने मंगलवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास लेने की घोषणा की। बेहरदीन ने 39 साल की उम्र में पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले की घोषणा ट्विटर के जरिये की। बेहरदीन ने 2004 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया हालांकि दक्षिण अफ्रीका में पदार्पण करने के लिए उन्हे आठ साल इंतजार करना पड़ा था। उन्होंने 59 एकदिवसीय और 38 टी-20 मैचों में प्रोटियाज का प्रतिनिधित्व करते हुये 1592 रन बनाए और 17 विकेट झटके। उन्होने 2012, 2014 और 2016 में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप और 2015 में क्रिकेट विश्व कप में हिस्सा लिया। बेहरदीन को 2017 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 मैचों की घरेलू श्रखंला में अपने देश की कप्तानी करने का अवसर भी मिला। उन्होंने आखिरी बार नवंबर 2018 में कैरारा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 में प्रोटियाज का प्रतिनिधित्व किया था।

## मानव और दीपक के अर्द्धशतक

जयपुर, 27 दिसम्बर। मानव सुधार (नाबाद 95) और दीपक हुड्डा (95) की अर्द्धशतकीय पारियों की मदद से राजस्थान ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी में पुंडुचेरी के विरुद्ध पहले दिन 9 विकेट पर 333 रन बना लिये है। पुंडुचेरी में खेले जा रहे मैच में महिपाल लोमरारे ने 32 और तनवीर उल हक 25 रन बनाकर खेल रहे है। पुंडुचेरी के लिए सागर उदेशी ने 3 विकेट लिये।

# चयनकर्ताओं के साक्षात्कार के लिए 29 दिसंबर को हो सकती है सीएसी की बैठक

नयी दिल्ली, 27 दिसंबर अशोक मल्होत्रा, सुलक्षणा नाइक और जतिन परांजपे की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) की 29 दिसंबर को मुंबई में नयी राष्ट्रीय चयन समिति के संभावित उम्मीदवारों के साक्षात्कार के लिए बैठक होने की संभावना है। समझा जाता है कि बीसीसीआई साक्षात्कार के लिए नामों को छांटने की प्रक्रिया में है और पिछली चयन समिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा के मध्य क्षेत्र के अपने सहयोगी हरविंदर सिंह के साथ सूची में शामिल होने की काफी संभावना है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, "अगर सब कुछ ठीक रहा तो 29 दिसंबर को सीएसी की मुंबई में बैठक होनी है। इसी में चयनित नामों का साक्षात्कार भी होगा। " इस बीच समझा जाता है कि चेतन और उनकी समिति को एक और सप्ताह का विस्तार दिया गया है। इस दौरान उन्हें रणजी ट्रॉफी मैचों पर नजर रखने के लिए कहा गया है। चेतन और उनके सहयोगी हरविंदर तमिलनाडु के खिलाफ घरेलू टीम का मैच देखने के लिए दिल्ली में थे, जबकि सुनील जोशी हैदराबाद में असम और हैदराबाद के बीच मैच देख रहे थे। सूत्र ने कहा, " उन्हें कल ही सूचित किया गया था कि उन्हें इस दौर के मैचों को देखने की जरूरत है।" यह हालांकि समझा जाता है कि चेतन और हरविंदर दोनों का सीएसी से फिर से साक्षात्कार लिये जाने की संभावना है और दोनों अपने-अपने क्षेत्र से चयनकर्ता पद पर बने रह सकते हैं। इस घटनाक्रम पर नजर रख रहे बीसीसीआई सूत्रों का मानना है कि बोर्ड के अधिकारियों को इस पद के लिए अधिक संख्या में उपयुक्त नाम नहीं मिले हैं क्योंकि सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को आकर्षित करने के लिए अध्यक्ष के लिए 1.25 करोड रुपये और अन्य सदस्यों के लिए 1 करोड़ रुपये एक पैकेज (वेतन) आकर्षक नहीं माना जाता है। सूत्र ने कहा, " चेतन के पास अध्यक्ष के रूप में या फिर कम से कम उत्तर क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में चयन समिति में बने रहने का अच्छा मौका है। सच्चाई यह है कि इस पद के लिए बीसीसीआई को किसी शीर्ष स्तर के पूर्व खिलाडी का नाम नहीं मिल रहा है। अगर चेतन के पास मौका नहीं होता तो वह आवेदन क्यों करता? उन्हें कुछ आश्वासन जरूर मिले होंगे।"

# 'परीक्षा से 15 दिन पहले ही मुख्य आरोपी सुरेश ढाका को आर.पी.एस.सी. से तीनों पेपर मिल गए थे'

## वरिष्ठ भाजपा नेता, सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने दावा किया कि, मुख्य आरोपी सुरेश ढाका की गिरफ्तारी से सारी आर.पी.एस.सी. गिरफ्त में आ जाएगी

जयपुर, 27 दिसम्बर (का.सं.)। शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में मचे बवाल के बीच सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने आरोप लगाया है कि पेपर आर..पी.एस.सी. से ही लीक हुआ है। मुख्य आरोपी सुरेश ढाका की गिरफ्तारी होने पर एक के बाद एक परतें खुलेंगी और पूरी आर.पी.एस.सी. ही गिरफ्त में आ जाएगी। दोषियों की संपत्ति कुर्क होने के साथ पूरे मामले की सीबीआई जांच हो।

डॉक्टर मीणा ने प्रेस वार्ता में लाखों बेरोजगारों के साथ लगातार हो रहे छलावे पर दुख जताते हुए कहा कि, सरकार की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं होने से पेपर लीक के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे। डॉ. मीणा ने सरकार से मांग है कि, पेपर लीक में वांटेड अपराधियों पर राम कृपाल मीणा की तरह ही संपत्ति पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की जाए। इन वांटेड अपराधियों की संपत्ति कुर्क या बुलडोजर चलाया जाएगा तो ये पुलिस की गिरफ्त में होंगे। तभी कई बड़े चेहरे बेनकाब होंगे। पूर्व में जिन चार कोचिंग संस्थानों के नाम पेपर लीक में आए उन पर कार्रवाई होती तो शायद इन कोचिंग संस्थानों के मालिक आज इन पेपर लीक में लिप्त नहीं पाए जाते। डॉ. मीणा ने दावा किया कि सामान्य ज्ञान का पेपर

- **डॉ. मीणा ने शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले की जाँच सी.बी.आई. से करवाने की मांग की और कहा कि, दोषियों की सम्पत्ति कुर्क की जाए व इनके घरों पर बुलडोज़र चलाया जाए।**
- **डॉ. मीणा ने कहा कि, पूर्व में भी जिन चार कोचिंग संस्थानों के नाम पेपर लीक में आए थे उन पर आज तक कार्यवाही नहीं हुई।**

ही लीक नहीं हुआ बल्कि हिन्दी एवं अंग्रेजी के पेपर भी लीक हुए है। पेपर लीक होकर 15 दिन पहले से ही सुरेश ढाका और भूपेन्द्र को आर.पी.एस.सी. से मिल गया था। कुल(80,80,80) 240 प्रश्न आरपीएससी द्वारा सुरेश ढाका गैंग ने लिए!

डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने बताया कि, 21 तारीख को होने वाले पेपर के लिए 240 प्रश्न बच्चों को पढ़ाये गये। क्योंकि इस गैंग को टोटल 240 प्रश्न दिए गए थे। आर.पी.एस.सी. के व्यक्ति ने कहा कि इसमें से ही अस्सी अस्सी प्रश्न आयेंगे। जो प्रश्न पहले पेपर में आ जाए तो उन्हें दूसरे दिन ओर तीसरे दिन पेपर में ना पढ़ाया जाए। दूसरे दिन दिनांक 22 दिसम्बर को होने वाली सामान्य ज्ञान की परीक्षा का पेपर 21 दिसम्बर की रात को 160 प्रश्न पढाये गये। क्योंकि जो पहले दिन अस्सी प्रश्न आए उन्हें काट दिया गया। इस तरह दिनांक 24 दिसम्बर होने वाले पेपर को 23 दिसम्बर की रात को 80 प्रश्न पढाये गये।



*किरोड़ी लाल मीणा ने प्रैस कॉन्फ्रैंस को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के राज में पूरी की पूरी आर.पी.एस.सी. ही नकल गिरोह के साथ मिली हुई है। अगर नकल गिरोह की गहनता से जांच की जाए तो पूरी आर.पी.एस.सी. ही गिरफ्त में आ जायेगी।*

आरपीएससी द्वारा 2018 से आयोजित सभी भर्ती परीक्षाओं में इन गैंगों की संलिप्तता है ! डॉ. मीणा ने कहा कि आर ए एस 2018 आर.ए.एस. 2021 में भी पेपर लीक हुआ है। जिनके प्रमाण मैं पहले भी देख चुका हूं। कोलेज लेक्चरर राजनीति विज्ञान का पेपर भी बड़े स्तर पर लीक हुआ है अगर यह परिणाम नाम पते सहित जारी करेंगे तो उसमें भी पता लगेगा कि यह पेपर भी बड़े स्तर पर आउट हुआ है।

80 प्रश्न सामान्य ज्ञान 20 प्रश्न मनोविज्ञान के आते हैं। पेपर सेटर्स से जब आर.पी.एस.सी. ने ये प्रश्न लिए गये तो आर.पी.एस.सी. के व्यक्ति ने ही जिसके पास सामान्य ज्ञान के अस्सी प्रश्न थे उसने ये गिरोह के हवाले कर दिए। आर.पी.एस.सी. के व्यक्ति (स्टाफ) का नाम अभी उजागर करना ठीक नहीं है। प्रिंटिंग प्रेस एवं स्कूल से पेपर आउट नहीं हुआ है अगर यहां से होता तो पूरे 100 प्रश्न नक़ल गिरोह के पास आते।

## 'राम नाम की लूट है ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

आये हैं। इस मामले के संक्षेप में समझाये गये इतिहास में बताया गया है कि आशापुरा ट्रेड एंड ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने 1 अक्टूबर 2014 को सांई पार्सल सर्विस से टैंडर की निविदा के बाद तीन वर्ष के लिये पार्सल सेवा का अनुबंध किया था। परंतु 16 मई 2016 को ही इस कम्पनी ने रोडवेज को पत्र लिखकर कहा कि उक्त अनुबंधन से "हमें 3 करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।" के संबंध में दोनों पक्षों के बीच में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न हो जाता है तो मामले में निपटारे के लिये निगम अध्यक्ष एकमात्र पंच निर्णायक होंगे।" इसी शर्त में आगे लिखा है कि " कोई भी पक्ष मामले को पंच निर्णायक के समक्ष प्रस्तुत किये बिना विवाद किसी भी न्यायालय में नहीं ले जा सकेगा।" इस सूचना से यह भी प्रश्न उठता है कि उक्त मामला कॉमर्शियल ऑर्बिट्रेटर के समक्ष पहुंचा ही कैसे, जिसने आशापुरा कम्पनी के पक्ष

- **अजीबो गरीब बात यह भी है कि, रोड़वेज द्वारा यह 103 करोड़ की राशि की भरपाई पूर्ति न करने के एवज में जयपुर के कॉमर्शियल कोर्ट ने परिवहन निगम का ऑफिस बिल्डिंग, परिवहन विभाग को सरकारी ऑफिस की बिल्डिंग तथा सिंधी कैंप पर कार्यरत सैन्ट्रल बस स्टैण्ड का कार्यालय व ज़मीन एटैच करने के आदेश दिये।**
- **मजे की बात है, राजस्थान पथ परिवहन निगम, एक कॉरपोरेशन है, अतः सरकारी विभाग नहीं, अतः सरकार की सम्पत्ति कैसे एटैच की जा सकती है, निगम की गलती की सजा के रूप में।**

हैरानी की बात यह है कि 25 मार्च 2018 को आर्बिट्रेटर ने आशापुरा ट्रेड एंड ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के हक में अवॉर्ड पारित करते हुए कहा कि वह निगम से क्षतिपूर्ति राशि 83,89,24,508 रुपये मय 12 फीसदी वार्षिक ब्याज की दर से प्राप्त करने का अधिकारी है। इस प्रकरण की सबसे ज्यादा अजीबोगरीब बात यह है कि मामला 3 करोड़ से 83 करोड़ का कब और कैसे हुआ?

इस तथ्यात्मक सूचना रिपोर्ट में आशापुरा कम्पनी और निगम के बीच हुए अनुबंध के बारे में भी बताया गया है, जिसकी शर्त संख्या 30 स्पष्ट रुप से कहती है कि "यदि अनुबंध क्रियान्वयन में 83,89,24,508 रुपये की राशि निगम से वसूलने का अवार्ड पारित किया था।

उक्त तथ्यात्मक सूचना रिपोर्ट में रोडवेज की ओर से प्रकरण की महत्ता को देखते हुए कुर्की वारंट में परिवहन विभाग की संपत्ति के शामिल होने के कारण राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता को नियुक्ति किये जाने की भी मांग की गई है। परंतु सूत्रों के अनुसार हैरानी की बात है कि 7 नवम्बर से अभी तक मुख्य सचिव ने इस मामले पर ना तो कोई बैठक की है, और ना ही सरकार की ओर से पैरवी करने के लिये महाधिवक्ता को नियुक्त करने के लिये कोई कार्यवाही की है।

## भाजपा का सिखों को...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

करने का षड़यन्त्र है।

एस.जी.पी.सी. का तर्क यह है कि यह अति साहस का ऐसा कार्य था जिसका एतिहासिक महत्व इसके दूरगामी नतीजे निकले थे, उन्हे महज "बहादुर बच्चा" कह कर हल्का नही किया जा सकता, जिन्होने मुगल शासको के समक्ष अपना जीवन कुर्बान कर दिया था।

वीर बाल दिवस विवाद उस वक्त सामने आया है और एस.जी.पी.सी. मोदी सरकार पर यह आरोप लगाती रही है कि वह देहली सिख गुरूद्वारा मैनेजमेंट कमेटी (डी.एस.जी.एम.सी.) के साथ साठगांठ कर सिख संस्थानों पर कब्जा जमाने की कोशिश कर रही है। म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन ऑफ देहली (एम.सी.डी.) के हाल ही सम्पन्न चुनावों में डी.एस.जी.एम.सी. के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने सिखों से भाजपा को वोट देने की अपील की थी। इससे पहले, एस.जी.पी.सी. और अकाल तख्त ने भाजपा पर आरोप लगाया था कि वह नांदेड़ स्थित हुजूर साहिब के प्रबन्धन में हस्तक्षेप कर रही है।

शिरोमणी अकाली दल के साथ संबंध विच्छेद के बाद भाजपा को सिख संस्थानों पर अपना नियन्त्रण स्थापित करने के प्रयास करते देखा जा रहा है। सिख विषयों की अच्छी समझ रखने वाले इकबाल सिंह लालपुरा को भाजपा ने कुछ समय पहले ही अपने संसदीय बोर्ड का सदस्य बनाया था।

प्रधानमंत्री ने जब वर्ष 2021में गुरू पूरब दिवस पर तीन कृषि कानून रद्द करने की घोषणा की थी तब माना गया था कि वह अपनी छवि सिख समर्थक बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

## वसंत विहार ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

राहुल गांधी के आस-पास भीड़ उमड़ पड़ी और लोग उनके साथ सेल्फी लेने के लिए बेकरार नजर आए। कांग्रेस नेता वीरेंद्र चौधरी ने राहुल गांधी की दिल्ली के वसंत विहार बाजार में घूमते हुए दो तस्वीरें ट्विटर पर शेयर की हैं, जिसमें राहुल गांधी ब्लैक कलर की टीशर्ट में नजर आ रहे हैं। कैप्शन में कांग्रेस नेता ने लिखा, "दिल्ली की सड़कों पर जनता के बीच अचानक जा पहुंचे राहुल गांधी। सांसद को ऐसे देखकर बीजेपी और आप वालों का टेंपरेचर और बढ़ गया होगा।"

# कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा के तुरंत बाद हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरु करेगी

## कांग्रेस की कोशिश है कि, भारत जोड़ो यात्रा से मिले समर्थन का विस्तार किया जाए

जयपुर, 27 दिसम्बर (का.प्र.)। राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा 26 जनवरी को कश्मीर में समाप्त होगी, लेकिन कांग्रेस ने इस यात्रा को मिले समर्थन को देखते हुए अपने संगठन को निचले स्तर तक प्रभावी बनाने को लेकर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की घोषणा पहले ही कर दी थी। अब इस अभियान को पूरे देश में प्रभावी रूप से चलाने के लिए सभी प्रदेशों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। राजस्थान में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामचंद्र खूंटिया को जिम्मेदारी दी गई है।

दरअसल जिस समय राहुल गांधी की यात्रा कन्याकुमारी से शुरू हुई थी, उस समय माना जा रहा था, कि इस यात्रा को दक्षिण में ही समर्थन मिलेगा, लेकिन यात्रा अब तक जिन राज्यों से गुजरी है, उनमें दक्षिण के बाद महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में भी जबरदस्त समर्थन मिला है। इस समर्थन से कांग्रेस काफी उत्साहित है। अब इस उत्साह को पार्टी जिला और ब्लॉक स्तर पर ले जाने के लिए हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करना चाहती है।

यही कारण है कि जब कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा का समापन होगा, तब 26 जनवरी से देशभर में कांग्रेस हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू कर देगी।

इसके लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से सोमवार को सभी राज्यों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। रामचंद्र खूंटिया ओडीशा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता है। वही राजस्थान से स्टीयरिंग कमेटी

- **हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के लिए राजस्थान में रामचंद्र खूटिया को पर्यवेक्षक बनाया गया है।**
- **इसी के साथ प्रियंका गांधी भी सभी राज्यों की राजधानी में महिला रैलियों का आयोजन करेंगी।**

के सदस्य रघुवीर मीणा को हिमाचल प्रदेश तथा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मोहन प्रकाश को पंजाब-चंडीगढ़ की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं राजस्थान से राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी को मध्य प्रदेश का पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। नियुक्त किए गए पर्यवेक्षक जल्द ही अपने अपने प्रभार वाले प्रदेशों में जाकर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक लेंगे। साथ ही कार्यकर्ताओं और नेताओं को दिशा-निर्देश भी देंगे। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान 26 जनवरी से शुरू होने जा होने जा रहा है। यह अभियान प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर होगा। यह कार्यक्रम करीब 2 माह तक चलेगा। इसके जरिए जनता से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा। इस अभियान के तहत पहले ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे उसके बाद में जिला स्तर पर और फिर प्रदेश स्तर पर एक बड़ा अधिवेशन रखा जाएगा। इसी के साथ कांग्रेस ने तय किया है कि सभी राज्यों की राजधानी में प्रियंका गांधी महिला रैलियों का आयोजन करेंगी। ऐसे में कांग्रेस लगातार कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रखकर भारत जोड़ो यात्रा को मिले समर्थन को और बढ़ाने के प्रयास में जुट गई है।

# 'क्या पंजाब कैडर के आई.ए.एस. अमित ढाका को पेपर लीक गिरोह बनाने के लिए यहां लाया गया है?'

## सांसद और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल ने मुख्यमंत्री कार्यालय में तीन साल से कार्यरत अमित ढाका पर संदेह जताया

जयपुर, 27 दिसम्बर (का.प्र.)। राजस्थान में एक के बाद एक भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक मामले को लेकर सांसद हनुमान बेनीवाल ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री के ओएसडी पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी की राहुल गांधी से भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मुलाकात कराने वाले नेताओं पर भी निशाना साधा है। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो एवं नागौर से लोक सभा सांसद हनुमान बेनीवाल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से दस सवाल पूछे। उन्होंने एक के बाद एक कई ट्वीट करते हुए पेपर लीक मामलो में सीएमओ में लंबे समय तक कार्यरत रहे पंजाब कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अमित ढाका और मुख्यमंत्री के ओएसडी देवाराम सैनी को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े किए।

सांसद बेनीवाल ने पूछा है कि

1. क्या पंजाब कैडर के आईएएस अधिकारी अमित ढाका को पंजाब से यहां पेपर आउट करवाने की चेन बनाने और ऐसे गिरोह को पनपाने के लिए आयात किया गया ?
2. वरिष्ठ अध्यापक पेपर लीक प्रकरण के आरोपी सुरेश ढाका और सीएमओ में तीन वर्षों से अधिक समय तक कार्यरत रहे अमित ढाका के संबंधों की जांच कब करवाओगे ? क्योंकि यह सुरेश ढाका स्वयं को अमित ढाका का भाई बताकर और खुद को सीएमओ का आदमी बताकर हर जगह रोब झाड़ता था और इस एंगल से ही इसने भर्ती परीक्षाओं के पेपर करवाने वाली संस्थाओं और अफसरों से मिलीभगत कर रखी थी !
3. रीट प्रकरण में राज्य सरकार के मंत्री सुभाष गर्ग और मुख्यमंत्री के ओएसडी देवाराम सैनी पर भी आरोप लगे, चूंकि सुभाष गर्ग स्वयं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष रह चुके हैं और इनके इशारे पर ही डीपी जारोली को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया और रीट पेपर प्रकरण में जारोली को बर्खास्त किया गया और मंत्री गर्ग ने ही जारोली को एसओजी से क्लीन चिट दिलवाई, अगर जारोली सही थे उन्हें बर्खास्त क्यों किया ?
4. क्या जारोली को क्लीन चिट इसलिए तो नहीं दिलवाई गई की कहीं वो उन नेताओं और अधिकारियों के नाम उजागर ना कर दे, जिनके नाम रीट पेपर आउट करवाने में सामने आए ?
5. रीट मामले में आरोपी रामकृपाल मीणा की स्कूल बिल्डिंग को तोड़ा गया, बाकी आरोपियों की प्रोपर्टियों को क्यों नहीं तोड़ा गया ?
6. कॉन्स्टेबल पेपर लीक प्रकरण में कांग्रेसी नेता मंजू शर्मा के पुत्र को गिरफ्तार किया गया, लेकिन इनकी स्कूल को क्यों नहीं तोड़ा गया ?
7. आरपीएससी चेयरमैन ने कोचिंग सैन्टर संचालकों की भूमिका पेपर लीक करवाने और नकल गिरोह में होना बताया तो सरकार ऐसे कोचिंग सेन्टरों के खिलाफ कब कार्यवाही करेगी और पर्दे के पीछे कौन-कौन से ब्यूरोक्रेट्स और अन्य अधिकारियों की साझेदारी ऐसी कोचिंगो में है !
8. आपके ओएसडी देवाराम सैनी के नजदीकी रिश्तेदारों की भी कोचिंगों में साझेदारी है जो लगातार देवाराम के संपर्क में भी थे, ऐसे में इस विषय की गहन जांच कब करवाओगे की कहीं आपके ओएसडी की भूमिका तो पेपर आउट करवाने में नहीं थी ?
9. आरोपी सुरेश ढाका राजस्थान के सत्ताधारी दल के एक दर्जन सत्ता धारी दल के नेताओं और मंत्रियों तथा हरियाणा और दिल्ली के कई कांग्रेसी नेताओं के ट्वीटर हैंडल ऑपरेट करता था, ऐसे में बिना नेताओं की शह के सुरेश ढाका इतना बड़ा कृत्य नहीं कर सकता, इस पर आप क्या कहेंगे?
10. कांग्रेस के कौन से नेताओं और मंत्रियों ने सुरेश ढाका की राहुल गांधी से मुलाकात करवाई?

## मैसुरु में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

गंभीर नुकसान पहुंचा है।

कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। टायर भी फट चुका है। मैसूर की पुलिस अधीक्षक सीमा लटकर ने घटनास्थल और अस्पताल का दौरा किया है। प्रहलाद मोदी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छोटे भाई हैं। वे दामोदरदास मूलचंद मोदी और उनकी पत्नी हीराबेन के छह बच्चों में से चौथे हैं। प्रह्लाद मोदी राजनीति से हमेशा दूर रहे हैं, लेकिन सामाजिक कामों में उन्होंने खुद को व्यस्त रखा है।

## अमेरिका ने पिछले सौ साल...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

गिर सकती है।

विशेषज्ञ कहते हैं कि जलवायु परिवर्तन के संकट ने शायद तूफान की तीव्रता में अपना योगदान दिया है। बॉल्डर स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो के नैशनल स्नो एण्ड आइस डेटा सेन्टर के निदेशक मार्क सरेज ने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि वायुमण्डल में अधिक जलवाष्प जा सकती है।

नैशनल वैदर सर्विस ने कहा कि बफलो नियाग्रा इन्टरनैशनल एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह 10 बजे 49.2 इंच (1.25 मीटर) बर्फ की परत जमी हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट बुधवार सुबह तक बन्द रहेगा।

भयावह तूफान, गरजती हवाओं और सब-ज़ीरो टैम्प्रेचर के कारण अमेरिका में हाल ही के दिनों में 15 हजार से अधिक फ्लाइट्स रद्द करनी पड़ी है।

ट्रैकिंग साइट फ्लाइट अवेयर के अनुसार सोमवार दोपहर 3 बजे, एस्टीमेटिड टाइम ऑफ डिपार्चर (ई.डी.टी.) पर करीब 3 हजार 410 घरेलू एवं अन्तर्राष्ट्रीय फ्लाइट्स रद्द करनी पड़ी।

साइट ने कहा है कि साउथ वैस्ट एयरलाइन्स की 2,497 उड़ाने रद्द हो गईं, जो इसकी निर्धारित उड़ानों की 60 प्रतिशत, तथा अमेरिका की किसी भी अन्य प्रमुख एयर लाइन की उड़ानों का 10 गुना थी। साउथवैस्ट एयर लाइन्स ने कहा कि अब मौसम सुधर रहा है, तथा इससे हमारी स्थिति सुधर जायेगी तथा मजबूत हो जायेगी"

फ्लाइट अवेयर डेटा के आधार यह कहा गया है कि पूरे अमेरिका के हवाई अड्डे, जिनमें डेनवर, अटंलाटा, लास वेगास, सिएटल, बाल्टीमोर तथा शिकागो जैसे हवाई अड्डे शामिल हैं, उड़ानों के निरस्त होने तथा विलंबित होने से पीड़ित हैं।

न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचल इसके बाद सोमवार को अपने गृह नगर गईं तथा उन्होंने इस बर्फानी तूफान "युगों में एक बार आने वाला" तूफान बताया।

राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को ट्वीट किया कि उन्होंने होचल से फोन पर बात की थी तथा उनसे कहा कि इस तूफान से बचाव और नुकसान की भरपाई में होने वाले जबरदस्त खर्च की पूर्ति के लिये इस क्षेत्र की मदद के लिये उनकी सरकार संसाधन उपलब्ध करायेगी।

बाइडन ने कहा, "मैंने गवर्नर कैथी होचल से भयावह सर्द मौसम से पीड़ित न्यूयॉर्क की ताजा जानकारी प्राप्त करने के लिये बातचीत की थी। हम यह सुनिश्चित करने के लिये पूरी तरह तैयार हैं कि उन्हें वे संसाधन मिलें, जिनकी, इस स्थिति से बाहर निकलने के लिये, उन्हें जरूरत है।"

बफलो, जो ऐरी कन्ट्री क्षेत्र का एक नगर है और सर्दी के ऐसे मौसम से अपरिचित नहीं है। और यह वर्तमान में आए बर्फीले तूफान का केन्द्र है और पूरी तरह से बर्फ में दब गया है।

न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचल ने एक ट्वीट में कहा, "बर्फबारी अभी भी हो रही है तथा ठिठुरा देने वाली हवा का तापमान शून्य से नीचे है तथा सब कुछ जमा हुआ दिखाई दे रहा है। न्यूयॉर्कवासी, कृपया घर पर ही रहें, घर को गर्म रखे और सुरक्षित रहें।" गवर्नर ने एक रेस्टोरेंट का वीडियों शेयर किया है, जो पूरी तरह बर्फ से ढ़का हुआ है तथा बर्फ का जैसा दिखाई दे रहा है।

कैथी होचल ने पत्रकारों को बताया, "यह निश्चित रूप से शताब्दी का सबसे भयान बर्फीला तूफान है।" उन्होंने आगे कहा कि "यह कहना अभी बहुत जल्दबाजी होगी कि यह तूफान अपनी समाप्ति पर है।" होचल ने कहा कि पश्चिमी न्यूयॉर्क के कुछ कस्बे एक रात में "30 से 40 इंच मोटी (.75 से 1 मीटर) बर्फ से ढ़क गये हैं।

# द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती पेपर लीक के मास्टरमाइंड भूपेंद्र सारण की पत्नी व प्रेमिका सहित छह गिरफ्तार

जयपुर, 27 दिसम्बर (का.सं.)। राजधानी जयपुर में पुलिस ने द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती पेपर लीक के मास्टर माइंड भूपेन्द्र सारण की पत्नी, उसके भाई की पत्नी और प्रेमिका सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी लोग जालोर के रहने वाले हैं। मानसरोवर और करणी विहार क्षेत्र स्थित मकानों पर दबिश के दौरान पुलिस को कई विश्वविद्यालयों व कॉलेजों की 40 से ज्यादा फर्जी डिग्रियां व सर्टिफिकेट बरामद हुए हैं। आरोपी भूपेन्द्र सारण भर्ती परीक्षाओं में नकल करवाने वाली अन्तर्राज्यीय गैंग का मुख्य सरगना है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा का उदयपुर में जो नकल गिरोह पकड़ा है, उसके मास्टर माइंड भूपेंद्र व उसके भाई गोपाल के प्लाट पर भी नकल से संबंधित कई विश्वविद्यालयों की फर्जी डिग्रियां व मार्कशीट बनाने व बेचने का कारोबार चल रहा है। ऐसा ही गोरखधंधा भूपेंद्र ने अपनी प्रेमिका प्रियंका विश्नोई के घर पर भी चला रखा

- **जयपुर में पुलिस ने करणी विहार और मानसरोवर क्षेत्र में दबिश दी।**
- **आरोपी भूपेन्द्र अन्तर्राज्यीय नकल गिरोह का सरगना है।**
- **आरोपी और उसकी प्रेमिका के घर से राजस्थान समेत कई राज्यों के विश्वविद्यालयों की 40 फर्जी डिग्रियां और सर्टिफिकेट बरामद हुए।**

है। इस पर पुलिस ने पूरी जानकारी जुटाई तो मालूम चला कि करणी विहार क्षेत्र के हीरापुरा स्थित रजनी विहार में भूपेन्द्र व उसके भाई का मकान है, जबकि मानसरोवर की गीतांजलि कॉलोनी में



*जयपुर पुलिस ने मानसरोवर व करणी विहार में दबिश देकर पेपर लीक गिरोह के मास्टरमाइंड भूपेन्द्र सारण की पत्नी व प्रेमिका सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया।*

भूपेंद्र की प्रेमिका प्रियंका विश्नोई का प्लॉट है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अजय पाल लांबा ने नकल गिरोह के सरगना भूपेन्द्र सारण के करणीविहार स्थित घर पर दबिश देने के लिये डीसीपी वंदिता राणा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रामसिंह, एसीपी आलोक कुमार और करणीविहार थानाधिकारी लिखमाराम और उनकी टीम को भेजा। यह टीम जब रजनी विहार स्थित प्लॉट नम्बर 67 पर पहुंची तो वहां पांच लोग भूपेन्द्र की पत्नी एलची सारण, उसके भाई गोपाल की पत्नी इंदुबाला, मोटाराम, दिनेश कुमार खीचड़, रमेश कुमार खीचड़ मिले। पुलिस ने जब घर की तलाशी ली तो वहां पर राजस्थान यूनिवर्सिटी समेत कई राज्यों के विश्वविद्यालयों व कॉलेजों की 18 मार्कशीट मिलीं।

इनमें ओपीजेएस चूरू तथा सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट (म.प्र.) की दो-दो मार्कशीट एवं जेएस यूनिवर्सिटी, शिकोहाबाद, (यू.पी.) की मार्कशीट शामिल थीं। जब इन डिग्रियों के बारे में पुलिस ने घर में मौजूद लोगों से पूछताछ की तो उन्होंने कबूल किया कि ये सभी फर्जी डिग्रियां उन्होंने भूपेन्द्र सारण के साथ मिलकर तैयार की थी। भूपेंद्र के बताये अनुसार भी लोगों को यह डिग्रियां बेची जा रही थीं। इस पर पुलिस ने सभी पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

वही दूसरी और भूपेंद्र की प्रेमिका प्रियंका विश्नोई के मानसरोवर स्थित मकान पर डीसीपी योगेश गोयल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त भरतलाल मीणा, एसीपी हरिशंकर व मानसरोवर थानाधिकारी दिलीप व उनकी टीम ने छापा मारा। पुलिस ने जब यहां तलाशी ली तो प्रियंका के पास श्रीनगर की इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड वोकेशनल ट्रेनिंग बड़गांव (जम्मू-कश्मीर) की 9 मार्कशीट, हिमालय यूनिवर्सिटी ईटानगर (अरूणाचल प्रदेश) की 3 मार्कशीट, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फायर एंड सेफ्टी इंजीनियरिंग नागपुर की 8 मार्कशीट तथा ओपीजेएस यूनिवर्सिटी चुरू की दो मार्कशीट बरामद हुईं।

पुलिस पूछताछ में प्रियंका विश्नोई ने बताया कि उसके पास ये डिग्रियां प्रेमी भूपेन्द्र सारण और उसके भाई गोपाल ने तैयार करके रखी थी। उनके बताये अनुसार रुपये लेकर यह डिग्रियां कई लोगों को बेची जानी थी। इस पर मानसरोवर पुलिस ने आरोपी प्रियंका उर्फ पिंकी को भी गिरफ्तार कर लिया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर. एन. आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908